सूर्योदय प्रातः 6:18 | सूर्यास्त संध्या 5:47 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. अष्टमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 27° न्यूनतम 16°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि
रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 20 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 11, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,939.18 | -28.21 (-0.04%) |
| निफ्टी | 22,932.90 | -12.40 (-0.05%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 86,260.00 |
| चांदी | 1080.00 |

## वायु सेना के राफेल फाइटर जेट हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से होंगे लैस



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय वायु सेना के 36 राफेल फाइटर जेट में से 10 विमान जल्द ही हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस हो जायेंगे। इस तकनीक के हासिल होने पर विमानों की रेंज भी बढ़ जायेगी और उन्हें ज्यादा दूर तक तैनात किया जा सकेगा। ईंधन भरने की क्षमता के लिए वायु सेना को ग्राउंड-आधारित उपकरण और सॉफ्टवेयर अपग्रेड प्राप्त होंगे। भारतीय नौसेना भी फ्रांस से 26 राफेल मरीन जेट खरीद रही है, जो हवा से जमीन पर और हवा से हवा में हमला करने में भी सक्षम हैं। भारत ने वायु सेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल फाइटर जेट हासिल किये हैं, जिनके लिए अंबाला एयरबेस पर और पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस पर दो स्क्वाड्रन बनायी गयी हैं। एलएसी पर

- भारतीय नौसेना फ्रांस के साथ 60 हजार करोड़ के सौदे में खरीद रही है 26 राफेल मरीन जेट

चीन से तनातनी के बीच भारत ने राफेल लड़ाकू विमानों को लद्दाख के फ्रंट-लाइन एयरबेस पर तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के हाशिमारा एयरबेस स्क्वाड्रन को सिक्किम से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। हाशिमारा बेस उसी विवादित डोकलाम इलाके के बेहद करीब है, जहां वर्ष 2017 में भारत और चीन की सेनाओं के बीच 75 दिन लम्बा टकराव हुआ था।

भारत के सभी 36 राफेल ऑपरेशनल होने के बावजूद इनमें हवा के मध्य ईंधन भरने की तकनीक नहीं थी। अब भारतीय नौसेना स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 26 राफेल मरीन विमान खरीद रही है। फ्रांस के साथ 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक का राफेल मरीन जेट सौदा भारतीय वायु सेना के 36 राफेल बेड़े की ईंधन भरने और अन्य क्षमताओं को उन्नत करने में भी मदद करेगा। इसके बाद वायु सेना के 36 राफेल फाइटर जेट में से 10 विमान जल्द ही हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से लैस हो जायेंगे। भारतीय वायु सेना इस तकनीक का उपयोग करके अपने राफेल ● शेष पृष्ठ 11 पर

### एक झलक

#### 25 वर्षों से छिप कर रहनेवाला बांग्लादेशी दम्पति गिरफ्तार

**मुम्बई :** एंटी टेरोरिस्ट स्कॉड (एटीएस) की टीम और पुलिस ने वसोर्वा में छापा मारकर एक बांग्लादेशी दम्पति को गिरफ्तार किया है। यह दम्पति पिछले 25 वर्षों से भारत के अलग-अलग हिस्सें में अवैध रूप से छिप कर रह रहा था और इन दोनों का एक 23 वर्षीय बेटा भी है। पुलिस ने बताया कि इन दोनों के बेटे को भी जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। वर्सोवा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन पवार ने बुधवार को मीडिया को बताया कि इकबाल अपनी पत्नी अदोरी के साथ लगभग 25 साल पहले काम की तलाश में अवैध रूप से भारत में आया था और मजदूरों के रूप में काम करना शुरू कर दिया था।

#### नशीली गोलियों का अवैध कारोबार, एनसीबी ने की छापेमारी

**हरिद्वार :** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की छापेमारी में हरिद्वार की एक फार्मा कम्पनी में नशीली गोलियों के अवैध कारोबार का खुलासा हुआ है। यह मामला पंजाब के ड्रग नेटवर्क से जुड़ा है, जहां पकड़े गये तस्करों से पूछताछ के बाद एनसीबी ने हरिद्वार स्थित जे आर फार्मा पर कार्रवाई की। एनसीबी ने पहले पंजाब में 60 हजार नशीली गोलियों के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि हरिद्वार की जे आर फार्मा में अवैध रूप से नशीली गोलियां तैयार की जा रही थीं। इसके बाद एनसीबी ने छापा मारकर करीब ढाई लाख नशीली गोलियां जब्त कीं और कम्पनी के दो कर्मचारियों को हिरासत में लिया।

#### देश की प्रगति के लिए गांवों का विकास जरूरी : शिवराज


**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को अफ्रीकी-एशियाई ग्रामीण विकास संगठन (एएआरडीओ) की कार्यकारी समिति के 77वें सत्र के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व बंधुत्व में विश्वास करनेवाला देश है। हम सभी प्राणियों में सद्भाव एवं विश्व कल्याण की भावना रखते हैं। भारत वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास करता है। यह हमें अपने घरों व अपने समुदाय, अपने देशों, अपने ब्रह्मांड से दूर जाने और पूरे ब्रह्मांड को एक परिवार के रूप में मानने के लिए कहता है। हमारे ऋषियों ने भी कहा है कि केवल हम ही नहीं, बल्कि सब सुखी, निरोग व सबका मंगल हो और सबका कल्याण हो, इसी भाव को मोदी सरकार अपनी धरती पर उतारने की कोशिश कर रही है। ललित होटल में आयोजित सत्र में चौहान ने कहा कि दुनिया का बहुत बड़ा हिस्सा अभी भी गांवों में बसता है।

### अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों...
5 प्रयागराज में महाकुम्भ मेला को लेकर धनबाद रेलवे...
7 230 जलसहिया व 60 एसएचजी महिलाएं हो रहीं...
9 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान...
10 न्यूजीलैंड ने बनाये 321 रन, 25 ओवर में पाकिस्तान 83/3...


### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति ने दी मंजूरी

## 05 राज्यों को 1554.99 करोड़ की मिलेगी केन्द्रीय सहायता



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित हुए पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) के अंतर्गत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का यह कदम, प्राकृतिक आपदाओं का सामना करनेवाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है।

उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को एनडीआरएफ के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं।

यह अतिरिक्त सहायता केन्द्र द्वारा राज्यों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से जारी की गयी धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान केन्द्र सरकार ने एसडीआरएफ में 27 राज्यों को 18,322.80 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ से 18 राज्यों को 4,808.30 करोड़ रुपये, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 14 राज्यों को 2208.55 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 08 राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये जारी किये हैं। केन्द्र सरकार ने आपदाओं के तुरंत बाद औपचारिक ज्ञापन की प्राप्ति की प्रतीक्षा किये बिना इन राज्यों में अंतर-मंत्रालयीय केन्द्रीय टीमों (आईएमसीटीएस) को भेज दिया था।

## रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री, आज लेंगी शपथ



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के नये मुख्यमंत्री पद को लेकर अंततः संशय खत्म हो गया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार की शाम पार्टी के दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में मुख्यमंत्री पद के लिए शालीमार बाग की विधायक रेखा गुप्ता के नाम का एलान किया गया। रेखा गुप्ता दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री होंगी। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा भी पेश कर दिया। वह 20 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में पद व गोपनीयता की शपथ लेंगी।

दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में बुधवार की शाम आयोजित विधायक दल की बैठक में नयी दिल्ली से विधायक प्रवेश वर्मा और रोहिणी से विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका सभी ने ध्वनिमत से समर्थन किया। इससे पहले शाम 07 बजे जब विधायक दल की बैठक शुरू हुई, तो भी शालीमार बाग से विधायक चुनी गयीं रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थीं। क्योंकि, देश में जिन भी राज्यों में अभी भाजपा सरकारें हैं, वहां कोई महिला मुख्यमंत्री नहीं है। बुधवार को विधायक दल की बैठक के लिए जब रेखा गुप्ता आयीं, तो मीडिया के सामने भी जीत का निशान (विक्ट्री साइन) दिखा कर सभी का अभिवादन स्वीकार कर रही थीं।

रेखा गुप्ता वैश्य समुदाय से आती हैं, जो दिल्ली में अच्छी खासी संख्या में हैं। वैश्य समुदाय को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### 'सोल' लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन कल

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार (21 फरवरी) को सुबह नयी दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे। सोल गुजरात में एक उभरता हुआ संस्थान है। 21 से 22 फरवरी तक चलनेवाला दो दिवसीय सोल कॉन्क्लेव एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहां राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक ● शेष पृष्ठ 11 पर

## गिरिडीह में सड़क हादसे में बैंक प्रबंधक समेत छह की मौत



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह-डुमरी मार्ग पर मंगलवार आधी रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कॉर्पियो और बाइक की टक्कर में बैंक मैनेजर समेत छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसा मधुबन थाना क्षेत्र के लट्टकट्टो इलाके में हुआ।

जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशाओं से आ रही थीं। इसी दौरान स्कॉर्पियो चालक लाइट की चकाचौंध से संतुलन खो बैठा। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी, फिर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा भिड़ी। घटना की सूचना मिलते ही डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार ने मधुबन थाना पुलिस को मौके पर भेजा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों से शवों को बाहर निकाला। एसडीपीओ सुमित कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतकों में चार स्कॉर्पियो सवार और दो बाइक सवार थे। इनमें से एक शव की अब तक पहचान नहीं हो पायी है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत अब कई क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है : डॉ. जितेन्द्र



**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत अब केवल एक अनुयायी नहीं रह गया है। वह वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रहा है तथा नवाचारों में पहल कर रहा है। उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में भारत द्वारा की गयी उल्लेखनीय प्रगति पर रोशनी डालते हुए कहा कि देश ने खुद को विश्व मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बुधवार को यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है, जिसमें महत्त्वाकांक्षी मिशनों और अंतरराष्ट्रीय सहयोगों में वृद्धि हुई है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) भारत की प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति का सबूत है, जो गगनयान, चंद्रयान-4 और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, भारत के आगामी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

उन्होंने कहा कि देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता, जिसने भारत को चंद्रमा ● शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड का 23 साल से फरार नक्सली कमांडर गिरफ्तार



फर्जी दस्तावेज के आधार पर 23 साल से रह रहा था यवतमाल में

एजेंसी

**मुंबई :** यवतमाल जिले के लकड़गंज इलाके से पुलिस ने झारखंड और छत्तीसगढ़ के एक भगोड़े नक्सली कमांडर को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से उस पर कड़ी नजर रख रही थी।

यवतमाल जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि उनकी टीम को गोपनीय जानकारी मिली थी कि तुलसी उर्फ दिलीप महतो फर्जी आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज के आधार पर पिछले 23 वर्षों से यवतमाल में ट्रक चालक के रूप में रह रहा था। पुलिस पिछले दो महीने से तुलसी पर कड़ी नजर रख रही थी। तुलसी 1993 में झारखंड में नक्सली समूह में भर्ती हुआ था। 1997 में उन्हें 'भितिया दलम' का डिवीजनल ● शेष पृष्ठ 11 पर

### ज्ञानेश कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त का सम्भाला पदभार



**नयी दिल्ली :** नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार सुबह 26वें चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) का पदभार सम्भाल लिया।

इससे पहले उन्हें सोमवार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था। मुख्य चुनाव आयुक्त रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। बुधवार की सुबह पदभार सम्भालने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रसेवा के लिए पहला कदम मतदान है।

### कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को खड़गे ने चेताया, कहा

## चुनाव परिणामों के लिए तय होगी जवाबदेही



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को यहां पार्टी के शीर्ष नेताओं से कहा कि वे सभी अपने प्रभारवाले राज्यों के संगठन और भविष्य में होनेवाले चुनावों के परिणामों के लिए जवाबदेह ठहराये जायेंगे। इसके साथ ही उन्होंने दलबदलुओं के खिलाफ भी चेतावनी दी।

खड़गे दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हुई शर्मनाक पराजय के बाद आज यहां इंदिरा भवन स्थित पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिवों और राज्य प्रभारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने पार्टी नेताओं से जमीनी स्तर पर काम करने और बूथ स्तर से पार्टी को मजबूत करने तथा ऐसे लोगों को बढ़ावा देने का आग्रह किया, जो ● शेष पृष्ठ 11 पर

### महाकुम्भ बना भारत का सबसे बड़ा आर्थिक आयोजन, स्थानीय व्यापार को भारी बढ़ावा

## 03 लाख करोड़ रुपये का व्यापार, आस्था से अर्थव्यवस्था तक का अद्भुत संगम



एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन महाकुम्भ ने व्यापार और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सी) के अनुसार इस बार के महाकुम्भ ने तीन लाख करोड़ रुपये (360 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक का व्यापार उत्पन्न किया है, जिससे यह भारत के सबसे बड़े आर्थिक आयोजनों में से एक बन गया है। सीएआईटी के महासचिव और सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि यह आयोजन आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे सम्बन्ध को दर्शाता है।

प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि शुरुआती अनुमान के अनुसार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने और 02 लाख करोड़ ● शेष पृष्ठ 11 पर

- कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार, प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किमी के दायरे में व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी
- अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मिली मजबूती
- आस्था और अर्थव्यवस्था के गहरे सम्बन्ध को दर्शा रहा यह महा आयोजन

#### पर्यटन, होटल और आवास सेवाएं

- खाद्य और पेय पदार्थ उद्योग
- परिवहन और लॉजिस्टिक्स
- पूजा सामग्री, धार्मिक वस्त्र और हस्तशिल्प
- हेल्थकेयर और वेलनेस सेवाएं
- मीडिया, विज्ञापन और मनोरंजन उद्योग
- स्मार्ट टेक्नोलॉजी, सीसीटीवी, टेलीकॉम और एआई आधारित सेवाएं

## एक झलक

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मिले एके आजाद सेवा संस्थान के प्रतिनिधिमंडल



**बुढ़मू :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर तारिक अनवर से एके आजाद सेवा संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य से संबंधित चर्चाएं की। और बुढ़मू खलारी तथा हिंदगीर मुख्य मार्ग पर आए दिन एक्सीडेंट पर चिंता जाहिर करते हुए हर पंचायत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने की बात कही। साथ ही बुढ़मू सी एच सी प्रभारी बनाए जाने पर बधाई दी। मौके पर ए के आजाद सेवा संस्थान के अध्यक्ष गुलशन राजा, सचिव नौशाद अशरफ, निर्मल साहू, साकिर हुसैन, विनीता तिर्की, मुस्ताक अंसारी, जसीम खान, जावेद अंसारी, इस्तियाक अंसारी, तबरेज अंसारी, तनवीर अंसारी, गुफरान अंसारी इत्यादि लोग शामिल हुए।

### सोनेट क्लब के प्रथम सिन्हा का जिला अंडर-23 टीम में हुआ चयन



**बुंडू :** सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के प्रथम सिन्हा का चयन खूंटी जिला अंडर-23 टीम में हुआ हैं। प्रथम 20 फरवरी को लातेहार में मैच खेलने के लिए प्रस्थान करेगा।प्रथम सिन्हा रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा का भांजा हैं। सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के निदेशक जितू कुमार ने कहा कि प्रथम सिन्हा का जिला अंडर-23 टीम में चयन से बुंडू जैसे ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षु क्रिकेटर उत्साहित हैं। प्रथम का चयन उनकी कड़ी लगन व मेहनत का परिणाम है। उन्होंने पांच परगना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उनके मित्रों एवं परिवार के साथ मैं भी गौरन्वित हूं। उनके चयन पर क्लब के कोच अहसान अंसारी, विनय राणा,एसपी गौतम, चंचल भटचार्य, अजात शत्रु, सुब्रोतो गोष, राजेश गुप्ता, जितेश सिंह, विष्णु स्वांसी, चंद्रकांत महतो, शिव महतो,सुनीता लोदा, सीमा सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### बेड़ो थाना में शांति समिति की बैठक आज

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शांति व्यवस्था को लेकर बेड़ो थाना परिसर में गुरुवार को अपराह्न तीन बजे से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने इस बैठक में थाना क्षेत्र के सभी समाजसेवियों प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों व शांति समिति के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रशिक्षित सीआरपी बीआरपी संघ ने स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के मंत्री से की मुलाकात

**बुढ़मू :** प्रशिक्षित सीआरपी बीआरपी संघ झारखंड के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के मंत्री से मुलाकात किया और एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार बीईईओ, सहायक शिक्षा अधीक्षक आदि की सीधी भर्ती में उम्र में 58 वर्ष तक की छुट सहित 50 फिसदी आरक्षण, राज्य कार्यकारीणी के 38वीं बैठक में लिए गए निर्णय को लागू किया जाय, योग्यताधारी सीआरपी बीआरपी को वेतनमान सहित अन्य सुविधा दी जाय, प्रशिक्षित व अप्रशिक्षित सीआरपी और बीआरपी के मानदेय में 30 फिसदी का अंतर हो साथ ही मानदेय में तत्काल 30 फिसदी की बढ़ोतरी की जाय। मौके पर बहादुर महतो, कामेश्वर चौधरी, सुकेश कुमार, सुभाष साव, कृष्ण कुमार साहु, पवन कुमार तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### सुषमा देवी बनी बुढ़मू प्रखंड का महिला व बाल विकास विधायक प्रतिनिधि

**बुढ़मू :** कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने तुरमुली निवासी और झामुमो के महीला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा देवी को बुढ़मू प्रखंड का महिला एवं बाल विकास विधायक प्रतिनिधि बनाया है। मौके पर उपस्थित झामुमो नेता शमीम बड़ेहार,गौरी शंकर महतो, रत्नेश्वर गिरी,आरती देवी, सुनीता देवी, चिंतामणि आदि ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

## रामगढ़ उपायुक्त ने की जिला स्तरीय जल व स्वच्छता समिति की बैठक

# गर्मी के दिनों में नियमित जलापूर्ति करें सुनिश्चित : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में बुधवार को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष गर्मी के मौसम में जिलेवासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य करने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन-तीन जलापूर्ति योजनाओं को चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जानी है। इस संबंध में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हो रहे प्रतिवेदन के आधार पर सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं सहित अन्य को पंचायत वार टैग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा उपायुक्त के समक्ष कार्यालय में कर्मियों के कमी की बात को रखा गया जिस पर उपायुक्त ने आउटसोर्स के माध्यम से



प्रखंड समन्वकों की नियुक्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं ओडीएफ प्लस गतिविधियों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 74 वैसे गांव जिनकी वर्तमान में ओडीएफ प्लस के तहत किसी भी स्तर में रैंकिंग नहीं की गई है उन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द से सोखता गड्ढा का निर्माण सभी गांव में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने जो गांव मॉडल घोषित हो गए हैं उनके सत्यापन का कार्य अगले 15 दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू अंतर्गत बनाए जाने वाले शौचालय की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को प्रेरित करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य के अनुरूप शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि गांव में कचरा प्रबंधन हेतु वर्तमान में 66 ई रिक्शा क्रय किया गया है जिनमें 8 वाहनों का संचालन किया जा रहा है इस पर उपायुक्त में कार्यपालक अभियंता को सभी 66 वाहनों का संचालन शुरू करने को लेकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय करते हुए कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र निर्माण के संबंध में जानकारी देने के क्रम में कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के मांडू एवं गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र का निर्माण किया जाना है जिसमें मांडू प्रखंड में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं विद्युत कनेक्शन होने के उपरांत केंद्र का संचालन शुरू किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द विद्युत कनेक्शन सुनिश्चित करते हुए केंद्र का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही गोला प्रखंड में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट केंद्र के निर्माण हेतु अंचल अधिकारी गोला के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिन गांवों में 80 से 99% तक जलापूर्ति कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण हो गया है, उन गांव में विशेष ध्यान देते हुए शत प्रतिशत घरों में जलापूर्ति कनेक्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## उपायुक्त ने मनरेगा की योजना में अनियमितता पर राशि वसूली के दिये आदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** मांडू प्रखंड के छोटकी डुंडी पंचायत के बड़की डुंडी में मनरेगा अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना में अनियमिता का मामला सामने आया है। जिसे लेकर उपायुक्त चंदन कुमार ने योजना की राशि वसूल करने का आदेश दिया है। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मांडू ऋत्विक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मांडू महेश कुमार, रोजगार सेवक नरेश रविदास, पंचायत सेवक सुमित कुमार और मुखिया छोटकी डुंडी पंचायत राम सेवक राम से स्पष्टीकरण पूछा है।



गौरतलब हो कि मांडू प्रखंड के छोटकी डुंडी पंचायत अंतर्गत बड़की डुंडी गांव में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत कम मानव दिवस सृजित किए गए और कार्य अधूरा रहने के बावजूद राज्य योजना मद की राशि का भुगतान कर दिया गया है। बताया जाता है मामले को लेकर राशि की वसूली की जाएगी और अनियमितता में शामिल सभी लोगों कार्रवाई भी हो सकती है।

## सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने किया योग व ध्यान कार्यशाला का आयोजन

# नियमित योग व ध्यान को अपनाने की दी प्रेरणा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), रजरप्पा क्षेत्र द्वारा खनिकर्म से जुड़े कर्मियों की उत्पादकता एवं मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से योग एवं ध्यान के माध्यम से मानव उत्पादकता में वृद्धि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के निदेशक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने भाग लिया। भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान से आचार्य अमरेश झा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में रजरप्पा, अरगड़ा, बरका-सयाल, कुजु, हजारीबाग एवं सीआरएस बरकाकाना से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र श्री कल्याणजी प्रसाद ने सभी महानुभावों का पुष्पगुच्छ एवं शाल से स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्मियों को नियमित योग एवं ध्यान को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल तनाव प्रबंधन में सहायक होता है, बल्कि शारीरिक एवं मानसिक स्फूर्ति बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होता है। मुख्य प्रशिक्षक अजय कुमार सिंह एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों को योग एवं ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन एवं शारीरिक स्फूर्ति बनाए रखने के उपायों पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला के दौरान कर्मियों को विभिन्न योग मुद्राओं एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास भी कराया गया।

## झारखंड पब्लिक स्कूल में विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** बुधवार को झारखंड पब्लिक स्कूल केदल मे विज्ञान व कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो0 फिरोज अंसारी ने बताया कि वर्ग एक से नवम के छात्र छात्राओं ने मॉर्डन विलेज, मॉर्डन सिटी , पर्यावरण प्रदुषण ,जल संरक्षण, सौर मंडल, मानव कंकाल तंत्र,रेन वाटर हार्वेस्टिंग, तथा ज्वाला मुखी के अलावे बहुत सारे मॉडल प्रस्तुत किया। प्रथम पुरस्कार प्रीति कुमारी के ग्रुप मॉर्डन सिटी को, द्वितीय पुरस्कार तमन्ना व ग्रुप के तितली का जीवन चक्र, तथा तृतीय पुरस्कार रौनक परवीन के ग्रुप रेन वाटर हार्वेस्टिंग को चुना गया। विद्यार्थियों ने बड़ी जोश व उत्साह के साथ अपने अपने मॉडल को प्रस्तूर किये।इस मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाध्यापक तारिक अनवर रेशमा खातून, रंजीत कुमार, दिव्या सोरेंज, पिंकी शर्मा अमित कुमार नौशाद अंसारी व बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## दुलमी प्रखंड में पुल निर्माण में भारी अनियमितता, विधायक ने किया औचक निरीक्षण

# सरकारी पैसे की बंदरबांट नहीं होने देंगे : विधायक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड के सिकनी और चितरपुर के मध्य कोची नदी पर ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़ द्वारा 2 करोड़ 57 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पुल तथा सिकनी से चितरपुर रेलवे लाइन के समीप कोची नाला पर 3 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे पुल का आज स्थानीय विधायक ममता देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं पायी गयीं।



**मुख्य अनियमितताएं**

- क्लासिक इजिकॉम द्वारा निर्मित पुल में स्लैब की मोटाई मात्र 4 इंच पाई गई, जबकि मानक अधिक होना चाहिए था।
- छड़ की दूरी 14 इंच पाई गई, जो तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं है।
- गार्डवाल की ऊंचाई 3 मीटर के स्थान पर मात्र 1 मीटर बनाई गई।
- पीसीसी ढलाई मात्र 4 इंच की पाई गई, और कास्टिंग के समय क्यूब टेस्ट के लिए नमूने नहीं लिए गए।
- मैहर कंस्ट्रक्शन द्वारा किए जा रहे पुल निर्माण कार्य में रिजेक्टेड सीमेंट का उपयोग देखा गया।
- निर्माण में धूलभरी बालू (धुशबाऊ) का प्रयोग करते पाया गया।
- गढ़वाल निर्माण में मानक विहीन पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा था। पुल निर्माण में उपयोग की जा रही सड़क सामग्री की मात्रा भी कम पाई गई।

इन सभी गड़बड़ियों को देखते हुए विधायक ममता देवी ने मौके पर मौजूद जेई को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिया कि पुल निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले की जांच राज्य स्तरीय विभागीय टीम से कराई जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जल व विद्युत पदाधिकारियों के साथ खिजरी विधायक ने की समीक्षात्मक बैठक

# सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर दिखनी चाहिए : राजेश कच्छप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय ओरमांझी में खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप के अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय दो विभागों के अधिकारियों एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में आवास योजना,उर्जा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं अन्य विभागों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। विधायक राजेश कच्छप ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा सरकार की सभी योजनाएं धरातल पर दिखना चाहिए. कोई भी योजना अपूर्ण नहीं होना चाहिए आम जनता को सभी योजनाओं का लाभ मिल सके।




पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता को निर्देश दिया कि सभी गांवों में जल नल योजना को अतिशीघ्र पूर्ण किया जाय। राजस्व में सभी आनलाइन सुधार करने के लिए विशेष ध्यान देने की निर्देश दिया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी,जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा,प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, अंचल अधिकारी उज्जवल सुरेन, सीडीपीओ लक्ष्मी भारती एसडीओ बिजली बिभाग अनिल कुमार शर्मा, पेयजल अभियंता दिव्या कुजूर, अमाल खान एवं सभी पंचायत के मुखिया संघ के अध्यक्ष दिपक बडाइक,पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## बेड़ो में 413 छात्रों के बीच साइकिल का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को आठवीं क्लास के छात्रों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत सचिव करमु कंडीर ने कहा कि छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है, जो छात्रों के शैक्षणिक उन्नति में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र योजना से प्राप्त साइकिल से समय की काफी बचत कर समय पर स्कूल पहुंचेंगे। उन्होंने ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के ईंटा,गडरी, तुको व चरका पत्थर, खुरा टोली, जरिया, पुरियो कन्या, करांजी, नेहालु, खुखरा पहाड़ कंडरिया स्कूलों के छात्रों के बीच कुल 413 साइकिलों का वितरण किया गया। मौके पर शिक्षक विकास नारायण सिंह, सुखनाथ कुम्हार, मोइन खान मौजूद थे।

## चोरी की स्कूटी-बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** चोरी का स्कूटी और बाईक के साथ खलारी थाना क्षेत्र के डकरा निवासी विशाल कुमार तुरी उर्फ फोलो मिंज और बरियातु थाना क्षेत्र के देशवाली टोला निवासी समीर मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान तीरू फॉल के पास तेज गति से आ रही



बाइक व स्कूटी को रोकने के लिए इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक और स्कूटी सवार बाईक और स्कूटी को छोड़कर जंगल की ओर भागने लगे। पीछा करके पुलिस ने दोनों को पकड़कर पुछताछ करने पर दोनों ने बताया कि यह दोनों गाड़ी चोरी का है और खलारी क्षेत्र में बेचने के लिए ले जा रहे है। इसके बाद दोनों को बाईक और स्कूटी से साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## तीन दिवसीय अखंड हरि संकीर्तन आयोजित करने का निर्णय



**बुंडू :** तमाड़ स्थित पंडिदिरी गांव के राधारानी मंदिर परिसर में मुखिया लक्ष्मीकांत सिंह मुंडा की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई।बैठक में आगामी 6, 7 एवं 8 मई को तीन दिवसीय अखंड हरी नाम संकीर्तन महायज्ञ आयोजित करने की निर्णय लिया गया। बैठक में राधारानी मंदिर निर्माण में सब की सहभागी भूमिका एवं योगदान पर भी चर्चा की गई।बैठक मे मुख्य रूप से हीरा दास अशोक दास, निताई गौतम, बिरेन साहू, अमित गुप्ता, मनोरंजन गुप्ता, आशीष गुप्ता पंचम बड़ाईक, पीताम्बर प्रामाणिक, ठाकुर स्वांसी,प्रताप दास, सुधीर दास, पिंटू दास,,सूरज दास, बबलू दास एवं सोमेश्वर दास आदि उपस्थित थे।

## ए ला एंगलाइज स्कूल के वैभव राज ने जेईई मेन्स में पाया 98.99 परसेंटाइल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** ए ला एंगलाइज विद्यालय के मेधावी छात्र वैभव राज ने प्रतिष्ठित जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। वैभव राज नेम जेईई मेंस परीक्षा में 98.99 परसेंटाइल का स्कोर हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। वैभव ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने उनकी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वैभव राज की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि जीवन में कठिनाइयों का सामना करना और उन पर विजय पाना ही सच्ची जीत है । शिक्षकों और माता-पिता ने भी उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। विद्यालय परिवार की ओर से वैभव राज को हार्दिक बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई है।



## सिकनी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर : ममता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड के सिकनी में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का समापन मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी तथा विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, महताब राही एवं तनवीर अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं बल्लेबाजी करते हुए मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबला होन्हे बनाम सिकनी के बीच खेला गया, जिसमें होन्हे की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 81 रन बनाए। जवाब में सिकनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं मेडल विधायक के द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए आश्वासन दिया कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट से क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा। बीस सूत्री अध्यक्ष ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है, और इस तरह के आयोजन से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। मौके कांग्रेस नेता मोजाहिद, दानिश रजा, अशरफ अली, शमशाद आलम, पिन्टू कमरान, ईन्जी अरशद, शमसुल, उतम महतो, युगल किशोर महतो, रामप्रसाद महतो सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे खेल प्रेमी, ग्रामीण व उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया गया।




## बेड़ो में अनियमित विद्युत आपूर्ति व लो वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से लगातार अनियमित विद्युत आपूर्ति व लो वोल्टेज ने बेड़ो के उपभोक्ताओं का जीना दूभर कर दिया है। अनियमित बिजली का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। दिनभर में कई घंटे बिजली नदारद रही। जिस कारण आमजनों के साथ-साथ छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं प्रखंड के 17 पंचायत के सूदूरवर्ती गांवों के लोग भी कई दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज से परेशान हैं। इसकी शिकायत करने के वावजूद विभागीय स्तर पर उसे दुरुस्त करने का कोई कारगर उपाय नहीं किए जाने पर उपभोक्ताओं के बीच विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों सरकार के 24 घंटे बिजली देने के दावे के बीच मात्र पांच से छह घंटे ही बिजली मिल पा रही है। वह भी नियमित नहीं है। बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज रहने के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। बिजली विभाग के उदासीनता से आक्रोशित उपभोक्ता अब आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं।

## एक झलक

### आरुणि ने एसआर डीएवी का बढ़ाया मान



रांची : राजधानी रांची के पुंदाग स्थित एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल (बैच 2022) के पूर्व छात्र आरुणि प्रसाद ने एनसीसी (नेवी विंग) में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से अपने विद्यालय का नाम रौशन किया है। आरूणी को एनसीसी में ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट (5वां स्थान) झ नेवी विंग मिला है। इसके अलावा उन्हें सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल के लिए ऑल इंडिया स्पॉन्सर्ड कैडेट के रूप में चयन किया गया है। अरूणी का चयन 50 मीटर श्रेणी में देश के शीर्ष 15 सर्वश्रेष्ठ शूटरों में हुआ है। उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए भी किया गया है। आरूणी की कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने भावी कैडेट्स के लिए एक नया मापदंड स्थापित किया है। विद्यालय के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने आरुणि प्रसाद को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने आरुणि प्रसाद को विद्यालय के एनसीसी विंग के छात्रों को मार्गदर्शन देने और प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आरुणि प्रसाद की सफलता एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में कार्य करती है और उनका मार्गदर्शन निश्चित रूप से अन्य कैडेट्स की आकांक्षाओं को ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल

रांची : झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की । शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाए रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### बाबूलाल मरांडी ने संगम में लगायी आस्था की डुबकी

रांची : उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दिव्य और भव्य महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार आ रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ में संगम तट पर आस्था और श्रद्धा की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में लोग जाति और धर्म से ऊपर उठकर पवित्र संगम में डुबकी लगा रहे हैं ।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा देश भर से युवा पूरे उत्साह के साथ डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं, जो सुखद है। इस मौके पर उन्होंने समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगल कामना की ।वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मईया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।"

### 23 फरवरी को होगी राजद विधायक दल की बैठक

रांची : प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल की बैठक 23 फरवरी को होगी। यह बैठक हरमू बाईपास रोड स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शाम चार बजे से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि राजद विधायक दल की अध्यक्षता राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में राज्य सरकार के कामकाज, राज्य में संगठन के विस्तार और इसकी मजबूती समेत अन्य कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# तय समय में लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार रांची जिला के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल, स्वच्छता, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन और सहकारिता, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग तथा नगर विकास विभाग की ओर से जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। जाली मुद्रांकों की बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को तय समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। साथ ही कायार्देश जारी होने के बाद किसी वेंडर की ओर से काम में अनियमितता बरते जाने पर उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने मौके पर अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

## 73 बड़े बकायादारों से 2.33 करोड़ की वसूली को निगम ने कसा शिकंजा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रांची नगर निगम होल्डिंग टैक्स के बडे. बकाएदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। निगम के प्रशासक ने पत्र जारी कर कहा है कि रांची में ऐसे 73 बडे. बकायादार हैं, जिनपर निगम का 2.33 करोड़ रुपये होल्डिंग टैक्स बकाया है। पत्र में कहा गया है कि निगम ने पूर्व में 100 प्रमुख बकायादों को नोटिस जारी कर होल्डिंग जमा करने को कहा था, लेकिन इनमें से केवल 27 ने ही बकाया होल्डिंग की राशि जमा कराई है। शेष 73 लोगों ने बकाया जमा नहीं कराया है। निगम की ओर से इन बडे. बकायादारों का नाम भी बताया है, जिसमें मुख्य रूप से मेसर्स बीआईटी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मोदस्सशर, हुसैन, दानिश, शीला देवी पोददार, मंजुला देवी, चिकित्सक संघ, डॉक्टर क्लिब, छोटानागपुर पब्लिक स्कूल, सुखनाथ महतो, बिनोद प्रकाश सिंह, जय प्रकाश सिंह और अन्य, सरोज देवी शर्मा, सुबोध कुमार प्रसाद, बीआईटी मेसरा, शुत्रुघ्न सिंह समेत अन्य का नाम शामिल है। वहीं निगम ने कहा है इन 73 बडे. बकायादारों को गुरुवार को अंतिम नोटिस जारी किया जाएगा। यदि तीन दिनों के भीतर टैक्स जमा नहीं कराते हैं तो इनकी जलापूर्ति और कूड़ा उठाव जैसी अन्य जरूरी सेवाएं बंद कर दी जाएगी।

## जिला प्रशासन की टीम ने ई-स्टांप का किया सत्यापन

रांची : रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने बुधवार को निबंधन कार्यालय और कचहरी परिसर में स्टांप वेंडर की ओर ई स्टांप की बिक्री का औचक सत्यापन किया गया। इस दौरान स्टांप के जीआरएन नंबर, मूल्य समेत अन्य का सत्यापन किया गया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी मो जफर हसनात और असीम बाड़ा ने निबंधन कार्यालय परिसर एवं कचहरी स्थित वकालतखाना परिसर में स्टांप वेंडरों की ओर से की जा रही ई-स्टांप की बिक्री का सत्यापन किया। इस दौरान जांच में ई-स्टांप सही पाए गए। ई-स्टांप की जांच के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने विभिन्न वेंडरों की ओर से बिक्री किये गए लगभग 25 ई-स्टांप की जांच की गई।

## रांची में होली पर कवि सम्मेलन, हास्य व्यंग्य और वीर रस की होगी बौछार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : राजधानी रांची में हर साल होली के अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन करने वाली समिति इस वर्ष भी काव्य रसिकों के लिए विशेष आयोजन कर रही है। 12 मार्च को रात 9 बजे हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस की कविताओं का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में समिति के मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध कवि जानी बैरागी, सुनील पाल, भुवन मोहिनी, रमेश मुस्कान, गौरव चौहान और शशिकांत यादव सहित कई कवि रात भर लोगों को अपने हास्य व्यंग, वीर रस तथा श्रृंगार रस की कविताओं से गुदगुदाएंगे। वहीं समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया ने बताया कि आयोजन स्थल पर सभी तरह की सुरक्षा की व्यवस्था होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजन स्थल पर जलपान की भी व्यवस्था होगी। वहीं पूर्व अध्यक्ष ललित पोद्दार ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है । पूर्व अध्यक्ष विनोद जैन ने रांची के सभी कविताप्रेमियों से कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

## ऑरोरा 2025 खेल महोत्सव के मुकाबले में खो-खो व रस्साकस्सी का फाइनल

# खिलाड़ियों ने किया बेहतरीन खेल का प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : ऑरोरा 2025 खेल महोत्सव के आज दूसरे दिन के मुकाबले में खो खो और रस्सा कस्सी का फाइनल बहुत ही संघर्ष पूर्ण रहा खो खो की लड़कियों के मुकाबला में टीम चेस वारियर्स ने खट्टी टॉफी को पराजित कर चेम्पियन बनी वही लड़को के सेमीफाइनल मुकाबले और फाइनल मुकाबला भी बहुत ही संघर्ष भरा खेल का प्रदर्शन देखा गया फाइनल मुकाबले में टीम गांडीव को हरा टीम सील्ड ने खिताब अपने नाम किया फाइनल मुकाबला में प्रांजल, मोहित , विनीत गुप्ता, हर्षित, सुमित आयुष और अविष्कार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल के मुकाबला में आज अतिथि के रूप में विशेष रूप से जयपुर बी आई टी के निदेशक डॉ पीयूष तिवारी उपस्थित हुए उनके साथ लालपूर के प्रभारी डॉ प्रणव कुमार खेल संयोजक डॉ संदीप शाहदेव, डॉ आशुतोष मिश्रा मनोज गिरी डॉ अमृता प्रियम , डॉ संजय कुमार सुश्री सोनी कुमारी, एलिस टोप्पो मिनी दुबे , अनामिका , सरिता , डॉ अपर्णा शुक्ला, दीपक मिश्रा सहित काफी संख्या में छात्र छात्राओं ने दर्शकों के बीच काफी उत्साहित होकर खेलाडियो का हौसला बढ़ाया। कल से दो दिवसीय अरोरा25 का आयोजन होने जा रही हैं जिसमे स्वादिष्ट व्यंजन डांस, पेंटिंग, पारम्परिक परिधान, सहित अनेकों कार्यक्रम की जोरदार तरीके से तैयारी चल रही है इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ आशुतोष मिश्रा ने बताया कि कल से पूरे लालपूर इक्ळ परिसर पूरी तरह से युवाओं को समर्पित रहेगा।

## मैराथन बैठकें करने 21 को रांची आयेंगे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू पांच दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के तहत 21 फरवरी को राजधानी रांची पहुंचेंगे। वह दोपहर दो बजे से रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन के सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद वे 22 फरवरी को रांची से चाईबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां सुबह 11 बजे चाईबासा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की ताजा स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश प्रभारी 23 फरवरी की सुबह 10.30 बजे बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की बैठक में भी भाग लेंगे। इसके बाद 11.30 बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। दो बजे से वे कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन और उसके अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे, फिर शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे एवं रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रांची के लिए प्रस्थान करेंगे। 25 फरवरी को रांची जिला के लापुंग, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची नगर और ग्रामीण के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर शाम चार बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचेंगे। प्रदेश प्रभारी शाम 6.30 बजे रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पर काम करें मुखिया : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री बुधवार को रांची के शहीद चौक स्थित अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में आयोजित मुखिया सम्मेलन में शामिल हुए। यह कार्यक्रम जिले के सभी मुखिया के उन्नमुखीकरण के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी मुखिया से कहा कि आप सभी स्कूलों में शत प्रितशात बच्चों की उपिस्थित के लिए काम करें। शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। साथ ही विद्यालय के शिक्षा में कैसे सुधार हो, 100 प्रतिशत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कैसे हो, इस पर ध्यापन दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मुखिया के फंड से जो काम किये जा रहे हैं उस पर उनसे सहभागिता निभाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी मुखिया नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालय की गतिविधियों का सामाजिक अनुश्रवण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा मिले, इस पर सभी संबंधित पदाधिकारी और शिक्षकों को ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए 19 मुखियाओं को उपायुक्त ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आप सबकी सहभागिता से कई बच्चें स्कूल जा रहें है। प्रायः देखा जाता था कि ग्रामीण क्षेत्र में बच्चे विद्यालय न जा कर अन्य कार्यों में अपने परिजनों के साथ काम कर रहे हैं। इससे ऐसे बच्चों का शिक्षा सही तरह से नहीं हो पाता था, लेकिन, सबकी सहभागिता से अब ऐसे बच्चे भी स्कूल जा रहें है। इससे शिक्षा में काफी बदलाव आया है। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज, जिला परिषद अध्यक्ष, निर्मला भगत, उपाध्यक्ष, वीणा चौधरी और जिला के निर्वाचित सभी प्रखंडों के मुखिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, राजेश कुमार साव, समेत अन्यम मौजूद थे।

## आरडीसीआईएस सेल रांची व इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर ने 58वीं रोलिंग मिल्स संचालन समिति का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : आरडीसीआईएस, सेल, रांची और इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर द्वारा बर्नपुर क्लब में दो दिवसीय 58वीं रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आरएमओसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य रोलिंग मिल के प्रदर्शन में सुधार करके विभिन्न रोल्ड उत्पादों की लागत को कम करना था। रोलिंग मिल्स ऑपरेटिंग कमेटी (आर. एम. ओ. सी.) पूरे भारत में इस्पात उद्योग के भीतर विभिन्न रोलिंग मिलों के इंजीनियरों और विशेषज्ञों को एकजुट करने वाले एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य करती है। इस गतिशील गठबंधन में सेल, टाटा स्टील, आरआईएनएल, जेएसडब्ल्यू, जेएसपीएल, जेएसएल, एएमएनएस, एनएमडीसी स्टील और मेकॉन जैसी प्रमुख संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हैं। आर. एम. ओ. सी. की 58वीं बैठक एक महत्वपूर्ण सभा थी, जिसमें देश भर के विभिन्न इस्पात संयंत्रों के 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सभा का प्राथमिक ध्यान रोलिंग मिलों के प्रदर्शन को बढ़ाने, इस्पात उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, लागत में कमी हासिल करने, डिजिटलीकरण को आगे बढ़ाने और रोलिंग प्रक्रिया के दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रथाओं को लागू करने के उद्देश्य से विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करना था।

## राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल का दल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद स्थित 'पहला कदम' दिव्यांग स्कूल के छात्र और विद्यालय परिवार के सदस्य राजभवन में मिले। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे पहले ही इस संस्थान का भ्रमण कर चुके हैं और इसके कार्यों से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिव्यांगों के सशक्तिकरण और समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें दिव्यांग संबोधित किया गया, जो दिव्यांगजनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। राज्यपाल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में सहयोग करें। वहीं विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह संस्थान मात्र दो बच्चों के साथ शुरू हुआ था और आज यह दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्वावलंबी बनाने का काम कर रहा है।

## छोटानागपुर गर्ल्स स्कूल, थरपखना में जागरूकता कार्यक्रम

# फेसबुक व ईंस्टाग्राम के उपयोग से बच्चों को बचायें : तनुश्री सरकार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : बुधवार को डालसा सचिव के निर्देश पर छोटानागपुर गर्ल्स स्कूल, थरपखना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सी.डब्ल्यू.सी. की चेयरपर्शन, तनुश्री सरकार, लॉटरी क्लब के सदस्य एवं डालसा के पीएलवी सम्पा दास व प्रीति पाल उपस्थित थे। जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी, बाल श्रम एवं बाल शोषण तथा साईबर क्रम के बारे में लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए तनुश्री सरकार ने कहा कि बाल श्रम कानूनन अपराध हैं बच्चों से काम करने के बजाय उन्हें पढ़ाये ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। मानव तस्करी पर कहा कि अपराधियों को द्वारा चोरी-छूपे बच्चों को अपहरण कर एक राज्य से दूसरे राज्य ले जाया जाता हैं और उन्हें बेच दिया जाता है। और उनके साथ शारीरिक शोष भी किया जाता है। साईबल क्राई के बारे में बोली कि फेसबूक और ईंस्टाग्राम का उपयोग बच्चों को न करने दें। पीएलवी सम्पा दास ने नशा के बारे में फोकस करते हुए बोली कि युवाओं को नशा से बचना चाहिए नशा से तन-मन और धन की हानि होती हैं। पूरा घर परिवार बरबाद हो जाता है। पीएलवी प्रीति पाल ने बच्चों के कानून तथा उनके अधिकार और कर्त्तव्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रिम्स और सदर अस्पताल में पीएलवी नियुक्त हैं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वह पीएलवी से मदद ले सकते है।

## टेक्निकल छात्र संघ ने की झारखंड प्रौद्योगिकी विवि के प्रभारी कुलसचिव से मुलाकात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : टेक्निकल छात्र संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव निशांत कुमार से मिला। इस दौरान विश्वविद्यालय के करिकुलम डायरेक्टर स्नेह भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छह माह विलंब से चल रही एमबीए, एमटेक, बीटेक की परीक्षाओं के बारे में अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय में कोई काम नहीं हो रहा है। बीटेक छठे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में ही हुई है, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं आया है। उन्होंने कहा कि दो दिनों पूर्व सातवें सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी गई है। इससे छात्र परेशान हैं। एमबीए की भी परीक्षा हुए तीन माह हो गए हैं, लेकिन अब तक रिजल्ट नहीं निकाला गया है।



प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी किसी भी सेमेस्टर की परीक्षा का रिजल्ट जारी करने से एक सप्ताह पहले रिजल्ट से मिलता जुलता प्रोविजनल रिजल्ट कॉलेजों को भेजता है और यहां के कर्मचारी छात्रों से पास कराने के एवज में पैसा लेते हैं।

## ओरमांझी प्रखंड के चारू पंचायत भवन में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

# बाल श्रम व बाल विवाह एक अपराध : कविता कुमारी खाती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : जस्टीस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर जागरूकता कार्यक्रम के तहत बुधवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता कविता कुमारी खाती, पीएलवी शिला तिग्गा, किरण कुमारी, आशीष बैठा, जगमोहन मुंडा, रामजीत महतो, संतोष कुमार गंझू, दीपक गंझू एवं राजा वर्मा, उपस्थित थे। एलएडीएस अधिवक्ता, कविता कुमारी खाती ने बाल विवाह व बाल श्रम पर फोकस करते हुए बोलीं कि अभिभावक अपने बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, पहले उन्हें पढ़ाये, ताकि वे अपने पैरों में खड़ा हो सके। इसके अलावा उन्होंने बाल विवाह संबंधित कानूनन व रोकथाम के बारे में भी विचार रखीं। बाल श्रम पर बोलीं कि छोटे बच्चों से काम करना कानूनन अपराध हैं। मजबूर बच्चों को जागरूक करें और उसे स्कूल भेजे। आगे श्रीमती खाती ने आगमी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विशेष लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दहेज लेना व देना कानूनन अपराध है। इसके अलावा उन्होंने आगामी 08 मार्च को आयोजित हानेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। पीएलवी किरण कुमारी व शिला तिग्गा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसके अलाव कविता कुमारी खाती ने बाल विवाह, डायन बिसाही, बाल श्रम एवं नशा उन्मूलन पर भी चर्चा की। उन्होंने युवाओं को नशा न करने की सलाह दी कहा कि नशा से बचे और सारा समय अपने भविष्य को संवरने में लगाये। बाल विवाह अपराध हैं, इसमें सजा का भी प्रावधान है। किसी भी महिला या पुरुष को डायन-बिसाही कहकर संबोधित करना भी अपराध के दायरे में ही आता है। उन्होंने थाना में नये पीएलवी की नियुक्ति के काम पर भी चर्चा किये और नालसा टॉल फ्री नम्बर के बारे में भी जानकारी दी। पीएलवी संतोष कुमार और आशीष बैठा ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी। पीएलवी दीपक गंझू ने ग्रामीणों को डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में भी बताया। जगमोहन मुंडा, रामजीत महतो एवं संतोष कुमार गंझू ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। यह भी ज्ञात हो कि श्रीमति खाती ने एमएसीटी एक्ट-1988, दहेज प्रथा कानून-1961 एवं बाल विवाह अधिनियम -2006 की जानकारी दी।

# मोती पालन क्लस्टर में मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग एवं झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के संयुक्त प्रयास से राष्ट्रीय मत्स्य पालन पोस्ट हार्वेस्ट प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण संस्थान एवं राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के सहयोग से हजारीबाग में मोती पालन क्लस्टर में मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय मत्स्य किसानों एवं उद्यमियों को मोती पालन में मूल्य संवर्धन के नये तरीकों से अवगत कराना और बाजार में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था। यह कार्यशाला सूचना भवन, पुराने डीसी कार्यालय, जिला बोर्ड चौक, हजारीबाग में आयोजित की गई। उपायुक्त नैंसी सहाय के मार्गदर्शन में आयोजित इस



कार्यशाला में मोती पालन के आर्थिक एवं व्यावसायिक संभावनाओं पर विशेष चर्चा हुई। जिले में मोती पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, किसानों को इस क्षेत्र में हर संभव सहायता प्रदान करने की बात रखी गई। डॉ. एच.एन. द्विवेदी, निदेशक, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखंड सरकार ने अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मोती पालन से किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है और यह झारखंड की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के तहत मोती पालन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता दी जाएगी। कार्यशाला में लगभग 100 मत्स्य किसान, उद्यमी, बैंक प्रतिनिधि एवं संबंधित हितधारकों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों पर गहन चर्चाएं कीं। LDM ने मत्स्य पालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) एवं अन्य वित्तीय योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सेक्टर मत्स्य किसानों को वित्तीय सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त बना सकें। प्रमुख विषयों पर विशेषज्ञों की प्रस्तुति डॉ. शैलेश सौरभ, प्रधान वैज्ञानिक, CIFA, भुवनेश्वर ने मोती प्रजनन तकनीक एवं इसकी व्यावसायिक संभावनाओं पर जानकारी दी। गौरव कुमार, उप महाप्रबंधक, NABARD ने मोती पालन हेतु उपलब्ध वित्तीय योजनाओं और ऋण सुविधाओं पर चर्चा की। डॉ. मनमोहन कुमार, सहायक प्रोफेसर, मत्स्य महाविद्यालय, गुमला ने मीठे पानी में मोती पालन की आधुनिक तकनीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. जे.एस. मीना, उप निदेशक, NIFPHATT, विशाखापत्तनम ने मूल्य संवर्धन एवं बाजार विस्तार में NIFPHATT की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में मोती पालन क्लस्टर से जुड़े किसानों और उद्यमियों ने अपने अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं, जिससे अन्य किसानों को प्रेरणा मिली। मोती पालन में आधुनिक तकनीकों और मूल्य संवर्धन को अपनाने की जानकारी प्रदान की गई। बाजार विस्तार और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मोती की ब्रांडिंग पर चर्चा हुई। नए उद्यमियों और किसानों के लिए सरकारी योजनाओं एवं वित्तीय सहायता की जानकारी दी गई। उपायुक्त नैंसी सहाय के नेतृत्व में, जिला प्रशासन, मत्स्य विभाग एवं अन्य सहयोगी संस्थाएँ मोती पालन उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेंगी। यह कार्यशाला झारखंड सरकार, भारत सरकार, अनुसंधान संगठनों, वित्तीय संस्थानों एवं निजी क्षेत्र के बीच समन्वय को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और राज्य में मत्स्य पालन व मोती पालन के सतत विकास में सहायक सिद्ध होगी।

# चौपारण पुलिस व वन विभाग ने अवैध पोस्ते की खेती को किया नष्ट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखंड में पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग संयुक्त रूप से अवैध पोस्ते-अफीम की खेती को समूल नष्ट करने बीड़ा उठा विनिष्टीकरण अभियान चला रही है। लगातार कार्रवाई की जा रही है।बुधवार को भी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय से पच्चीस किलोमीटर दूर सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम सिकदा एवं ढोडिया के बाहरी इलाके में लगे लगभग बारह एकड भुमि से अवैध पोस्ते की खेती को ट्रैक्टर चला विनिष्ट किया गया। बता दें प्रखंड से पोस्ते-अफीम फसल को समूल नष्ट करने के लिए पुलिस तीसरी आंख यानि कि ड्रोन कैमरे की भी मदद ले रही है। वहीं जहां ट्रैक्टर नहीं पहुंच पा रहा है वहां ग्रास कट्टर का उपयोग कर अफीम फसल को नष्ट किया जा रहा है। बता दें प्रखंड



क्षेत्र में अभी तक आठ सौ एकड़ से ऊपर अवैध पोस्ता-अफीम की खेती को विनिष्ट किया जा चुका है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि पूरे प्रखंड क्षेत्र से अवैध खेती को खत्म करना प्राथमिकता है। वहीं इसमें शामिल लोगों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इसके पहले जितनी भी कार्रवाई हुई है उन क्षेत्रों में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर केस दर्ज किया जा चुका है। साथ ही कहा कि अभी भी जहां खेती बची हुई है वो तो नष्ट करेंगे ही लेकिन अच्छा होगा खेती करने वाले खुद नष्ट कर लें नहीं तो प्रशासन को करना पड़ गया तो कानूनी कार्रवाई होने के लिए तैयार रहें।

## एक झलक

### श्रम अधीक्षक ने बाल श्रम उन्मूलन को लेकर चलाया जांच अभियान

**हजारीबाग :** श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन के नेतृत्व में बुधवार को बाल श्रम उन्मूलन को लेकर हजारीबाग शहर के दर्जनों होटल रेस्टरां एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालपुर चौक के सुरेंद्र होटल से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। इस बाल श्रमिक की उम्र 10 वर्ष है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि अल्पव्यस्क बाल श्रमिक(प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध हैं। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20000 रुपए से लेकर 50000 रुपया तक जुमार्ना या दोनो हो सकता है। बाल श्रम से विमुक्त कराए गए के बालक के नियोजक के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही हैं साथ ही बालक के विद्यालय में नामांकन एवं उनके परिवार के पुनर्वास की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में श्रम अधीक्षक के साथ ज़िला बाल संरक्षण पदाधिकारी संजय प्रसाद, चाईल्ड हेल्पलाइन से सागर कुमार राणा उपस्थित थे।

### डीडीसी ने की समीक्षा बैठक योजनाओं का किया निरीक्षण

**दारु :** हजारीबाग डीडीसी इशतियाक अहमद ने दारू प्रखंड सभागार में प्रखंडकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान योजनाओं के बारे में जानकारी लिया। मनरेगा से चल रहे कुआँ, आम बागवानी, टीसीबी, डोभा, अबुआ आवास और 15 वित्त से चल रहें योजनाओं का समीक्षा किया। उन्होंने हर पंचायत में योजना लेकर काम करने को कहा। अधूरा योजना का जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी तरह की कोताही बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इसके बाद इरगा पंचायत में चल रहें योजनाओं में आम बागवनी, अबुआ आवास, लखन ठाकुर का कुआं, पंचायत भवन में पेबर ब्लॉक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ हारुण रसीद, बीपीओ राजीव आनंद, मनरेगा सहायक अभियंता नीतीश कुमार मेहता, जेई सुनील कुमार मेहता, पंचायत सेवक शिखा कुमारी, रोजगार सेवक दीपक कुमार, राजीव रंजन, अब्दुल तौसीफ सहित कई लोग थे।

### सौर ऊर्जा से संचालित जल-नल योजना के तहत निर्मित जलमीनार ठप, ग्रामीण परेशान

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत भेलवारा पंचायत के विभिन्न गांव में सौर ऊर्जा से संचालित जल-नल योजना के तहत निर्मित जलमीनार ठप होने की वजह से ग्रामीणों को पानी की समस्या से गुजरना पड़ रहा है। भेलवारा पंचायत के ग्राम केंदुआ, पसेरी, महुआटांड़, बेलाटांड़, पूणापानी, तिलैया, डुमरसोंगा, भूताही मुरगांव, गोल्गो एवं छोटकी भेलवारा जैसे सभी गांव में जलमीनार ठप हैं। जलमीनार का कही पर बोरिंग नहीं है तो कहीं एक्सस्ट्रक्चर को अधूरा खड़ा कर छोड़ दिया गया है तो कहीं जलमीनार चालू नहीं है कहीं टंकी लगाकर ऐसे ही छोड़ दिया गया है, पूरे पंचायत में जलमीनार की दुर्दशा काफी खराब है, जिससे ग्रामीणों पानी की घोर किल्लत से जूझ रहे हैं। बता दें कि ग्रामीण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि आने वाले गर्मी के मौसम को लेकर भी चिंतित हैं, जब ठंड में जलमीनार की इस स्थिति की वजह से जल की समस्या हो रही है तो आने वाले गर्मी में बिना जल के जीवन व्यापन कैसे हो पाएगा। जबकि सौर ऊर्जा से संचालित जलमीनार की समस्या पूरे प्रखंड क्षेत्र में शुरूआत से ही बनी हुई है, इसमें प्रखंड के तकरीबन सभी पंचायत शामिल हैं। कई बार खबर प्रकाशन के उपरांत भी विभाग के द्वारा दुरुस्त करने को लेकर कोई खास पहल नहीं की गई। जल-नल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। भेलवारा पंचायत के उक्त सभी ग्राम में जलमीनार के निरीक्षण करने के दौरान भेलवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, रोजगार सेवक सेझलू हंसदा, सुरेश हंसदा, साहेब राम इत्यादि उपस्थित रहे।

# कई कार्य हैं प्रस्तावित, जल्द बदलेगा सड़क का स्वरूप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट जो खून की प्यासी बनकर मौत का घाटी के रूप में लोगों के जेहन में बसने लगा और इन स्पॉट पर कमोवेश हर दिन सड़क दुर्घटना होने की वजह से कई लोगों ने अपनी जान गंवाई तो कई परिवार बर्बाद हो गए। इस गंभीर मामले को तत्परता से जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष विस्तारपूर्वक रखा और लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए कार्य करने का आग्रह किया। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों




स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र के अंधेरे में डूबा रहता था इस मामले को भी सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाये और संबंधित दोषी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। सांसद मनीष जायसवाल की सक्रियता और तत्परता का जी नतीजा है कि कल तक अंधेरे में डूबा रहने वाला चुटुपालू घाटी एक बार फिर दूधिया रौशनी से पट गया है। सभी करीब 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारु कर दिया गया है। चुटुपालू घाटी के मुख्य एक्सीडेंटल जॉन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड़ मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किए जा रहें हैं। ऐसे ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है । सांसद मनीष जायसवाल के पहला और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्च अधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। निश्चित रूप से इस कार्य से इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर हो रहें कार्य के बाबत बताया कि विभाग और सरकार ने जनहित के इस गंभीर मामले को बेहद ही गंभीरता से लिया और तत्काल पहल शुरू किया जो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से संबंधित हर छोटी-बड़ी समस्याओं के निदान हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# मिलावटी, एक्सपायरी किसी प्रकार की अवमानक खाद्य सामग्री बेचने पर होगी कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने सूचना जारी कर बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारी यथा मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं फास्ट फूड विक्रेता आदि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्षक बनाने एवं रखने के लिए अवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक के अनुरूप ही करेंगे। वहीं विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसेः- खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में



आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे। सभी दुकानदार अपने-अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में अधिकृत प्रमाण-पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दशार्ना सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तरां/होटल/ढ़ाबा में आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे। सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे। तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे- समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, ढुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है। सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमानुकुल वार्षिक स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र रखना आवश्यक है। साथ ही पानी की गुणवत्ता की जाँच ससमय करवाना सुनिश्चित करेंगें। होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेष रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा, इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नष्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढ़क कर रखेंगे एवं फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे। सड़क/नाला किनारे एवं खुले में मुर्गा, माँस एवं मछली दुकानों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही सभी मीट विक्रेता अपने खाद्य परिसर में ब्लैक शीशा लगा करके ही कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे। सभी खाद्य कारोबारी अपने परिसर में कीट प्रबंधन का समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करेगें। साथ ही कीट प्रबंधन का समुचित रिकार्ड रखना सुनिश्चित करेगे। उपरोक्त सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# पैगोडा चौक का नाम कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी होगा: नगर विकास मंत्री



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार बुधवार को कश्मीर में आतंकी हमले में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी के जुलु पार्क हजारीबाग स्थित आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों से मुलाकात कर शहीद के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। झारखण्ड के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार शहीद के परिजनों के साथ खड़ी है और सरकारी प्रवधान के तहत उनके परिजनों को सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के पैगोडा चौक का नामकरण कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी से किया जायेगा। मंत्री ने सम्बन्धित पदाधिकारी को निर्देश दिया की पैगोडा चौक का नाम कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी होगा और वहां शहीद की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। प्रतिमा का स्वरुप टोपी और राइफल लिए हुए सैनिक का होगा। उन्होंने कहा कि शहीद के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने के तहत कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी की बहन को नौकरी देने की बात को झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पास ले जायेंगे। शहीद के परिवार के साथ झारखण्ड सरकार हमेशा खड़ी है। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में मुख्य रूप झामुमो के कमल नयन सिंह, विकास राणा, प्रणव कुमार वर्मा, दिलीप वर्मा, आनन्द सिंह, अजय कुमार, आफताब आलम, विवेक कुमार राणा, गुड्डू आदि शामिल थे।

# कम खर्च में प्लास्टिक सर्जरी से जटिल ऑपरेशन सफल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले के सिरका निवासी 28 वर्षीय मुकेश कुमार यादव का एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से पैर क्षतिग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के बाद उनकी हालत नाजुक हो गई थी, और डॉक्टरों ने ऑपरेशन को अत्यंत जटिल करार दिया था। परिवार के सामने एक बड़ी चुनौती थी बेहतर इलाज कहां और कैसे कराया जाये। ऐसे में परिजनों ने उन्हें आरोग्यम अस्पताल, डिस्टिक मोड़ चौक में भर्ती कराया, जहां झारखंड के जाने-माने प्लास्टिक सर्जन डॉ. विक्रांत ने उनकी स्थिति को समझते हुए तत्काल सर्जरी का निर्णय लिया। इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे मरीज का पैर बच गया और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं। **आमतौर** पर इस प्रकार के प्लास्टिक सर्जरी ऑपरेशन में



अत्यधिक खर्च आता है, लेकिन आरोग्यम अस्पताल में यह इलाज बेहद किफायती दरों पर किया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, उनका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जायें, जिससे किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को सही इलाज से वंचित न रहना पड़े।

**परिवार ने जताया आभार**

**सफल** ऑपरेशन के बाद मुकेश कुमार यादव के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर विक्रांत का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं हैं, बल्कि यहां मरीजों को विशेष देखभाल और सहयोग भी मिलता है, जिससे वे मानसिक रूप से भी मजबूत रहते हैं।

**आरोग्यम अस्पताल भरोसे का केन्द्र**

**आरोग्यम** अस्पताल, में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उपलब्ध है, जो मरीजों को बेहतरीन उपचार देने के लिए तत्पर रहती है। यह अस्पताल जटिल से जटिल मामलों में भी सफलता प्राप्त कर चुका है और कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जाना जाता है। आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हमारा लक्ष्य हमेशा यह रहा है कि मरीजों को आधुनिक और उन्नत चिकित्सा सुविधाएं किफायती दरों पर उपलब्ध करायी जायें। मुकेश कुमार यादव के इलाज में हमारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम किया। हमें खुशी है कि उनका ऑपरेशन सफल रहा और वे अब स्वस्थ हो रहे हैं।

# छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** दारू प्रखंड के बड़वार में छत्रपति शिवाजी प्लस टू हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा की छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक कुशल प्रशासक और आदर्श नेतृत्वकर्ता भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए



और अपने लक्ष्य की ओर समर्पण के साथ बढ़ना चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद जी ने विद्यालय प्रशासन की सराहना करते हुए कहा की कम संसाधनों के बावजूद विद्यालय का संचालन जिस कुशलता और प्रतिबद्धता के साथ किया जा रहा है, वह सराहनीय है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और प्रबंधन समिति बधाई के पात्र हैं, जो बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत और नाटक की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

# ट्रांसमिशन लाइन को ग्राम सरबाहा से पांच किलोमीटर दूर से डायवर्ड करने का प्रस्ताव पारित, ग्रामीणों ने जतायी आपत्ति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखण्ड के चरही पंचायत अंतर्गत ग्राम सरबाहा मध्य विधालय में अपर समाहर्ता हजारीबाग एवं चुरचू अंचलाधिकारी के आदेशानुसार झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड पतरातू-कोडरमा ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण हेतु वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चरही मुखिया संझली मुर्मु ने किया। ग्राम सभा मे प्रस्तावित हुआ कि आदिवासी बहुल क्षेत्र होकर ट्रांसमिशन गुजरने से खेती बारी, घर मवेशी सरना स्थल जान माल की सुरक्षा एवं सभी प्रकार के



खतरों को देखते हुए ग्राम सभा मे सभी ग्रामीणों ने आपत्ति जताया तथा ट्रांसमिशन लाइन को ग्राम सरबाहा से पांच किलोमीटर दूर से डायवर्ड किया जाये ग्राम सभा मे यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि ट्रांसमिशन लाइन बसाडीह रेलवे स्टेशन होते हुए रेलवे लाइन के दक्षिणी पश्चिमी होते हुए बरतपिछरवा वाटर फॉल के पश्चिमी दिशा से सीधे हथियारी मोड़ होते हुए चिचिकला लाइन को जोड़ा जाये। ग्राम सभा मे वन अधिकार समिति के अध्यक्ष महालाल हंसदा, सचिव नीलकंठ महतो, चरही के पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, पंसस निरजंन महतो, वार्ड सदस्य प्रकाश टुडू, अनूप तिग्गा, सुरेश हांसदा, शिवनारायण हंसदा, पैरों टुडु, सोहरी बेसरा, बिशुन मुर्मु,गोपाल महतो, मंजू मुर्मु, परमेश्वर महतो, जगदीश महतो, गोपाल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

### सांसद ने बड़कागांव के सोनबरसा वासियों को भेंट की शिव परिवार की प्रतिमा

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनबरसा नगर में नवनिर्मित मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमा भेंट की गई। सांसद मनीष जायसवाल के सांसद सेवा कार्यालय परिसर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने मंदिर निर्माण समिति सह ग्रामीणों को यह शिव परिवार का प्रतिमा सौंपा और उन्हें सांसद मनीष जायसवाल की ओर से मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। मौके पर विशेष रूप से भाजपा नेता जयनारायण मेहता, विजय वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# गायत्री माता का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह 51 कुंडीय राष्ट्र गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखण्ड के कसियाडीह में गायत्री माता का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह 51 कुंडीय राष्ट्र गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति व भण्डारे के साथ बुधवार को समपन्न हो गया। चार दिवसीय महायज्ञ में शांतिकुंज हरिद्वार से आये बालक राम रातन्मूल की टीम ने प्रज्ञा पुराण कथा को कहा। वहीं बुधवार को सुबह पांच से पूरे विधिविधान से गायत्री मंदिर में गायत्री माता का प्राण प्रतिष्ठा किया गया। इस दौरान माता को 108 प्रकार का भोग भी लगाया गया। उसके बाद हवन हुआ। गायत्री माता का प्राण प्रतिष्ठा का सैकड़ो श्रद्धालु साक्षी बने।



वहीं, महायज्ञ सम्पन्न होने के बाद ग्राम कसियाडीह के नरसिंह नायक द्वारा गायत्री माता मंदिर के नाम से और भी जमीन दान देने की घोषणा की। वहीं, 2027 में 108 कुंडीय महायज्ञ का भी घोषणा हुई। पूर्णाहुति के बाद शुरू हुआ भण्डारे का कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। महायज्ञ के पूरे कार्यक्रम को विधिवत सम्पन्न करवाने में प्रखण्ड के पूरे गायत्री परिवार के साथ ग्राम कसियाडीह व अन्य गांवों के युवाओं का भी भरपूर सहयोग दिखा।

# कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में हुआ ओबीसी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला का सम्मान समारोह

## समस्याओं को प्रदेश तक पहुंचाने का करूंगा प्रयास : सुरजीत नागवाला

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** बुधवार को कांग्रेस कार्यालय हजारीबाग में झारखंड प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के नव नियुक्त कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने की, कार्यक्रम का संचालन ओबीसी के प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गोप, और धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता निसार खान ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने माला पहनाकर सुरजीत नागवाला जी का स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से वैसे कार्यकर्ताओं को तरजीह देती है जो संगठन के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं आज उसी का प्रतिफल है कि हजारीबाग के सुरजीत नागवाला जैसे कार्यकर्ता को कांग्रेस की एक बड़ी जवाबदेही है दी गई है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार जी ने भी फूल और बुके देकर नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के डॉक्टर प्रकाश कुमार, रेणु कुमारी, प्रदेश महासचिव रीतलाल मंडल और जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने माला पहनकर और बुके देकर भी



स्वागत करने का काम किया। स्वागत समारोह के इस कार्यक्रम में नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नागवाला ने कहा कि हजारीबाग के कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं के इस स्वागत से मैं अभीभूत हूं, प्रदेश नेतृत्व और जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है उसे मैं जमीन पर उतरने का काम करूंगा, और पूरे झारखंड के 24 जिला में लोगों को ओबीसी कांग्रेस से जोड़ने का काम करूंगा। आने वाले दिनों में झारखंड में ओबीसी और मजबूत स्थिति में दिखेगी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता ने कहा की स्वागत समारोह में सबों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सुरजीत नागवाला आंदोलन करने वाले नेता है जिन्हें प्रदेश नेतृत्व ने उनके कार्यशैली को देख बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है और हजारीबाग के लिए गर्व की बात है। स्वागत समारोह के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में ओबीसी संगठन को लेकर पूरे राज्य का भ्रमण करेंगे और जो 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला राज्यपाल के यहां लंबित है, उसके लिए हम लोग सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने का काम करेंगे। झील सुंदरीकरण पर जो 14 करोड रुपये का जो आवंटन हुआ है उसके लिए नगर निगम से भी आग्रह किया गया है कि इस काम आवंटन के बाद उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हम लोगों को उपलब्ध करावे ताकि यह राशि की सदुपयोगिता देखी जा सके। झील परिसर में जो सूखा हुआ पेड़ है उसे भी जल्द से जल्द काटा जाए ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो। बड़ा झील की जो सफाई नहीं हुई है नगर निगम की प्रशंसक से आग्रह की गई है कि बड़ा झील की भी सफाई अभिलंब करायी जायें। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग मेंडॉक्टर की ड्यूटी चार्ट सभी वार्डों में सार्वजनिक लगाई जाये। आउटसोर्सिंग कंपनी का टेंडर का जो समय सीमा समाप्त हो गया है, उसमें नया टेंडर निकाला जाये और जो कंपनी ब्लैकलिस्टेड हो गयी है उसको अभिलंब कार्य से हटाया जाये। पर्ची काउंटर पर सीनियर सिटीजन और महिला के लिए अलग पर्ची काउंटर अस्पताल परिसर में उपलब्ध कराया जाये। यूरिन कल्चर और थायराइड की जांच की व्यवस्था हो। जितने भी अस्पताल कर्मी जो बिना डिप्लोमा के बहाल है उसकी जांच हो और उन पर कार्रवाई हो।

## एक झलक

### विधायक ने सिन्दरी खाद कारखाने के विस्थापितों की स्थिति का लिया जायजा

**सिन्दरी (धनबाद) :** विधायक चंद्रदेव महतो ने सिंदरी फर्टिलाइजर विस्थापित मोर्चा के अनुरोध पर सिंदरी बस्ती के विस्थापितों की स्थिति का जायजा लिया। खाद कारखाना के निर्माण में इनके पूर्वजों ने अपनी जमीन दी थी। विधायक ने सभी जमीन दाताओं की समस्याओ को बारी बारी से सुना और ग्रामीणो की सभा में कहा कि यहां के जमीन दाताओं को छला गया है। सरकार की तरफ से जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थी उससे विस्थापित वंचित हैं। विस्थापितों को अधिकार प्राप्त करने के लिए जोरदार आंदोलन की जरूरत है। विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि विस्थापितों को रोजगार, पीने का पानी, आवास, पेंशन और वैसे मूलभूत समस्याओ जिससे वे वंचित हैं, उसे दिलाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। मौके पर पार्षद पति गोपाल महतो, भक्ति पद पाल, स्वपन सरकार, जयदेव पाल, गौतम दत्ता, शिबू प्रमाणिक, शुभंकर पाल, सपन मंडल मौजूद थे ।

### सीआईएसफ ने भराया अवैध उत्खनन मुहानों को

**कतरास (धनबाद):** जोगता थाना क्षेत्र के बीसीसीएल एरिया 5 अंतर्गत न्यू श्यामबाजार 6 नंबर बस्ती में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से कोयला खनन का कार्य किया जा रहा था। जिसकी सूचना सीआईएसएफ को मिली। सीआईएसएफ ने कार्रवाई करते हुए अवैध मुहानों को डोजरिंग कर भरवा दिया। जिसका स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अवैध कोयला खनन से क्षेत्र में प्रदूषण और खतरा बढ़ गया था, सीआईएसएफ की कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है।

### पाइप लीकेज मरम्मत के कारण तीसरे दिन भी नहीं हुई झरिया में जलापूर्ति

**जोरापोखर (धनबाद) :** झमाडा जल संयंत्र केंद्र जामाडोबा से लीकेज मरम्मती को लेकर बुधबार को जलापूर्ति ठप रही। जिस कारण झरिया की एक लाख आबादी को तीसरे दिन भी पीने का पानी नही मिल सका। कर्मियों की माने तो 17 फरवरी को झरिया जलमीनार को जाने वाली 30 इंची पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित रही थी। जिसे मरम्मत कर 18 फरवरी को झरिया जलमीनार को पानी भेजना शुरू कर दिया था।

### जनता मजदूर संघ साउथ तिसरा शाखा का हुआ पुनर्गठन

**अलकडीहा (धनबाद):** बुधवार को जनता मजदूर संघ साउथ तिसरा शाखा की कार्यकारिणी की बैठक क्षेत्रीय पदाधिकारी की उपस्थिति में एमओसीपी कम्युनिटी हॉल में हुई, जिसमें साउथ तिसरा शाखा का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन में राजीव झा अध्यक्ष, अवधेश यादव उपाध्यक्ष, उमेश सिंह सचिव, वेद प्रकाश देव संयुक्त सचिव, विनय सिंन्हा कोषाध्यक्ष, बाबूलाल प्रसाद संगठन सचिव, प्रमोद सिंह सह सचिव, रामसेवक दास कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। नए बने सभी पदाधिकारी ने संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। मजदूरों की लड़ाई लड़ने की बात कही। मौके पर सुदर्शन प्रसाद क्षेत्रीय अध्यक्ष, अनिल सिंह, रितेश निषाद, संतोष मिश्रा, केल्विन तिर्की, मनोहर सिंह बड़े पैमाने पर संगठन के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नुनूडीह में सीपीआईएम की बैठक सम्पन्न

**पाथरडीह (धनबाद):** नुनुडीह लाल बंगला स्थित कॉ ए के राय स्मृति भवन में सीपीआईएम की एक बैठक हुई। जिसमें निरसा विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता माले नेता सबुर गोराई ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि कुजामा व 6 नम्बर साइडिंग के ठेका मजदूरों को न्यूनतम वेतन का भुगतान करने, भारी प्रदूषण पर रोक लगाने, ग्रामीणों के जमीन के बदले मुआवजा एवं नियोजन देने की माँग को लेकर एमडीओ के खिलाफ 1 मार्च को विशाल प्रदर्शन व घेराव किया जायेगा।

### टाटा के सुरक्षा गार्ड व ग्रामीणों के बीच झड़प

**जोड़ापोखर (धनबाद):** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा चार नम्बर संतोषी मंदिर के निकट टाटा के सुरक्षा गार्ड एवं ग्रामीणों के बीच झड़प हुई है। आक्रोशित लोगों ने सुरक्षा कर्मियों को लाठी डंडे और पत्थर बाजी कर खदेड़ दिया। यहां के कुछ लोग अपने घर के बाहर खाली जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। जिसको रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड पहुंचे हुए थे। दो सुरक्षा गाड्र्स को ग्रामीणों ने बैठा लिया था इसकी जानकारी मिलते ही काफी संख्या में गार्ड पहुंच गये और निर्माण कार्य को ध्वस्त करना शुरू कर दिया।

---

प्रयागराज में महाकुम्भ मेला को लेकर धनबाद रेलवे स्टेशन से चलायी जा रहीं कुम्भ स्पेशल ट्रेनें

# रेलवे स्टेशन पर तैनात रहेंगे अतिरिक्त पुलिस फोर्स : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** प्रयागराज में महाकुंभ मेला को लेकर धनबाद रेलवे स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। कुंभ मेला में स्नान करने के लिए यात्रियों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। धनबाद से प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुगम यात्रा के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने बुधवार की देर शाम धनबाद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती करने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि यात्रियों को कुंभ स्पेशल ट्रेन की जानकारी लगातार अनाउंसमेंट कर देते रहें। आरपीएफ भी यात्रियों को ट्रेन की और किस प्लेटफार्म से स्पेशल ट्रेन खुलेगी इसकी भी जानकारी लगातार देते रहें। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 26 फरवरी तक रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो पार्किंग में बदलाव करने तथा एक बार में सीमित संख्या में ऑटो को प्रवेश करने देने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को रेलवे स्टेशन में डॉक्टरों की टीम के साथ एक एंबुलेंस को भी तैनात करने का निर्देश दिया। साथ ही पैसेंजर होल्डिंग एरिया में पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी से निगरानी करने का निर्देश दिया। वहीं मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के लिए धनबाद एवं गोमो रेलवे स्टेशन से यात्रियों का आवागमन सुचारू रूप से जारी है। धनबाद से प्रयागराज जाने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। यात्री भी सुचारू रूप से इसमें यात्रा कर अपने गंतव्य की ओर पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि 26 फरवरी तक स्पेशल ट्रेन से जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती के अलावा महिला पुलिस भी रेलवे स्टेशन पर मौजूद रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर फोर्स की संख्या बढ़ाई जायेगी। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, आरपीएफ कमांडेंट अनुराग मीणा, डीएसपी आरपीएफ सुरेश कुमार मिश्रा, डीएसपी एसआरपी जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, डीएसपी शंकर कामती, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## हनुमत महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद):** श्री श्री सप्त दिवसीय हनुमत महायज्ञ एवं हनुमत प्राण को लेकर गौरी ग्राम स्थित अंकलेश्वर महादेव मंदिर परिसर से बुधवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें २०१ कलश महिलाएं एवं बच्चियां माथे पर लिए चल रही थी। कलश शोभा यात्रा काशी विश्वनाथ से पधारे आचार्य ओंकार नाथ उपाध्याय के नेतृत्व में नया पुल, सुभाष चौक रिवर साइड सुदामडीह होते हुए चासनाला स्थित सूर्यधाम मंदिर दामोदर नदी तट पहुंचा। जहां काशी विश्वनाथ से पधारे श्री ओंकार नाथ उपाध्याय व उनके सहयोगी आशीष पांडे, अभिषेक दुबे, सोनू पाठक, प्रेम शंकर पांडे जी के द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ जल भरनी कार्यकर्म सम्पन्न कराया गया। तत्पश्चात कलश शोभा यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान जय श्री राम, जय हनुमान के उद्घोष से पूरा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल था। वहीं आचार्य श्री उपाध्याय जी ने बताया की २० फरवरी दिन गुरुवार को यज्ञ प्रारंभ, २६ फरवरी बुधवार को पूर्णाहुति, वही २७ फरवरी दिन गुरुवार को महा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मौके पर यज्ञ समिति के यजमान आनंद महतो,पत्नी शोभा देवी, मंटू महतो, मुखिया बबलू महतो, अलावे पूजा समिति के अशोक महतो, सुनील मलिक, ठाकुर सिंह, बबलू महतो, अजय महतो, संजय सिंह, पूर्व पार्षद प्रियंका देवी, उचित महतो, चीकू महतो, उपस्थित थे।


## पीड़ितों ने पत्रकार वार्ता कर दी आन्दोलन की चेतावनी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** जीनागोरा में विगत दिनों आउटसोर्सिंग परियोजना में समर्थकों और ग्रामीणों के बीच हुई भिड़ंत की घटना के बाद सुरंगा कुम्हार टोला में ग्रामीणों द्वारा आउटसोर्सिंग के आधा दर्जन कर्मियों के साथ की गई मारपीट की घटना में पुलिस द्वारा आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने से भड़के पीड़ित परिवार ने आंदोलन करने का निर्णय लिया। मामले को लेकर बुधवार को कुम्हार टोला में पीड़ित लोगों के समर्थन में बस्ती के लोगों ने दीपक राय की अध्यक्षता में एक बैठक कर जिला प्रशासन से घटना की जांच कर अविलंब आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने पर धरना देने का निर्णय लिया। बैठक के बाद पीड़ित दीपक राय,बिनोद राय हरिलाल रजक, गोविंद रजक आदि ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि गांव के पांडव रजक और मिथुन बाउरी बाहरी है, जो कि रैयत भी नहीं है वे लोग अपना हित साधने को ग्रामीणों को भड़का कर उसकी हकमारी करने में लगा है। गांव के जो लोग पांडव का साथ नहीं दे रहे हैं उसे वे लोग टारगेट कर मारपीट कर रहे है। इसी क्रम में 8 फरवरी को आउटसोर्सिंग कर्मी विनोद राय, विनय राय, हरिलाल रजक, मंटू रजक, अनिल रजक, बूढ़ेश्वर राय, सुदाम कुम्भकार, गोविंद रजक के घर पर हमलाकर तोड़फोड़ किया गया, महिलाओं के साथ अभद्रता की गई। इस दौरान हमलावरों ने बिनोद राय, विनय राय के साथ मारपीट कर पैर हाथ तोड़ दिया। यहां तक कि बीबीएम कॉलेज से पढ़ाई कर आ रहे जयदेव रजक को बेरहमी से मारपीट कर घायल करने की घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घटना हुए दस दिन बीत गए लेकिन पुलिस ने अभीतक ना तो प्राथमिकी दर्ज की गई है ना ही आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई किया गया है। जिससे आरोपियों के मनोबल बढ़ा हुआ है और आए दिन कार्य करने के लिए आने जाने के दौरान जान से मार देने कि धमकी दिया जा रहा है। दीपक राय, अनिल राय, जयदेव, होलिका देवी सहित अन्य पीड़ितों ने पत्रकारों को अपनी जख्म दिखाते हुए जिला पुलिस प्रशासन से आउटसोर्सिंग परियोजना की घटना के बाद कुम्हार टोला के लोगों के साथ हुई घटना की अविलंब जांच कर कार्रवाई करने, परियोजना के प्रभावित एवं वाजिब रैयत को उसका हक दिलाने तथा फर्जी रैयत बनकर क्षेत्र में अशांति फैलानेवाले के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग किया है।

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने एच.यू.आर.एल सिन्दरी का किया औद्योगिक दौरा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने 19 फरवरी 2025 को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एच.यू.आर.एल), सिंदरी के औद्योगिक दौरे के दूसरे दिन सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरे ने छात्रों को औद्योगिक परिवेश में वास्तविक अनुभव प्रदान किया, जिससे वे इंजीनियरिंग के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को बेहतर ढंग से समझ सके। इस औद्योगिक दौरे का आयोजन बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें फैकल्टी टूर कोऑर्डिनेटर डॉ. एचसी. वर्मा, प्रो. संजय पाल, प्रो. मणिमाला और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. मो. अबुल कलाम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। दौरे के दौरान, छात्रों ने यूरिया और अमोनिया उत्पादन, औद्योगिक सुरक्षा मानक, पावर प्लांट संचालन और जनरेटर ट्रांसफार्मर सिस्टम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने संयंत्र के विभिन्न अनुभागों का दौरा किया और बड़े पैमाने पर औद्योगिक उत्पादन को संचालित करने वाली जटिल प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। इस दौरान एच.यू. आर. एल के असिस्टेंट मैनेजर (एचआर) मंशुल जैन ने छात्रों को संयंत्र संचालन की विस्तृत जानकारी दी और इंटर्नशिप व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को औद्योगिक अनुभव प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, एच.यू.आर.एल के डिप्टी मैनेजर प्रतीक सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए प्रायोगिक शिक्षा और नवाचार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने और औद्योगिक बदलावों के साथ अद्यतन रहने के लिए प्रेरित किया। यह औद्योगिक दौरा छात्रों के लिए बेहद शिक्षाप्रद और उपयोगी साबित हुआ। जिससे उन्हें औद्योगिक प्रक्रियाओं की गहरी समझ प्राप्त हुई। बीआईटी सिंदरी का इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग भविष्य में भी ऐसे औद्योगिक दौरों का आयोजन करता रहेगा, ताकि छात्रों को समग्र शिक्षा और व्यावसायिक विकास के अधिक अवसर प्रदान किया जा सकें।

## लघु पत्रिकाओं के चौथे पुस्तक मेले का लिंडसे क्लब में होगा आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद):** शिल्पे अनन्या त्रैमासिक बंगला पत्रिका के द्वारा तीन दिवसीय लघु पत्रिकाओं का चौथा पुस्तक मेला का आयोजन 28 फरवरी से लिंडसे क्लब धनबाद में किया जायेगा। आयोजन कमिटी के सदस्य विकास कुमार ठाकुर ने अजीत राय स्मारक समिति की प्रेस वार्ता में बताया कि इस पुस्तक मेला में देश भर के प्रमुख साहित्यकार जुटेंगे और कई पुस्तकों का लोकार्पण करेंगे। पुस्तक मेला में बलियापुर के गीतकार संतोष कुमार महतो और सिंदरी के राज नारायण तिवारी की जनवादी गीत एक चिंगारी पुस्तक का लोकार्पण किया जायेगा। विकास कुमार ठाकुर ने बताया कि गीतकार संतोष कुमार ने कोलियरी के कठिन जीवन को देखा है, वहां की तपती गर्मी, जहरीली धुर्वा घुटन को महसूस किया है और उसको अपने गीतों में उतार दिया है। पुस्तक हिंदी, बांग्ला, खोरठा, कुरमाली, भोजपुरी भाषाओं में लिखी गई है। इसका संकलन और संपादन विकास कुमार ठाकुर ने किया है। प्रेस वार्ता में गीतकार संतोष कुमार महतो, राज नारायण तिवारी, हेमंत कुमार जायसवाल, रानी मिश्रा, मिठू दास, राजू प्रसाद और सविता देवी मौजूद थीं।

## एनआरएचएम घोटाला मामले में ईडी ने प्रमोद सिंह को लिया रिमांड पर

**धनबाद :** पीएमएलए कोर्ट में बुधवार को एनआरएचएम घोटाला की सुनवाई हुई। मामले से जुड़े कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह को कोर्ट के सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े प्रमोद सिंह को कोर्ट ने ईडी 3 दिनों का रिमांड पर देने की अनुमति प्रदान की। हालांकि ईडी ने पूछताछ के लिए 7 दिनों का आग्रह किया था।18 फरवरी को ईडी की टीम ने किया गिरफ्तार था। बताते चलें कि 18 फरवरी को ईडी की टीम ने कोयला कारोबारी प्रमोद सिंह को धनबाद से गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी 9 करोड़ से अधिक के घोटाले मामले में की गई थी। मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने कारोबारी को 12 बार समन भेजा था लेकिन इसके बावजूद वे ईडी के समन पर कोर्ट के समक्ष हाजिर नहीं हो रहे थे। जिसके बाद ईडी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए 18 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## साहित्यकार कमर तख्यान को विधायक ने किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कतरास (धनबाद) :** कतरासगढ़ छाताबाद निवासी 73 वर्षीय लेखक कमर तख्यान को साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गोल्डन बुक अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। कमर तख्यान को यह पुरस्कार उनके साहित्यिक जीवन की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नवंबर 2024 में उन्हें इस अवार्ड के नोमिनेट किया गया था। 31 जनवरी को अंतिम रूप से विजेताओं के नामों की घोषणा की गयी और 15 फरवरी को पुणे के होटल रैडिसन ब्लू में एक समारोह में उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में फिल्म कलाकार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, भाग्यश्री और आशीष विद्यार्थी भी शामिल हुए थे, लेकिन खराब सेहत के कारण कमर तख्यान पुणे में हुए समारोह में शामिल नहीं हो सके। बाद में डाक के माध्यम से उन्हें अवार्ड मिला।

अवार्ड मिलने पर बुधवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उनके छाताबाद स्थित आवास पहुंचकर उन्हें शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

मौके पर झामुमो नेता दयाल महतो, बसंत महतो, मनोज महतो, सुमित महतो, आनंद महतो, शकील अहमद, परवेज इकबाल, मो याशिक, इस्मिनिया रासेल, मो. इस्तेफान कमर, मो इकबाल, मो. बंटी, तारा खातुन, मो. नयाज अंसारी आदि मौजूद थे।

## घर का ताला तोड़ कर चोरों ने नगदी सहित 05 लाख के जेवरात की चोरी

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंग्ला निवासी रमेश कुमार बंसल के घर का ताला तोड़कर चोरो ने अस्सी हजार रुपये नगदी सहित पाँच लाख की जेवरात की चोरी कर लिया है। श्री बंसल ने थाना में मामला दर्ज कराया है। इस मामले को लेकर भुक्तभोगी श्री बंसल ने बताया है की वह अपनी पत्नी का इलाज कराने भीलोर गये हुए थे। बुधवार को लौट कर जब घर गया तो देखा की घर के पीछे का दरवाजा का ताला तोड़ दिया गया है। घर के अन्दर प्रवेश कर अलमारी में रखा गया अस्सी हजार रुपये नगद सहित सोने का चैन, कानबली, चांदी का सिक्का, पायल सहित कई कीमती गहने को चोरो ने चुरा लिया है। जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया है की जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा।

## राजकीय मध्य विद्यालय से गैस सिलिंडर व अन्य की चोरी

**धनबाद :** राजकीय मध्य विद्यालय जयंतीग्राम, दामोदरपुर धनबाद में बीती रात चोरी हो गई। चोरों ने मध्यान भोजन योजना के लिए रखी गई तीन गैस सिलेंडर (दो भरी हुई और एक खाली) और कई अन्य सामान चुरा लिए । प्रधानाध्यापिका मनीषिका कुमारी ने कार्रवाई हेतु स्थानीय थाना में इस संबंधी लिखित सूचना दी है।

## इंडियन थेरेपी सेंटर की सेवा अब धनबाद में माह के तीसरे बुधवार को

**धनबाद :** बच्चों के विकास और उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, इंडियन थेरेपी सेंटर जगजीवन नगर ने एक नई पहल की है। अब, डॉ. शिप्रा कमल (डेवलपमेंट पीडियाट्रिशियन, रांची) हर महीने के तीसरे बुधवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक अपनी सेवाएँ धनबाद में प्रदान करेंगी। यह पहल विशेष रूप से उन बच्चों के लिए की गई है जिन्हें विकास संबंधी चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता होती है। अब हमें बाहर जाने की जरूरत नहीं। हमारे ही शहर धनबाद में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो बच्चों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे।आज के विशेष अवसर पर, डॉ. शिप्रा कमल (डेवलपमेंट पीडियाट्रिशियन) और डॉ. दीपक कुमार (नियोनेटोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिशियन) भी उपस्थित रहे।

## 09 सूत्री मांग पत्र के आलोक में विधायक ने की वार्ता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** श्रमिकों से संबंधित 9 सूत्री मांग पत्र के आलोक में बुधवार को जनता श्रमिक संघ एवं बीसीसीएल सीवी एरिया के महाप्रबंधक कार्यालय में झरिया विधायक सह संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह की मौजूदगी में बीसीसीएल प्रबंधन के साथ महत्वपूर्ण वार्ता हुई। जिसमें बसंती माता, दही बड़ी खदान के विस्तार करने की समुचित व्यवस्था करने को लेकर एवं खदान के अगल-बगल लाइटिंग की व्यवस्था करना, हॉल रोड को डीजीएमएस के कोल माइन रेगुलेशन के तहत डिजाइन करने, डंप मैनेजमेंट की व्यवस्था जिससे खदान से 50 या 100 मीटर की दूरी हो, श्रमिकों के आवास मरम्मती का कार्य करने, बीसीसीएल कॉलोनी के अंदर सफाई का कार्य जो वर्षों से निलंबित है जिससे अनेक बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहा है, कंप्यूटर ना होने के कारण कागजी प्रक्रिया में विलंब होने से हो रही परेशानी, मृतक श्रमिक ऑन के परिजनों को नियोजन वर्षों से लंबित होने समेत सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई। जहां महाप्रबंधक ने सभी विषयों मांगों पर अपनी सहमति जताते हुए विधायक सह महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह को आश्वस्त करते हुए बताया कि सभी विषयों व मांगो पर विभागीय कार्यवाही करते हुए मामले का निष्पादन कर दिया जाएगा। इस दौरान मीडिया से बातचीत में विधायक सह संघ की महामंत्री श्रीमती रागिनी सिंह ने बताया कि वार्ता सफल रही है और प्रबंधन ने सभी मांगों को मान लिया है जिससे सभी श्रमिकों को लाभ मिलेगा। जनता श्रमिक संघ श्रमिकों की लड़ाई में मजबूती से हमेशा अपना पक्ष रखेगा। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह, के डी पांडेय, क्षेत्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्रीय सचिव शफीर रहमान खान, अमित गुप्ता समेत बीसीसीएल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# धनबाद प्रेस क्लब ब्लू ने जीता मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बुधवार को रेलवे स्टेडियम धनबाद में चल रहे धनबाद प्रेस क्लब मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का फाइनल मैच खेला गया। इस मैच में धनबाद प्रेस क्लब ब्लू की टीम ने डी थ्री को मात देते हुए ट्राफी पर कब्जा किया।

ब्लू टीम के खिलाड़ी राजा को मैन आफ द मैच, मैन आफ द सीरिज व बेस्ट बॉलर का खिताब भी मिला। वहीं सर्वश्रेष्ठ बॉलर विक्रम, बेस्ट फील्डर व कैप्टन का पुरस्कार ब्लू टीम के राममूर्ति पाठक को दिया गया। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त माधवी मिश्रा, टाइटल प्रायोजक बीसीसीएल के उदयवीर सिंह, विधायक राज सिन्हा, डीआरएम धनबाद कमल किशोर सिन्हा, सीनियर डीपीओ अजीत कुमार, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार समेत सभी फ्रेंचाइजी, संपादक वे वरिष्ठ पत्रकार मौजूद थे। फाइनल मैच से पहले उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा समेत अन्य अतिथियों ने मैच का उद्घाटन करते हुए टीम डी थ्री और डीपीसी ब्लू के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उपायुक्त ने अपनी शुभकामनाएं भी दीं। 20 ओवर के इस मैच में डी थ्री ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर टीम ने 128 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए धनबाद प्रेस क्लब ब्लू की टीम ने महज 10.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाकर मैच जीत लिया। दोनों टीमों को विधायक राज सिन्हा, टूर्नामेंट के टाइटल प्रायोजक बीसीसीएल के अधिकारी उदयवीर सिंह, जिला वन पदाधिकारी विकास पालीवाल, सूर्या रीयलकान के संतोष सिंह, नपान ग्रुप के अमित रंजन, डीथ्री के शांतनु चंद्रा, रामअवतार ग्रुप के अमरेश सिंह, मिरर मीडिया के धीरेंद्र राय, निरसिंह इस्पता की ओर से मनोज शर्मा, दैनिक जागरण के संपादक चंदन शर्मा, प्रभात खबर के संपादक जीवेश रंजन, दैनिक भास्कर के संपादक विकास कुमार सिंह, खबर मंत्र के संपादक ज्ञानवर्धन मिश्रा, बिहार आब्जर्वर के संपादक गणेश मिश्रा और आवाज के संपादक अमित सिन्हा ने विजेता और उपविजेता ट्राफी देकर टीमों को सम्मानित किया। इस दौरान आयोजनकर्ता धनबाद प्रेस क्लब की ओर से कमंट्रेटर परवेज, रेलवे मैदान के क्यूरेटर दुलाल दा, स्कोरर प्रींस, एम्पायर शशि सिंह व राजू प्रसाद, क्लब अनुशासन समिति सदस्यों, धबनाद के वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष संजीव झा, वरीय उपाध्यक्ष शशि राय, महासचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, बलवंत कुमार, अमर प्रसाद, सुरेंद्र यादव, शरदचंद्र पांडेय, सचिव मोहन गोप, संजय चौरसिया, नवीन राय, राममूर्ति पाठक, चंदन पाल, कार्यकारिणी के विक्की प्रसाद, रोशन सिन्हा, विपीन कुमार रजक, गोपाल प्रसाद और शांभवी सिंह मौजूद थीं।

## सम्पादकीय.....

# कसौटी पर खरा उतरना होगा

**कांग्रेस** पार्टी के संगठन में बदलाव की सुगबुगाहट लम्बे समय से चल रही थी। इसी के तहत महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल का नेता फाइनल हुआ। वहीं, 13 राज्यों और 04 केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गयी। कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में फेरबदल की अपनी कोशिशों को गति दी है। इस पहल ने यकीनन पार्टी में उम्मीद पैदा की है। वैसे, इससे कई सवाल भी जुड़े हुए हैं। 2022 में हुए पार्टी के उदयपुर अधिवेशन के बाद संगठन में बड़े बदलाव लानेवाले निर्णयों का इंतजार हो रहा था। लेकिन, एक के बाद एक कई कारणों से यह कार्य टलता जा रहा था। अंततः, तय किया गया कि उदयपुर अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर ही साल 2025 में अमल किया जायेगा। मल्लिकार्जुन खड़गे के बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यभार सम्भालने के बाद इसकी भूमिका भी तैयार हो चुकी थी। इसीलिए अब माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाया जायेगा। पिछले कुछ चुनावों में भले ही कांग्रेस को अपेक्षित चुनावी सफलता नहीं मिली, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में तय किये गये अजेंडे में एकरूपता रही है। विशेषतः, जाति जनगणना और दलितों-पिछड़ों व अनुसूचित जनजातियों के विभिन्न क्षेत्रों में कम नेतृत्व से जुड़े सवालों पर पार्टी का जोर लगातार बना रहा। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक ही था कि स्वयं कांग्रेस पार्टी इस मामले में क्यों पीछे खड़ी दिख रही है। इस लिहाज से यह महत्त्वपूर्ण है कि नये बदलावों के बाद अब पार्टी की सीनियर लीडरशिप का 70-75 फीसदी हिस्सा ओबीसी, एसटी-एससी और माइनॉरिटी तबकों से आता है। लेकिन, राजनीति में नेतृत्व के सवाल के साथ भी व्यावहारिकता की शर्त जुड़ी होती है। बहुत स्पष्ट है, हाल की नियुक्तियों को भी व्यावहारिकता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। जैसा कि महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर हर्षवर्द्धन सपकाल के रूप में अपेक्षाकृत नया नाम देख कर शुरू हुए विवाद से भी स्पष्ट होता है। वहां कई बड़े नेता इस चयन पर आश्चर्य जता रहे हैं। वैसे, केवल इसी वजह से नये अध्यक्ष के प्रदर्शन को लेकर कोई राय बना लेना ठीक नहीं होगा। उनके पास समय है और देखना होगा कि वह इसका कैसा उपयोग करते हैं। बहरहाल, विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते कांग्रेस का यह दायित्व बनता है कि वह अपनी कमजोरियों को दूर करे और लोगों के समक्ष ऐसा विकल्प प्रस्तुत करे, जिससे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और मजबूत हो। इससे संदेश तो अच्छा जायेगा ही, आदर्श भी स्थापित होगा।

## ● किसने क्या कहा



भारत अब कई क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है

**डॉ. जितेन्द्र सिंह**
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री**

देश की प्रगति के लिए गांवों का विकास जरूरी

**शिवराज सिंह**
**ग्रामीण विकास मंत्री**



# सामाजिक ताना-बाना बिखेर रहे नंगापन व रील्स के परिवेश

**विशेष** | **डॉ. सत्यवान सौरभ**

> मॉडर्न परिवेश में जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियां लाइक कमेंट पाकर खुद को ऐसे अनुगृहित करती दिखाई देती है; मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आयी, तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया; कहा : मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं, मैं किसी से कम नहीं। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे।

**पूरा** देश नग्नता के लिए फिल्मों को दोष देता है परंतु आज सोशल मीडिया (सामाजिक पटल) पर इतनी भयंकर नग्नता है कि हमारी जो भारतीय फिल्में को भी शर्म आ जाए। आज कोई भी सोशल प्लेटफार्म अछूता नहीं है फूहड़पन और नग्नता से। सोशल मीडिया के अंधे दौर में कुछ लाइक और व्यू पाने के लिए हमारे समाज की नारियों को कैसे लक्षित किया जा रहा है और उन्हें नग्नता परोसना पड़ रहा है और वह लाइक और व्यू के आसमान में उड़ने के लिए नग्नता परोस स्वयं के मान सम्मान स्वाभिमान का सौदा आसानी से कर रही है। कुछ चप्पल छाप यूट्यूबर्स लोग केवल व्यू पाने के लिए हमारी आस्था पर इस तरह के अश्लीलता वाले थम्बनेल लगाते हैं। किससे क्या कहें? जीवन का चरमसुख अब फॉलोअर्स पाने और कमेंट आने पर निर्भर हो गया है। फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर नग्न अवस्था में तस्वीरें शेयर कर आज लड़कियाँ लाइक कमेंट पाकर खुद को अनुगृहित करती दिखाई देती है, मानो जीवन की सबसे अहम और जरूरी ऊंचाई को उन्होंने पा लिया हो। इस नग्नता को हम आधुनिकता के इस दौर में न्यू फैशन कहते हैं। सोशल मीडिया पर फैशन की उबाल आई तो सोशल नेटवर्क पर युवा पीढ़ी ने खुद को खूबसूरत युवतियों से पीछे पाया, फिर क्या युवकों ने खुद की नग्नता का नंगा नाच शुरू किया और कहा, मैं पीछे कैसे? युवा अपने यौवन को दिखाते घूम रहे हैं मैं किसी से कम नहीं। ऐसे बिगड़ैल यूट्यूबर के इंटरव्यूज होना और भी अचरज की बात है। पहले के जमाने में बड़े बुजुर्ग इस तरह की हरकतों पर नकेल कसते थे। खैर जमाना आधुनिक है इस लिए समाज इसे स्वीकारता और आनंदित होता है। पर ये बहुत ही गम्भीरता से सोचने का विषय है- हमारे घरों के छोटे-छोटे बच्चे किस दिशा में जा रहे हैं। माता-पिता क्यों जानबूझ कर अनदेखा कर रहें हैं? क्यों नहीं अपने बच्चों को टाईम और संस्कार देना चाहते हैं? क्यों अपने हाथो अपने बच्चो को दलदल में धकेल रहें हैं। आजकल के माता-पिता बहुत ज्यादा मार्डन है और उन्हें नंगापन, बॉयफ्रेंड और मार्डन परिवेश बेहद आकर्षित करती है। ये आने वाली पीढ़ी और समाज के लिए घातक सिद्ध होगा। टीनएजर लड़कियों की मनःस्थिति को अपने खास मकसद के मुताबिक ढाला जा रहा है। अब तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस आभासी नग्नता के अड्डे बने हुए हैं। वल्गर रील्स और वीडियोस तो अब हर घर के टीनेजरस बना ही रहे हैं। अब तो ऐसा महसूस होने लगा है कि वैश्यावृति के अड्डे भी नये विकल्पों के साथ हवस परस्त मर्दो के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोशल मीडिया पर आजकल जो ये फॉलोवर बढ़ाने के लिए जो नग्नता परोसी जा रही है। क्या उसमें परोसने वाले ही दोषी हैं? क्या उसको लाइक और शेयर करने वाले दोषी नहीं हैं? मेरे हिसाब से तो वह ज्यादा दोषी हैं। अगर हम ऐसी पोस्ट या वीडियो को लाइक शेयर करना ही बंद कर दें तो क्या ये बंद नहीं हो सकता? आज सामाजिक विकार अपने सफर के सफलतम पड़ाव में है। रोकथाम की कोई गुंजाइश नहीं है। अब तो प्रलय ही इसकी गति को रोक सकती है। सोशल मीडिया में रील्स पर नग्न और अश्लील नृत्य की नौटंकी करने वाली बेटियों से निवेदन है कि चंद कागज के टुकड़ों के लिए अपने परिवार और धर्म की इज्जत तार-तार ना करो। पैसे आपको आज नृत्य के लिए नहीं अपितु नग्नता परोसने के लिए दिए जा रहे है ताकि पूरे समाज को एक दिन रसातल में धकेल कर नीचा दिखाया जा सके।

हमारी संस्कृति ही नहीं बचेगी तो-तो हमारे राष्ट्र का और आने वाली पीढ़ियों का दुगुर्णों से विनाश होने से कोई बचा नहीं सकता है। अभी समझे कि संस्कृति क्या है और इसे बचाना क्यों जरूरी है। यह हमारे राष्ट्र का स्वाभिमान है। हमें चाहिए अश्लीलता और नग्नता मुक्त समाज अपनी नष्ट हो रहे सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करें। बॉलीवुड की अश्लीलता, नग्नता और गाली गलौज से भरी फिल्मों और वेब सीरीज का बहिष्कार करें। अश्लील गाना एवं अश्लील फिल्मों का बहिष्कार करें। सोशल मीडिया में ट्वीटर, फेसबुक आदि ऐसे प्लेटफार्म हैं जिसके माध्यम से लोग अपने विचार, अभिव्यक्ति के साथ किसी महत्त्वपूर्ण जानकारी का प्रेषण करते हैं। किन्तु वर्तमान में इन प्लेटफार्मो में अश्लील, आपत्तिजनक व नग्नता पूर्ण मैसेज व विज्ञापन की भरभार होने के साथ जुए जैसे खेलों को खेलने के लिए प्रोत्साहित कर सामाजिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है। हमारे नौनिहाल, बहन बेटी भी इन प्लेटफार्मो का बहुतायत उपयोग करते है। इस प्रदूषण पर अंकुश लगवाने के लिए सभी को सोचना होगा और खुद पहल करनी होगी। आज चेतना चाहिए नहीं तो कल रास्तों में होगा नंगा नाच। आप देश का भविष्य हो, कठपुतली मत बनो। स्वच्छंदता के नाम पर फूहड़ता सोशल मीडिया के इस दौर में अपने चरम पर है। हमारी संस्कृति में स्त्री को धन की संज्ञा से नवाजा गया वह भी बहुमूल्य न कि टके बराबर। इसलिए राजदरबारो में होने वाले मुजरे भी चारदीवारो के अंदर ही होते थे। सत्य यह है कि अश्लीलता को किसी भी दृष्टिकोण से सही नहीं ठहराया जा सकता। ये कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों की तरफ ले जाने वाली एक नशे की दुकान है और इसका उत्पादन आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्त्री समुदाय के साथ मिलकर कर रहा है।

# नैतिकता का मुखौटा : समाज का दोहरा चरित्र

**गौरतलब** | **प्रो. आरके जैन**

> श्रीमती वर्मा ने विस्मय से उनकी ओर देखा। 'अभी कुछ घंटे पहले आप कह रहे थे कि बहुओं को साड़ी पहननी चाहिए और घूंघट में रहना चाहिए, और अब इतनी आधुनिक सोच?' वर्माजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अरे भाग्यवती, समाज में कुछ बातें कहनी पड़ती हैं, लेकिन घर में हमें खुश रहना चाहिए। वैसे भी, हमारी बहू पढ़ी-लिखी और समझदार है, उसे अपनी मर्जी से जीने देना चाहिए!'

**शहर** के प्रतिष्ठित उद्यान में संध्या वेला के समय बुजुर्गों की एक विशिष्ट सभा जमती थी, जिसे आदरपूर्वक 'संस्कृति रक्षक मंडली' की संज्ञा दी गई थी। ये अनुभवी सज्जन अपने समय के गहन विचारक माने जाते थे, जिनका प्रत्येक संवाद युवाओं के क्षीण होते संस्कारों पर चिंता व्यक्त करने के लिए ही होता था। उनकी दृष्टि में परंपराएँ समाज की आधारशिला थीं, और आधुनिकता एक भयावह आँधी की भाँति भारतीय संस्कृति को तहस-नहस कर रही थी। आज की चर्चा विशेष रूप से गंभीर थी। वमार्जी ने अपना चश्मा ठीक करते हुए गर्म चाय की चुस्की ली और भारी स्वर में बोले, 'समाज का नैतिक पतन अब चरम पर पहुँच चुका है। देखिए, इन दिनों की बहुएँ और बेटियाँ कैसे कपड़े पहन रही हैं! घूँघट तो अब इतिहास बन चुका है, साड़ी का स्थान जींस-टॉप और स्कर्ट ने ले लिया है। माता-पिता ने बच्चों को पूरी तरह खुला छोड़ दिया है, इसलिए ये दिन देखने पड़ रहे हैं।'

शमार्जी ने उनकी बात को बल देते हुए सिर हिलाया, 'बिल्कुल सही कह रहे हैं आप! संस्कारों की धज्जियाँ उड़ चुकी हैं। पहले की नारियाँ लज्जा और मर्यादा का प्रतीक थीं, अब देखिए, पश्चिमी संस्कृति ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। आजकल की पीढ़ी को परंपराओं का कोई ज्ञान ही नहीं रहा।' पार्क में उपस्थित अन्य बुजुर्ग भी इस गंभीर विमर्श में शामिल हो गए। किसी ने कहा, 'पहले बहुएँ ससुर के सामने सिर झुकाकर खड़ी होती थीं, अब तो बेझिझक फैशन परेड करती हैं!' तो कोई बोला, 'आजकल के युवक भी कहाँ कम हैं! कान में बाली, अजीबो-गरीब हेयरस्टाइल और आधुनिकता के नाम पर अनुशासनहीनता। ये सब बदलाव समाज को बर्बाद कर रहे हैं।' संस्कृति की रक्षा के संकल्प के साथ इस सभा का समापन हुआ। सभी अपने घरों को रवाना हुए, मन में यह दृढ़ विश्वास लिए कि वे समाज को नैतिक पतन से बचाने के लिए कटिबद्ध रहेंगे। रात्रि के समय वमार्जी जैसे ही घर पहुँचे, श्रीमती वर्मा प्रसन्न मुद्रा में मोबाइल लेकर उनके पास आईं, 'सुनिए, देखिए, बेटे और बहू की तस्वीरें आई हैं। बहू कितनी प्यारी लग रही है इस ड्रेस में!' वमार्जी ने उत्सुकता से मोबाइल स्क्रीन की ओर देखा। बहू ने घुटनों तक की स्टाइलिश ड्रेस पहनी थी, बाल खुले थे, हल्का मेकअप था, और चेहरे पर आत्मविश्वास झलक रहा था। वमार्जी का चेहरा खिल उठा। 'वाह! हमारी बहू कितनी ग्रेसफुल और मॉडर्न लग रही है।

## आज का इतिहास

- हेनरी अष्टम की मृत्यु के बाद 1547 से किंग एडवर्ड षष्टम ने इंग्लैंड की सत्ता सम्भाली।
- मुगल साम्राज्य का शासक औरंगजेब का 1707 में अहमदनगर में निधन।
- लुई एलेक्जेंडर बर्थियर ने 1798 में पोप पायस षष्ठम को पदच्युत किया।
- ऑस्ट्रिया को 1811 में दिवालिया घोषित किया गया।
- कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर 1835 में खुला।
- सन 1846 में लाहौर पर अंग्रेजों ने कब्जा किया।
- रॉयल कलकत्ता टर्फ क्लब की स्थापना 1847 में हुई।
- 'अमृत बाजार पत्रिका' का पहला साप्ताहिक अंक 1868 में बांगाली में प्रकाशित।
- न्यूयार्क शहर में सन 1872 में 'मेट्रोपोलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट्स' खुला।
- कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ने 1873 में सैन फ्रांसिस्को में अपने पहले मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की।
- अडोल्फ हिटलर ने 1933 में चुनावों में नाजी पार्टी को सहयोग देने के लिए गुप्त तौर पर जर्मन उद्योगपतियों से मुलाकात की।
- कैरोलाइन मिकेल्सन 1935 में अंटार्कटिक पहुंचनेवाली पहली महिला बनीं।
- द्वितीय विश्वयुद्ध में जापानी सैनिकों ने 1942 में डच ईस्ट इंडीज में बाली पर हमला कर दिया।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने 1947 में भारत को आजादी देने के बारे में घोषणा की।
- 1950 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई और राष्ट्रवादी नेता शरत चंद्र बोस का निधन।
- जान एच ग्लेन 1962 में अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने।
- नासा द्वारा 1965 में प्रेक्षेपित रेंजर आठ चांद पर उतरा, फोटो और जरूरी डेटा भेजे।

## सुविचार

सही राह पर होने के बाद भी यदि आप वहां बैठे ही रहोगे, तो कोई गाड़ी आपको कुचल कर चली जायेगी


**विल रोजर्स**

बाधाएं दरअसल भयावह चीजें हैं, जिन पर आपका ध्यान उस समय जाता है, जब आप की नजर लक्ष्य से हट जाती है

**हेनरी फोर्ड**

## अंकजाल - 7825

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*



### अंकजाल 7824 का हल




## इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

**शास्त्रों** में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुनः धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा।

# महाकुम्भ : आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

**निर्मल रानी**

**भारतवर्ष** में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ ' है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत , विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति,आधुनिकता,उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किये ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है। इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं । साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को साँझा करते हुये कहा कि- 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसंबर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुये कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत और रचनात्मक विपक्ष की आवश्यकता

**गौरतलब** | **प्रियंका सौरभ**

> विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है, जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं।

**लोकतंत्र** को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चचाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास। संसदीय चचाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दशार्ती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चचाएँ अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं।

सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किये। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बबार्दी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुँचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है।

## राशिफल

**मेष** – अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**वृष** – महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आयेंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**मिथुन** – परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**कर्क** – राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**सिंह** – अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कन्या** – कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**तुला** – पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक** – स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**धनु** – संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**मकर** – मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नयी ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**मीन** – सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### रजदहवा नदी पर मिला युवक का शव

**भवनाथपुर** : थाना क्षेत्र अंतर्गत रजदहवा नदी के समीप खेत में मंगलवार की देर शाम संदेहास्पद स्थित में एक मृत युवक शव पाया गया। मृत युवक की पहचान ढेकुलिया टोला निवासी शंभू सिंह उम्र 45 वर्ष पिता स्व. जगनरायण सिंह के रूप में हुई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थाना के एसआई दिनेश कुमार सिंह एवं परवेज आलम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच परिजनों के माध्यम से शव को उठवाकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार के सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। जानकारी के अनुसार शंभू सिंह अविवाहित युवक था, वह बचपन से ही ढेकुलिया के खरवारी टोला स्थित अपने मामा गरीबा सिंह के घर रहकर राजमिस्त्री का काम करता था, जहां मंगलवार के शाम उसका मृत शरीर रजदहवा नदी के किनारे एक खेत में पाया गया।

### जल व बिजली की समस्या गर्मी पड़ने से पहले दुरुस्त हो : कौशल

**मेदिनीनगर** : पानी और बिजली के लिए हाहाकार मचा रहता है कई बार समस्याओं से परेशान लोगों ने आंदोलन कर सरकार वो पदाधिकारीयों का ध्यान आकर्षित कराया जाता है लेकिन समाधान के बजाय राजनीति कर जनता को गुमराह कर दिया जाता है पलामू के विभिन क्षेत्रों में खाश कर पांकी विधानसभा में प्रचंड गर्मी लगती है गर्मी शुरू होते ही पेयजल की भारी किल्लत होने लगती है प्रशासन वो सरकार को चाहिए कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण कर संकट आने से पहले ही समस्या के समाधान का रूप रेखा तैयार करें अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई कि बिजली की आँख मिचौली शुरू हो गई घंटों घंटों तक बिजली गुल हो जाती है समस्या उत्पन्न होने से पहले सर्वेक्षण कर निपटारा करना चाहिए तार पोल जो खराब हो उसे समय रहते दुरुस्त कर लेना चाहिए ताकि किसी भी तरह की घटना दुर्घटना से बचा जा सके।

### कुएं में गिरे कोटरा का सफल रेस्क्यू

**लातेहार** : जिले महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम हामी में एक कोटरा (साही) के कुएं में गिरने की सूचना पर वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सफल रेस्क्यू ऑपरेशन किया। यह घटना गांव के निवासी वीरेंद्र कुजूर के खेत में बने सरकारी कुएं की है, जहां जंगल से भटककर यह कोटरा गिर गया था।ग्रामवासियों की सतर्कता और वन विभाग की तत्परता से कोटरा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वनरक्षी कुणाल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने उसका प्राथमिक उपचार किया और फिर उसे जंगल में छोड़ दिया। वनरक्षी कुणाल कुमार ने बताया कि कोटरा पूरी तरह स्वस्थ है और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। इस रेस्क्यू अभियान में वनरक्षी राजेश उरांव, ट्रैक्टर चालक विजय बड़ाइक, संजीव पांडे और स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय भूमिका निभाई। वन विभाग के वरीय अधिकारियों को भी इस घटना की सूचना दे दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

### लातेहार में 10 दिवसीय एसएलआरएम प्रशिक्षण का भव्य शुभारम्भ

# 230 जलसहिया व 60 एसएचजी महिलाएं हो रहीं प्रशिक्षित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित पंडित दिनदयाल उपाध्याय नगर भवन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) पर 10 दिवसीय आवासीय जलसहिया एवं मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा,स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा और भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक एवं सलाहकार सी. श्रीनिवासन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला होगा, जहां एसएलआरएम कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार इस योजना को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग देगी। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि 45-50 दिनों के भीतर वे पुनः लातेहार आकर योजना की प्रगति का अवलोकन करेंगे।कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ सी. श्रीनिवासन ने अपशिष्ट प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कचरे का तीन चरणों में पृथक्करण किया जाता है– प्राथमिक स्तर पर स्रोत पर, द्वितीयक स्तर पर एसएलआरएम केंद्रों में और तृतीयक स्तर पर एक सामान्य केंद्र में।प्रधान सचिव श्री मस्त राम मीणा ने पर्यावरण संरक्षण में अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर बल दिया और झारखंड को हरित एवं स्वच्छ राज्य बनाने के लिए आधुनिक कचरा प्रबंधन तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता बताई।स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक डॉ. नेहा अरोड़ा ने लातेहार को पूरे राज्य के लिए मिसाल बताया और कहा कि अगले एक वर्ष में लातेहार 5-स्टार जिला के रूप में विकसित होगा।वहीं उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जिले को शून्य-अपशिष्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान से स्वच्छता के साथ सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। 230 जलसहिया और 60 एसएचजी महिलाओं को प्रशिक्षण

इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 230 जलसहिया एवं 60 एसएचजी महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी प्रशिक्षण देंगी, जिससे यह अभियान जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू हो सकेगा।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगरई,अपर समाहर्ता रामा रविदास ,जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा उल्लघंन पर 08 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध 02 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना

**मेदिनीनगर** : जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों को बनाये रखने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा के मद्देनजर न्याय निर्णयन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने खाद्य सुरक्षा उल्लघंन को लेकर जनवरी माह से अबतक कुल 8 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध 2 लाख 65 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।इस संबंध में अपर समाहर्ता श्री कुमार ने बताया कि घटिया और मिलावटी (अवमानक)खाद्य पदार्थ बिक्री करने व भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमों का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध जुमार्ना लगाया गया है।इसके पूर्व इन विक्रेताओं के फूड सैंपल को जांच हेतु रांची के नामकुम स्थित स्टेट फूड टेस्टिंग लैबोरेट्री में जांच कराया गया।विदित हो कि समय-समय पर फूड सेफ्टी ऑफिसर गुलाब लकड़ा द्वारा खाद्द पदार्थ बेचने वाले दुकानों पर छापेमारी कर खाद्द पदार्थों का नमूना एकत्रित कर जब्त किया जाता है ।

## झारोटेफ जिला इकाई ने शिक्षा अधिकारियों से की शिष्टाचार भेंट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : झारोटेफ (झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ) की जिला इकाई लातेहार की टीम ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को झारोटेफ का वार्षिक कैलेंडर भेंट किया। भेंट के दौरान झारोटेफ के पदाधिकारियों ने संगठन की उत्पत्ति, संघर्ष, उपलब्धियों और भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे संगठन को आवश्यक संरक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करें। अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।इस मुलाकात में संगठन के नए लक्ष्यों को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। झारोटेफ की टीम ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष रखा।

## विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के पी एल वियों ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**गुमला** : जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधायक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मामले की संज्ञान लेते हुए डालसा को जानकारी देते हुए घटनास्थल जाने का निर्देश दिया और फिर रायडीह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पोगरा पंचायत परसा में मृतक प्रसाद साहू के घर पीएलवी राजेश सिंह, प्रेम कुमार शाह, एवं अशोक साहू पहुंचे तथा उनके परिजन से मिलकर उनके घर की स्थिति की जानकारी ली मृतक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि उनके पति ओटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करते थे । घर में मृतक की बूढी मां समुद्री देवी रहती है मृतक के एक पुत्र एवं पांच पुत्री हैं सभी पढ़ाई लिखाई करते हैं ।

### उपायुक्त की पहल से अनुमंडल स्तर पर अधिष्ठापित होगा कैम्प कार्यालय

# कैम्प कार्यालय से लाभान्वित होंगे आमजन : शशि रंजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू उपायुक्त शशि रंजन की पहल एवं सकारात्मक सोच से आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी सभी योजनाओं का लाभ उनके नजदीकी अनुमंडल में ही मिलेगा। जनता को छोटे कार्यो के लिए भी जिला में आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बल्कि प्रशासनिक पदाधिकारी उनके नजदीक पहुंचेंगे। इसे लेकर अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय अधिष्ठापित कर विभिन्न विभागीय कार्यो का निष्पादन किया जायेगा। इसके लिए उपायुक्त शशि रंजन ने निदेश जारी कर दिया है। इसकी व्यापक तैयारी भी की जाने लगी है। प्रत्येक माह के द्वितीय वृहस्पतिवार को छतरपुर एवं चतुर्थ वृहस्पतिवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जायेगा। इसमें सभी जिला स्तरीय, संबंधित अनुमंडल स्तरीय तथा संबंधित अनुमंडल के सभी प्रखंड स्तरीय, असैनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी निर्धारित दिवस को कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यो का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने-अपने अनुमंडल में

### दाखिल-खारिज के मामलों को निर्धारित अवधि में निष्पादन नहीं करने पर बड़ी कार्रवाई : उपायुक्त

**मेदिनीनगर** : दाखिल खारिज के मामलों को लंबित रखने को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने दाखिल खारिज के मामलों को निर्धारित अवधि में निष्पादन नहीं करने के बजाए लंबित रखने को लेकर नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सहित तीन के विरुद्ध आज कार्रवाई की है। उन्होंने नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, कर्मचारी/ राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी एवं प्रभारी सीआई महेंद्र राम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 65-65 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के वेतन से कोषागार द्वारा कटौती की जाएगी। इनके विरुद्ध आरोप है कि दाखिल खारिज के लिए प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन नहीं किया। जबकि इसके लिए वरीय अधिकारियों का भी निदेश प्राप्त हुआ। दाखिल खारिज के 62 मामले नामांतरण करने की निर्धारित तिथि से अधिक समय तक लंबित रखने गये ।

## पुलिस अधीक्षक ने महुआडांड़ थाना का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बुधवार को महुआडांड़ थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्यालय में मासिक कार्य विवरणी, मालखाना चार्ज, स्टेशन डायरी समेत अन्य अभिलेखों की गहन जांच की।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में हो रहे अपराधों की समीक्षा की और अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों की जांच को लेकर अनुसंधानकर्ताओं से बारी-बारी से जानकारी ली और लंबित कांडों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, थाना प्रभारी अवनीश कुमार, पुअनि बंधन तिर्की, पुअनि अरविंद होरेंग समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 20 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल को किया नष्ट



**लातेहार** : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार बारियातु थाना क्षेत्र के ग्राम बालूभांग, टोला हलमाता के जंगली इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से लगाई गई अफीम (पोस्ता) की फसल को नष्ट किया गया। सशस्त्र बलों और ट्रैक्टर की मदद से करीब 20 एकड़ में फैली इस अवैध फसल का विनिष्टीकरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इस अभियान को अंजाम दिया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची और खेतों में लगी अफीम की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अभियान के दौरान स्थानीय पुलिस बल के साथ सशस्त्र जवान भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए जिले में लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि यदि उन्हें किसी भी स्थान पर अवैध अफीम की खेती की जानकारी मिले तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।गौरतलब है कि अफीम की खेती से नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार फलता-फूलता है, जिससे समाज में अपराध बढ़ने की संभावना रहती है।

## स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 20 बच्चों को मिला सहारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बाल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सरयु प्रखंड कार्यालय में बुधवार को बाल कल्याण समिति एवं बाल संरक्षण इकाई लातेहार के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सरयु और गारू प्रखंड के 20 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ देने हेतु बाल कल्याण समिति के सदस्य कुंदन गोप के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने बताया कि यह योजना उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो सकती है, जिनके माता-पिता नहीं हैं या जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत चिन्हित बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, ताकि उनकी शिक्षा और पोषण की जरूरतें पूरी हो सकें। अभिभावकों को विशेष रूप से यह निर्देश दिया गया कि बच्चों को मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग केवल उनकी शिक्षा और पोषण पर किया जाए। इस योजना से क्षेत्र के कई जरूरतमंद बच्चों को भविष्य में लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर और शिक्षित बन सकें।शिविर में बाल कल्याण समिति सदस्य कुंदन गोप, संरक्षण पदाधिकारी एम रजा, सामाजिक कार्यकर्ता जियाउल हक, रामकुमार सिंह, 20 सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद के अलावे स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश मासियातू का दिलशाद गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में लंबे समय से सक्रिय बाइक चोर गिरोह के एक अहम सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। मासियातू गांव निवासी दिलशाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दिलशाद चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ घूम रहा है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर उसे धर दबोचा। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह कई वर्षों से बाइक चोरी के कारोबार में शामिल है और उसने लातेहार व आसपास के जिलों में कई घटनाओं को अंजाम दिया है।पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। अब इन बाइकों को संबंधित थाना क्षेत्रों से मिलान किया जा रहा है, ताकि उनके असली मालिकों को वापस लौटाया जा सके।

## बाजार में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी से मचा हड़कम्प



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार** : गारू बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया ने तूल पकड़ लिया है। प्रशासन की सख्ती से जहां अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है, वहीं स्थानीय नागरिकों में इस कार्रवाई को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।प्रखंड मुख्यालय के भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में प्रशासन ने 21 फरवरी तक का अंतिम अल्टीमेटम जारी कर दिया है। अंचल अधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने स्पष्ट किया कि यदि तय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो 22 फरवरी को प्रशासन खुद कार्रवाई करेगा और बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जे हटाएगा। इसके साथ ही, अतिक्रमण हटाने का खर्च भी संबंधित लोगों से वसूला जाएगा।

**जनता और दुकानदारों में अलग-अलग राय**

**प्रशासन** की इस कार्रवाई को लेकर जनता और दुकानदारों में अलग-अलग राय है। कुछ लोग प्रशासन की इस पहल को सही ठहरा रहे हैं और इसे बाजार क्षेत्र में यातायात और सुविधाओं की सुगमता के लिए जरूरी बता रहे हैं। वहीं, कुछ दुकानदारों का कहना है कि उन्हें उचित विकल्प दिए बिना हटाया जा रहा है, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित होगा।गौरतलब है कि पिछले साल भी प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की थी और अवैध कब्जों पर मार्किंग भी की गई थी। लेकिन कुछ ही महीनों में बाजार क्षेत्र में दोबारा कब्जा कर लिया गया। इस बार प्रशासन ने पहले ही 65 अतिक्रमणकारियों को तीन बार नोटिस जारी किया है और सख्त चेतावनी दी है कि इस बार कोई समझौता नहीं होगा।इस सम्बन्ध में अंचल अधिकारी ने कहा कि यह अभियान केवल अस्थायी ही नहीं बल्कि स्थायी अतिक्रमण हटाने के लिए भी चलाया जाएगा। प्रशासन का साफ कहना है कि इस बार कार्रवाई को किसी भी कीमत पर अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। अब देखना यह होगा कि 21 फरवरी तक अतिक्रमणकारियों की प्रतिक्रिया क्या रहती है ।

## केनरा बैंक शाखा का नवीकरण खेल सामग्री का किया गया वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के धर्मपुर पथ स्थित केनरा बैंक शाखा का बुधवार नवीकरण किया गया। उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने शाखा प्रबंधक को ग्राहकों को सभी सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध करने की बात कही । बैंक की आधुनिक सुविधाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और इसकी सराहना की। इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रामा रविदास, हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक महाप्रबंधक जयकृष्ण लिंगमपल्ली वेंकटा, शाखा प्रबंधक आनंद कुमार श्रीवास्तव सहित बैंक के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर केनरा बैंक की ओर से सीएसआर मद के तहत धर्मपुर स्थित बुनियादी विद्यालय में खेल सामग्री का वितरण किया गया। इसमें वालीबाल, क्रिकेट, बैडमिंटन सहित अन्य खेल उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम में लातेहार जिला वालीबाल संघ के अध्यक्ष रंजीत पांडे, सचिव प्रवीण मिश्रा, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार सुमित समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# लातेहार में सड़क सुरक्षा की अलख जगा रहे डीटीओ सुरेन्द्र कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : कौन कहता है आसमान में सुराख नहीं होता ,एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो । यह कहावत लातेहार के जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) सुरेंद्र कुमार पर बिल्कुल सटीक बैठता है। सड़क सुरक्षा को लेकर उनके अथक प्रयास अब रंग लाने लगा हैं।

**एक महीने का अभियान, हर दिन कुछ नया**

**पिछले** महीने जिले सड़क सुरक्षा को लेकर हर दिन कोई न कोई जागरूकता कार्यक्रम हुआ। नुक्कड़ नाटक से लेकर जांच शिविर, जागरूकता रैली, खेल प्रतियोगिताएं, गोष्ठियां और सड़क सुरक्षा अभियान–हर मंच से लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया।डीटीओ सुरेंद्र कुमार की मेहनत का नतीजा यह है कि अब लोग खुद ही हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने लगे हैं। हालांकि, अभी भी कुछ लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे, लेकिन विभाग की सख्ती जारी है। जनवरी में ही नियम तोड़ने वालों से 10 लाख 34 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

**सड़क सुरक्षा अभियान पर डीटीओ की खास बातचीत**

**सवाल: इतने व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया, लोगों की प्रतिक्रिया कैसी रही?**

**जवाब** : लोगों में जागरूकता आई है। अब 80प्रतिशत लोग सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर रहे हैं। गांव, कस्बों और स्कूलों तक संदेश पहुंचाने का सकारात्मक असर दिख रहा है।

**सवाल: फिर भी सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि की खबरें आ रही हैं?**

**जवाब:** सड़क सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है। हमने दो स्तरों पर काम किया–जागरूकता अभियान और सख्त प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट)। जनवरी 2025 में कुल 12 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 10 लोगों की जान गई। जबकि जनवरी 2024 में 16 दुर्घटनाओं में 13 लोगों की मौत हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, सड़क हादसों में कमी आई है, लेकिन अभिभावकों की लापरवाही के कारण कुछ दुर्घटनाएं अब भी हो रही हैं।

**सवाल:** इस साल सड़क सुरक्षा अभियान को युद्धस्तर पर चलाया गया, क्या बदलाव दिख रहे हैं?

**जवाब:** जागरूकता का असर दिख रहा है। जो बच्चे बिना हेलमेट स्कूल आते थे, अब बाइक लेकर स्कूल नहीं आते। लोग सीट बेल्ट और हेलमेट को गंभीरता से लेने लगे हैं। अभियान जारी रहेगा ताकि सड़क हादसों को और कम किया जा सके।

**सवाल: जिलेवासियों को आपका क्या संदेश है?**

**जवाब:** जीवन अनमोल है! यातायात नियमों का पालन करें, वाहन को दुरुस्त रखें और घर से निकलते समय हेलमेट या सीट बेल्ट जरूर पहनें। परिजन भी एक-दूसरे को सुरक्षा के लिए जागरूक करें। एक छोटी पहल भी बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है।

### भवनाथपुर प्रखंड के आंगनबाड़ी केन्द्रों में भारी अनियमितता

# बच्चों को नहीं मिल रहा समुचित लाभ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर** : भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में भारी अनियमितता उजागर हो रही है। संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण यहां आने वाले बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहीं सेविका व सहायिका अनुपस्थित रहती हैं, तो कहीं बच्चों को पोषाहार समय पर नहीं दिया जाता। गड़ेरियाडीह आंगनबाड़ी केंद्र पर मात्र दो बच्चे मौजूद थे। सहायिका संध्या देवी ने बताया कि बच्चे आए थे लेकिन घर चले गए। जब उनसे पूछा गया कि कितने बच्चे आए थे, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वहीं, सेविका सुचिन्ता देवी केंद्र पर नहीं थीं, बताया गया कि वे कुंभ नहाने गई हुई हैं। निमियां टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका अनिता देवी और सहायिका उपस्थित थीं। 10 बच्चे मौजूद थे और खिचड़ी बनाई जा रही थी। जब बच्चों की उपस्थिति को लेकर सवाल किया गया तो बताया गया कि वे थाली लेने अपने घर गए हुए हैं। पत्थलकुदवा आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका रेखा देवी केंद्र में मौजूद नहीं थीं, उनकी अनुपस्थिति में सहायिका बीना देवी केंद्र चला रही थीं। 14 बच्चे उपस्थित थे, लेकिन चीनी उपलब्ध नहीं होने के कारण सूजी का हलवा नहीं बनाया गया। इसकी जगह खिचड़ी बनाई जा रही थी।बरवाबांध आंगनबाड़ी केंद्र में दोपहर 12:15 बजे इस केंद्र पर कोई भी बच्चा मौजूद नहीं था, सेविका भी अनुपस्थित थीं। सहायिका सुनीता देवी ने बताया कि बच्चे आए थे लेकिन उन्हें घर का काम था, इसलिए 12 बजे ही सभी को वापस भेज दिया। जब उनसे पूछा गया कि कितने बच्चे आए थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

## एक झलक

### शंख व डमरू की ध्वनि से गूंजा इटखोरी महोत्सव

**चतरा** : चतरा जिले के इटखोरी में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का बुधवार को उद्घाटन किया गया। महोत्सव का आगाज विश्व प्रसिद्ध शंख व डमरू वादक डॉ विपिन मिश्रा के स्त्रोत वादन के साथ किया गया। महोत्सव में शंख व डमरू के साथ स्त्रोत वादन की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की। डॉ विपीन मिश्रा व उनके सहयोगी ने वैदिक परंपरा का निर्वहन करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। समारोह के उद्घाटन के दौरान उन्होंने वैदिक स्त्रोत गायन के बीच शंख और डमरू से संगीत और भक्ति की समां बांध दी। 2015 से लेकर वे अब तक हर इटखोरी महोत्सव का गवाह बन रहे हैं। वहीं चतरा उपायुक्त रमेश घोलप और एसपी विकास पांडे ने उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

### यूसिल ने स्कूली बच्चों को बांटे लंच बॉक्स व स्टील की बोतलें

**जमशेदपुर** : यूसिल के नरवापहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबंधन की ओर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय हितकू के बच्चों के बीच 149 आधुनिक लंच बॉक्स, 147 स्टील बोतल, 40 योगा मैट व 300 जूट बैग का वितरण किया गया। बच्चे आधुनिक लंच बॉक्स पाकर काफी खुश थे। अब उन्हें लंच बॉक्स में गर्म टिफिन खाने को मिलेगा। इस मौके पर यूसिल के अधिकारी स्टॉलीन हेंब्रम, हेमलता पी शिरोडकर, गाजिया हांसदा, तरुण नायक, ए कृष्णा राव, सुभाष नारायण देव, सूरज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

### जल के बिना जीवन अधूरा है : जोबा माझी

**चाईबासा** : नगर परिषद कार्यालय स्थित विवाह भवन में बुधवार को प्रदान संस्था के तत्वावधान में जल संवाद नेटवर्क और गठबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी शामिल हुईं। सांसद ने जल की महत्ता और उसके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि मानव जीवन में जल की क्या अहमियत है। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। जल के बिना जीवन अधूरा है, लेकिन प्रकृति के इस अनमोल वरदान के प्रति हम कितने गंभीर हैं। इस पर चिंतन होनी चाहिए। सांसद ने कहा आये दिन गांव या शहर में जल की बबार्दी होते देखा जाता है। उन्होंने लोगों से जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनने की अपील करते हुए कहा सुदूर इलाके के लोगों को शुद्ध जल नहीं मिल पाता है तो कहीं लोगों को पेयजल के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। कहा सरकार के स्तर से भी प्रयास किये जा रहे है कि लोगों को शुद्ध जल मिल सके, लेकिन जल की बबार्दी रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने पिछले दिनों जिले में डीएमएफटी शासी परिषद की बैठक में जल संकट से निपटने के लिए बनाये गये रणनीति साझा की। इस दौरान सांसद जोबा माझी के हाथों विभिन्न हितधारकों को उनके बेहतर प्रयास के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन थ्रीटी दास और आचल कुमारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रदान के टीम कार्डिनेटर हसन अदीब खान ने किया। कार्यशाला में मुखिया मेलानी बोदरा, लक्ष्मी केराई, रुकमणी मोदिन, कुश पुरती, सुखमती जोंको, निशु निशांत, मोहम्मद शहाबुद्दीन, साजिद अमीन, ज्योति रानी, रूपेली दत्ता, बप्पा घोष, हर्ष अरूण, योगेंद्र परमार, मनीष कुमार दिलीप कुमार, राजेश गागराई समेत वार्ड सदस्य, जल सहिया, महिला मंडल की सदस्य व अन्य उपस्थित थे।

## कोडरमा में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

# 23 मोटरसाइकिलें बरामद, तीन चोर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना मिली कि कुछ बाईक चोर कोडरमा जिला में सक्रिय हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस अधीक्षक ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।इस अभियान के दौरान, मरकच्चो थाना क्षेत्र में दो बाइक सवार व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में देखा गया। पुलिस की चेकिंग देखकर वे तुरंत यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास करने लगे, जिससे पुलिस को उन पर संदेह हुआ। पुलिस ने उन्हें पीछा कर पकड़ लिया। जब उनसे बाइक से संबंधित कागजात मांगे गए, तो उन्होंने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया।पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान, दोनों ने स्वीकार किया कि वे मोटरसाइकिल चोर हैं और चोरी की मोटरसाइकिलों की रेकी करने मरकच्चो थाना क्षेत्र में आए थे। उन्होंने बताया कि वे चोरी की मोटरसाइकिलों को डोमचांच थानान्तर्गत कोसाहना गांव के जंगल में एक झोपड़ी में इकट्ठा करके रखते थे और ग्राहकों को मिलने पर बेच देते थे। इनके तीसरे साथी का नाम प्रकाश मेहता है, जो बाइक की देखरेख करता था।पुलिस अधीक्षक ने यह जानकारी प्राप्त करने के बाद विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने डोमचांच थानान्तर्गत कोसाहना गांव के जंगल में छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप 23 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस मामले में शामिल प्रकाश मेहता को भी गिरफ्तार किया गया।इस मामले में मरकच्चो थाना में कांड संख्या-12/2025 दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस सफल कार्रवाई ने वाहन चोरी के गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगाया है और स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा का एहसास बढ़ाया है।

## कोडरमा अंडर 23 क्रिकेट टीम इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के लिए बोकारो रवाना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में 20 फरवरी से खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 क्रिकेट टीम के लिए कोडरमा की टीम बोकारो रवाना हो गई है। बोकारो में कोडरमा की टीम को हजारीबाग,सरायकेला खरसावां, गोड्डा, जमशेदपुर और पाकुड़ से खेलना है। कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की सेलेक्शन कमिटी ने जेएससीए द्वारा खिलाड़ियों के जांचे गए सही प्रपत्र के आधार पर और ट्रायल मैच में खिलाड़ियों द्वारा किए गए अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर जिला अंडर 23 क्रिकेट टीम को चुना है। जिला क्रिकेट टीम में चयनित खिलाड़ियों में रोहित भारती (कप्तान), विकास कुमार यादव, नीरज यादव, कुमार हेमंत, रजनीश कुमार, नीतीश यादव, आदित्य राज, अभय कुमार सिंह, निरंजन कुमार, सुशांत वर्मा, आदित्य कुमार झा, आदित्य कुमार, नारायण चौधरी और आशीष कुमार शामिल है वही टीम मैनेजर अभिराज गौतम को बनाया गया है। केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने बताया की अंडर 23 टीम बुधवार को बोकारो के लिए रवाना हो गई। उन्होंने कहा कि कोडरमा की टीम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। टीम अच्छा प्रदर्शन करेंगी। मौके पर अमरजीत सिंह छाबड़ा, सचिव दिनेश सिंह, अनिल सिंह, मनोज सहाय पिंकू, सोनू खान, सुमन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र कौशिक, विशाल कुमार, मुकेश प्रभाकर, ओमप्रकाश, तहसीन हुसैन, कैंप इंचार्ज अभिराज गौतम अजय झा सहित अन्य मौजूद थे।

# गिरिडीह में नक्सलियों की साजिश नाकाम सुरक्षा बलों ने बरामद किया भारी विस्फोटक

- 04 बंडल कोडेक्स वायर, 05 डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 जिलेटिन स्टिक, हेक्सा ब्लेड और 200 लीटर सैंटोक्स किया गया बरामद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गिरिडीह** : गिरिडीह पुलिस और सीआरपीएफ की 154 बटालियन ने नक्सलियों की एक बड़ी विध्वंसक योजना को समय रहते विफल कर दिया। बुधवार को खुखरा थाना क्षेत्र के गार्दी और मर्मी के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए।गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में चार बंडल कोडेक्स वायर, पांच डेटोनेटर, 20 किलो विस्फोटक पाउडर, डेढ़ किलो नेल आयरन, 111 जिलेटिन स्टिक, हेक्सा ब्लेड और 200 लीटर सैंटोक्स बरामद किया गया। इसकी पुष्टि सीआरपीएफ 154 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी और एएसपी अभियान सुरजीत कुमार ने की । अधिकारियों ने बताया कि सीआरपीएफ की 154 बटालियन के कमांडेंट और पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को सूचना मिली थी कि नक्सली साहेबराम मांझी और पवन लंगड़ा उर्फ ??पवन मांझी का दस्ता गार्दी और मर्मी में देखा गया है। इस आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम में द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, एएसपी ऑपरेशन सुरजीत, सहायक कमांडेंट विजय सिंह मीना, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वर्मा, बलवंत सिंह के साथ सीआरपीएफ व पुलिस के जवान शामिल थे। टीम ने जांच शुरू कर पूरे जंगल की तलाशी ली कई घंटों तक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नक्सली भाग निकले, लेकिन टीम ने उनके द्वारा छिपाए गए विस्फोटक बरामद कर लिए। एएसपी ऑपरेशन सुरजीत ने बताया कि टीम अभी भी इलाके में छापेमारी कर रही है।

### प्रतियोगिता से बौद्धिक विकास होता है : हेमन्त कुमार

**गुमला** : सांता पब्लिक स्कूल मै वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता की पांचवें दिन स्कूल के खेल मैदान में पूरी तरह खेल का वातावरण रहा, मोके पर खिलाड़ियों से परिचय करते हुए स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार, स्कूल के कोषाध्यक्ष जयमंती एक्का सहित स्कूल के अभिभावक स्नेह लता एक्का, सागर गोप, सुषमा देवी, नीमा कुमारी, जानकी देवी,, सोनी देवी, रजनी कर-केरट्टा, बलूटी देवी, देव साहू, जितनी कुमारी, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरूआत की, मौके पर स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा प्रतियोगिता से बौद्धिक विकास होता है, खेल एक माध्यम है जिससे बौद्धिक और शारीरिक दोनों विकास होते हैं, खेल को करियर के रूप में ले, इसलिए स्कूल में प्रत्येक वर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, स्कूल में बच्चों के विकास के लिए सभी क्षेत्र पर विशेष ध्यान दी जाती है।

# वेदांता ईएसएल के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी बने रवीश शर्मा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : बुधवार को वेदांता ईएसएल रवीश शर्मा को उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। मेटल उद्योग में दो दशकों से अधिक के अपने अनुभव के साथ, वे धातुकर्म संचालन, इंजीनियरिंग, एचएसई, व्यावसायिक उत्कृष्टता, हितधारक प्रबंधन और सीएसआर में विशेषज्ञ हैं। वेदांता में अपने करियर के दौरान, उन्हों ने विभिन्न व्यवसायों में प्रमुख नेतृत्व भूमिकाएँ निभाई हैं, जिनमें भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (वेदांता), हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (वेदांता) और ईएसएल स्टील लिमिटेड (वेदांता) शामिल हैं। उनके योगदान ने व्यावसायिक विकास और संचालन उत्कृष्टता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सुरक्षा उत्कृष्टता के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता उनके नेतृत्व के दृष्टिकोण का एक आधारस्तंभ बनी हुई है, जो कार्यस्थल की सुरक्षा और संचालन दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि मैं बोकारो में इस एकीकृत स्टील प्लांट का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूँ। वेदांता परिवार के भीतर अपने करियर को विकसित करते हुए, मेरे इस संगठन और इसके मिशन के साथ एक मजबूत संबंध है। हमारी समर्पित टीम के साथ मिलकर हमारे संचालन के प्रदर्शन को बढ़ाने, सतत विकास रणनीतियों का पालन करने और हमारे हितधारकों के लिए स्थायी मूल्य बनाने के लिए उत्साहित है। सबसे ऊपर, हम सुरक्षा, दक्षता और जिम्मेदार संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग रहेंगे।

**वेदांता ईएसएल के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी का परिचय**

श्री शर्मा ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है और उन्होंने आईएसबी हैदराबाद (2024) में सीनियर लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से अपने नेतृत्व कौशल को और निखारा है। वेदांता में अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने सफलतापूर्वक संचालन के प्रदर्शन को बढ़ाया है और चांदी, जस्ता, सीसा और एल्यूमीनियम धातुकर्म के साथ-साथ एकीकृत स्टील प्लांट संचालन में नए मानक स्थापित किए हैं। उनकी नेतृत्व उत्कृष्टता को 2018 में ईटी एनओडब्लू और पीपल बिजनेस द्वारा ग्रेट मैनेजर अवार्ड प्राप्त करने पर मान्यता मिली।

## आयुष मंत्रालय भारत सरकार की टीम ने किया जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : आयुष मंत्रालय, भारत सरकार तथा आयुष निदेशालय, झारखण्ड सरकार के दस सदस्ये संयुक्त टीम निरीक्षण के लिए बोकारो पहुची। टीम के सदस्यों ने जिले के विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिर(आयुष) का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष पेटरवार, बोकारो स्टील सिटी, कोरिया, चन्दनकियारी के ओपीडी, रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, कैम्प रजिस्टर, योगा रजिस्टर, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं साफ-सफाई की गम्भीरता से जांच किया। वहीं, फारलेन एनएच-23, फेज-5 अमृत पार्क के पास दस बेड की निमार्णाधीन महर्षि चरक आयुष अस्पताल,बोकारो का भी निरीक्षण किया। इस दौरान आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। निरीक्षण के बाद सभी ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के संयुक्त टीम में भारत सरकार आयुष मंत्रालय से निदेशक जसविंदर सिंह, ?रिसर्च ऑफिसर डॉ.अहमद, डॉ.अशोक कुमार सिंह, डॉ.गजेन्द्र बघेल, विनय कुमार सिंह, शशांक कुमार झा, आयुष निदेशालय झारखण्ड सरकार से डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ.अशोक पासवान, डॉ. अनुज कुमार मंडल, मयंक अशोक के अलावे जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शिवशंकर पांडेय, जिला नोडल पदाधिकारी डॉ. एके प्रसार, विमल मिश्रा आदि शामिल थे।

# बिना ई-केवाईसी के मार्च में जिले के चार लाख 10 हजार से अधिक लाभुक होंगे राशन से वंचित

- 28 फरवरी तक ई-केवाईसी कराने की डेटलाइन तय, ऐसा नहीं करनेवाले लाभुक का नाम राशन कार्ड से कटेगा
- जिले में 14 लाख 67 हजार 394 राशन उपभोक्ता, 17 फरवरी तक 10 लाख 56 हजार से अधिक लाभुक करा चुके हैं केवाईसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : जिले के 4 लाख 10 हजार 437 उपभोक्ताओं के नाम मार्च में राशन कार्ड से हटाए जा सकते हैं। इसका कारण यह है कि जिले में इतनी बड़ी संख्या में लाभुक अब तक आधार शिडिंग से ई केवाईसी नहीं करा पाए हैं। जबकि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सरकारी राशन का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी जरूरी है। बचे लाभार्थी 28 फरवरी 20225 तक ई-केवाईसी नहीं कराते हैं तो उन्हें राशन कार्ड की सुविधा से वंचित किया जाएगा। विभाग ने चेताया है कि ऐसे लाभुकों के लिए यह अंतिम मौका है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले के आपूर्ति कार्यायल की ओर से नगर सहित प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली केन्द्र के विक्रेताओं को राशन कार्ड में नामित धारकों का पॉश मशीन के माध्यम से ई-केवाईसी कराने का निर्देश जारी किया गया था। बीते 17 फरवरी तक जिले के लगभग 72 प्रतिशत लाभुक ही ई-केवाईसी करा पाए हैं। शेष बचे 28 प्रतिशत लाभुकों के लिए 28 दिसंबर तक ही समय बचा हुआ है। साथ ही परदेश रहने वाले राशन कार्ड धारियों को भी हिदायत दी गई है कि अपना ई केवाईसी करा ले। ऐसा नहीं करने पर उनका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा।

**17 फरवरी तक केवाईसी नहीं करनेवाले लाभुकों की संख्या**

**जिले** के 14 लाख 67 हजार 394 लभुकों में 4 लाख 10 हजार 437 लाभुकों ने केवाईसी नहीं कराया है।

चंदनकियारी प्रखंड में - 55 हजार 939.
चास प्रखण्ड में- 65 हजार 444.
चास नगर निगम- 27 हजार 634.
बीएस सिटी- 39 हजार 184.
बेरमो - 18 हजार 167.
फुसरो नगर परिषद - 16 हजार 133.
कसमार- 23 हजार 618.
जरीडीह- 20 हजार 653.
गोमिया- 51हजार 050.
पेटरवार- 32 हजार 052.
चन्द्रपुरा - 25 हजार 247.
नावाडीह - 35 हजार 318.

**ग्रीन राशन कार्ड को दिया जा रहा माह में दो बार अनाज**

**बोकारो** जिले के 40 हजार 202 ग्रीन राशन कार्ड धारियों को महिले में दो बार अनाज का वितर जा रहा है। जिसकें 1 - 15 त?रीख तक बेक लॉक राशन दिया जाता है, जो अभी बीते अप्रैल-2024 का अभी दिया गया। वहीं फरवरी माह में 16 - 28 तक चालू माह का अनाज दिया जा रहा है। लाल राशन कार्ड धारी को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत हर माह सरकारी राशन का लाभ दिया जा रहा है। इसमें जिले के 3 लाख 34 हजार 179 लाभुक है।

**ऑल इंडिया में कही से भी लाभुक करा सकते हैं ई-केवाईसी : डीएसओ**

**जिला** आपूर्ति पदाधिकारी शालीनी खलको ने बताया कि सरकार के निर्देश पर विभाग ने पहले ही राशन प्राप्त करने वाले लाभुकों को अपना ई-केवाईसी कराने का निर्देश जारी किया था। ई-केवाईसी कराने के लिए अब अंतिम मौका 28 फरवरी तक है। अगर लाभुक तय समय में अपना ई-केवाईसी नहीं कराते हैं तो राशन से वंचित किए जाएंगे। विभाग ऐसे लाभुक का नाम राशन कार्ड से हटा सकते हैं। राशन कार्ड का सत्यापन नहीं किया गया तो इसे अयोज्ञय समझा जायेगा। वहीं उन्होंने कहा है कि लाभुकों को ई-केवाईसी कराने में तेजी लाया जायेगा।

## जी.एस. पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

# शिक्षा ही जीवन में अज्ञानता के अंधकार को मिटाती है : निदेशक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : जिले के डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान सह गायत्रीतीर्थ शान्तिकुंज के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में वर्ग पंचम से वर्ग दशम के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त परीक्षार्थियों को क्रमशः गोल्ड , सिल्वर , ब्रांच मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं निर्देशक नितेश कुमार के द्वारा कहा गया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का मकसद छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना और उनका सर्वांगीण विकास करना होता है। इससे उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ावा मिलता है।सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के कुछ और उद्देश्य हैं।छात्रों को विभिन्न विषयों में जानकारी देना । छात्रों को दुनिया के हर हिस्से से जुड़े रहने और अपडेट रहने में मदद करना छात्रों को सकारात्मक सामाजिक प्रभाव डालने की क्षमता में मदद करना । छात्रों को जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने और करियर विकल्पों पर निर्णय लेने में मदद करना ।सामान्य ज्ञान के बारे में कुछ और बातें है सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता का मापदंड होता है। यह तार्किक सोच और विवेकशीलता को भी परिभाषित करता है। सामान्य ज्ञान, व्यक्तिगत विकास, सामाजिक चरित्र और सामरिक परीक्षाओं में मदद करता है। सामान्य ज्ञान, हमें जगत की गतिविधियों से अवगत रहने के लिए अत्यंत आवश्यक है। सामान्य ज्ञान, क्रिस्टलीकृत बुद्धिमत्ता का एक आवश्यक घटक है। विद्यालय के उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन तथा सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नामाकंन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**कोडरमा** : झारखण्ड टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, झुमरी तिलैया में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अन्तगर्त नामाकंन प्रकोष्ठ की बैठक महाविद्यालय के सभागार में प्राचार्य डा. अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई जिसमें महाविद्यालय के नामाकंन प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रो. सुरभि कुमारी, प्रो. बिनीता कुमारी, सहायक सदस्य रीना कुमारी तकनीक सहायक प्रो. सूरज कुमार उपस्थित थे। नामाकंन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. सुरभि कुमारी ने यह बताया कि झारखण्ड सरकार द्वारा बी०एड प्रवेश के लिए नामित झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परिषद के अधिकृत वेब पेज पर सत्र 2025-2027 के समस्त बी०एड कालेजों में नामाकंन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गए है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
Website: https://jepsimdega.in, E-mail:- ssasimdega@gmail.com

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आम सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक 117 दिनांक 09.01.2025 के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु राष्ट्रीय अविश्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत दिनांक 24.02.2025 को नगर भवन, सिमडेगा में वर्ग 8 से 12 के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों हेतु पुस्तक मेला का आयोजन पूर्वाहन् 11:00 बजे से 3:30 बजे तक किया जा रहा है। पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु इच्छुक प्रकाशक दिनांक 21.02.2025 तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, सिमडेगा में अथवा ई–मेल आई डी ssasimdega@gmail.com पर समर्पित करते हुए पुस्तक मेला में भाग ले सकते है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 346819 Simdega(24-25)#D



**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, गुमला का कार्यालय**
**(परिवहन शाखा)**

**आम-सूचना**

एतद् इस आम सूचना के माध्यम से जिलान्तर्गत परिचालित सभी ऑटो रिक्शा वाहन के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि प्राप्त सूचनानुसार दिनांक 24.02.2025 को आर0टी0ए0, रांची के स्तर से स्थानीय नया समाहरणालय भवन चण्डाली अवस्थित जिला परिवहन कार्यालय, गुमला के परिसर में विशेष कैंप लगाकर ऑटो परमिट निर्गत करने की कार्रवाई की जानी है। एतदर्थ इस जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में परिचालित सभी ऑटो रिक्शा के मालिकों को सूचित किया जाता है कि आयोजित विशेष कैंप का लाभ उठाकर परमिट निर्गत कराने की कार्रवाई पूर्ण कर लें। इस हेतु पूर्व से ऑनलाईन पोर्टल https://vahan.parivahan.gov.in/onlinepermit/vahan/loginpage.xhtml पर आवेदन किया जा सकता है, विशेष परिस्थिति में ऑनलाईन परमिट आवेदन में अगर कोई कठिनाई परिलक्षित होती हो तो कार्यालय कार्य अवधि के बीच जिला परिवहन कार्यालय, गुमला में सम्पर्क किया जा सकता है। विदित हो कि परमिट के लिये विशेष कैंप में अगर बिना परमिट के परिचालित टेम्पू वाहन के स्वामियों के द्वारा परमिट निर्गत कराये जाने की कार्रवाई नही पूर्ण की जाती हो तो, परिचालन के दौरान पकड़े जाने पर मोटरवाहन अधिनियम की संगत धारान्तर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी, जिसकी पूर्ण जबावदेही संबंधित टेम्पू के मालिकों की होगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
गुमला

PR 346758 Transport (24-25)_D


# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के 07 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजूकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का सफल शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में लक्ष्य गीत गाकर शिखा एवं अण्णाश्री ने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार के योग एवं मैडिटेशन करवाया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक भोजन किया। शिविर के दूसरे सत्र में विनोबा भावे विश्वविद्यालय की अंग्रेजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ० सरिता सिंह , महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ मृदुला भगत, ग्रिजली पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा मैडम आदि ने दीप प्रज्ज्वलित एवं संत विनोबा भावे, गांधी जी, बिरसा मुंडा, सरदार पटेल एवं स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ० मृदुला भगत ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक रवीना कुमारी, दीप्ति कुमारी, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी एवं अन्ना श्री द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया । नैंसी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, खुशबू कुमारी, लक्ष्मी कुमारी एवं रवीना कुमारी द्वारा झारखंडी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने पीपीटी के माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रियाकलापों को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ सरिता सिंह द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य, कार्य, महता एवं विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा किया साथ शिविर से जुड़े रहने हेतु प्रेरित कर राष्ट्रीय सेवा योजना की सदस्यता हेतु मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास करती है। सामाजिक जागरूकता में राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्वपूर्ण योगदान है।मुख्य अतिथि को महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने शॉल एवं स्मृति चिन्ह एवं राष्ट्रीय योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क सभी स्वयंसेवक, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, एवं सभी सदस्य उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाया। शिविर का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी एवं सूत्र संचालन दीप्ति कुमारी ने किया।

## एक झलक

### शराब, नगद राशि के साथ युवक गिरफ्तार

**अररिया** : जिले की पलासी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार को मोटरसाइकिल पर सवार एक तस्कर को नेपाली शराब और नगद राशि के साथ गिरफ्तार किया।पलासी थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए गुप्त सूचना पर तस्कर को 17 लीटर नेपाली शराब, 39 सौ रुपये नकद राशि और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने की बात कही। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की बाद पलासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में अररिया जेल भेज दिया गया है।आरोपी युवक नेपाल से शराब को तस्करी कर लेकर जा रहा था।इसी क्रम में पलासी थानाध्यक्ष के नेतृत्व में।पुलिस ने यह कार्रवाई की।

### रसोई गैस सिलिंडर लीक होने से तीन झुलसे

**नवादा** : नवादा में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए. यह हादसा नवादा जिले के पकरीबरावां थाने के छत्रवार गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को गैस सिलेंडर लीक होने से परिवार के तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए ।जिन्हें डायल 112 के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज हेतु नवादा रेफर कर दिया गया है। घटना में पीड़ित विनोद चौधरी की पत्नी सुनीता देवी रोटी पका रही थी और परिवार के सभी लोग एक साथ उसी स्थान पर बैठे थे। अचानक गैस लीक होने से घटना स्थल पर ही विनोद चौधरी एवं उनकी पत्नी सुनीता देवी,एवं 2 साल का बच्चा सुमन कुमार बुरी तरह झुलस गया । काफी शोर शराबा के बाद गांव के लोग पीड़ित के घर पहुंचकर जुट की बोरी से सिलेंडर को ढक्कर आग पर काबू पाया ।तब जाकर परिवार के लोगों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी.सूचना मिलते ही डायल 112 पर ड्यूटी में तैनात एस आई पप्पू कुमार गांव पहुंचकर आग से झुलसे लोगों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया। चिंताजनक स्थिति में चिकित्सकों ने सादर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**पदमा** : पदमा स्थित इटखोरी मोड़ के समीप बुधवार देर शाम एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल, दोनों युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक संख्या जेएच02बीएम 8407 ने बाइक संख्या जेएच02एटी 1361को जोरदार टक्कर मार दी ।

### मुख्यमंत्री ने रोहतास जिले को दी 1,378 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात

# 1220 योजनाओं का हुआ उद्घाटन

एजेंसी

**पटना** : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बेलाड़ी परिसर से रोहतास जिला के लिये 1,378.46 करोड़ रुपये की कुल 1,220 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्?घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 1,110.23 करोड़ रुपये 1,971 योजनाओं का शिलान्यास और 268.22 करोड़ रुपये की 249 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी प्रखंड में 4,973.33 लाख रुपये की लागत से करमचट इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब योजना, ग्राम बादलगढ़ में 271.16 लाख रुपये की लागत से बोट हाउस कैंप योजना एवं दिनारा प्रखंड में 1489.33 लाख रुपये की लागत से भलुनी धाम इको पार्क योजना का रिमोट के माध्यम से अनावरण कर शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने दुर्गावती इको टूरिज्म एन्ड एडवेंचर हब के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हॉट एयर बैलून बैलून तथा आदिवासी जनजाति विकास समिति द्वारा साल के पत्तों से दोना एवं प्लेट के निर्माण प्रक्रिया का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चेनारी प्रखंड के मलहीपुर पंचायत में ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने मनहीपुर ग्राम का भ्रमण कर कराए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए। मलहीपुर पंचायत में निर्मित कराए गए बैडमिंटन कोर्ट का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने रोहतास जिला अंतर्गत मलहीपुर में पंचायत सरकार भवन के समीप 9.90 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिवा पशु पशु शेड, बैडमिंटन कोर्ट, 9.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल मैदान तथा 9.80 लाख रुपये की लागत से निर्मित तालाब का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने सामुदायिक पशु रोड का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई।



# दो गाड़ी को दिया गया एक ही रजिस्ट्रेशन नम्बर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग डीटीओ कार्यालय हमेशा सुर्खियों में रहता है। इस बार यह सुर्खी इस कारण बटोर रहा है कि इसी कार्यालय से दो गाड़ी का एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर जारी हो गया है । इसके बाद पूरे कार्यालय में अफरा तफरी और जांच का माहौल है. जिला परिवहन पदाधिकारी से लेकर एमवीआई तक जांच कर रहे हैं कि आखिर यह हुआ कैसे। झारखंड में हर कुछ संभव है ।आलम यह है कि सड़क पर एक ही नंबर की दो स्कॉर्पियो गाड़ी घूम रही है ।दोनों गाड़ी का चेचिस नंबर और इंजन नंबर भी एक ही है ।ऐसे में यह कैसे हुआ है यह चर्चा का विषय बन गया है ।पदाधिकारी से लेकर कर्मी तक इस बुझवल को बुझाने के लिए लगे हुए हैं ।दरअसल हजारीबाग के रहने वाले सत्येंद्र नारायण सिंह 2016 में स्कॉर्पियो गाड़ी खरीदें । उनके बेटे को रांची जाना था। उन्होंने दो दिन पहले गाड़ी का प्रदूषण का कागज बनाया ।जब कागज बनाया गया तो पता चला कि जो गाड़ी उनका है ।

# संजय शेखर नारायण हत्याकांड मामले में दो अपराधी गिरफ्तार



एजेंसी

**भागलपुर** : जिले में तिलकामांझी थाना अंतर्गत संजय शेखर नारायण हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए हत्या में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिटी डीएसपी अजय चौधरी ने बुधवार को दी। सिटी डीएसपी ने बताया कि बीते 24 जनवरी को तिलकामांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंदीचक के रहने वाले संजय शेखर नारायण का शव उनके अपने ही घर में पाया गया था। इस संबंध में मृतक के पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर तिलकामांझी थाना में सुसंगत धाराओं में कांड पंजीकृत किया गया था। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर-1 के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मानवीय सुत्रों के आधार पर कांड का उद्भेदन किया गया। इस कांड में संलिप्त दोनों व्यक्तियों को मधुसुदनपुर से गिरफ्तार किया गया तथा मृतक का मोबाइल एवं चेकबुक अभियुक्तों के पास से बरामद किया गया है। घटना का कारण दोनों व्यक्ति मृतक के घर काम किया था, जिसका पैसा नहीं मिलने पर मफलर से गला दबाकर हत्या कर दिया।

### जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन सह उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

# उपायुक्त ने मुखिया रमेश बेदिया को किया सम्मानित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**ओरमांझी** : झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में बुधवार को अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रांची के सभागार में रांची जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रांची जिला के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री के द्वारा चयनित की सर्वश्रेष्ठ मुखिया के रूप में डुंडाहोली पंचायत के रमेश बेदिया का चयन किया गया। उन्हें उपायुक्त की ओर से जिला परिषद अध्यक्ष सुमित्रा भगत ने जिला शिक्षा अधीक्षक की उपस्थिति में ट्रॉफी देखकर सम्मानित किया। इसके पूर्व जिला के उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने कहा कि जिला के सभी विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव के साथ साथ विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कराना पंचायती राज प्राधिकार के मुखिया सहित सभी चुने गए जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है। विद्यालयों में भवन की कमी, शौचालय और पेयजल सहित सभी आधारभूत संरचना की मुकम्मल व्यवस्था करना भी मुखिया की प्राथमिक सूची में होनी चाहिए। मुखिया सम्मेलन के दौरान ओरमांझी प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले मुखिया के रूप में डुंडाहोली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया का चयन किया गया।

# 200 मरीजों की निःशुल्क हुई टीबी की जांच



एजेंसी

**नवादा** : नवादा जिले के कौआकोल के नेशनल डायग्नोस्टिक्स जांच केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित टीबी जांच केंद्र में बुधवार को निःशुल्क टीबी जांच किया गया। इस दौरान 200 मरीजों का केंद्र पर ब्लड,सीबीसी,एक्सरे एवं बलगम का जांच किया गया। केंद्र के निश्चय मित्र व संचालक दानिश इकबाल ने बताया कि इस केंद्र पर टीबी मरीजों को दवाई एवं पोषाहार का निःशुल्क वितरण किया जाता है। शिविर में पहुंचे जिला स्वास्थ्य समिति (यक्ष्मा) नवादा के सहायक अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० माला सिंह ने टीबी रोग के लक्षण एवं उसके बचाव तथा सरकार द्वारा टीबी रोगियों के लिए दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

# मृतक के परिजन को केन्द्र और राज्य सरकार दे मुआवजा : चक्रपाणि



एजेंसी

**भागलपुर** : बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु एवं वरीय राजद नेता अवनीश कुमार ने बुधवार को कुंभ स्नान कर लौटने के क्रम में ट्रेन दुर्घटना में मारे गए जिले के बिहपुर प्रखंड के झंडापुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 1 के अनिल शाह एवं उनकी 14 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के परिजन, पत्नी समेत दो बेटों से मिलकर घटना के प्रति शोक व्यक्त किया। संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजन को वरीय राजद नेता बिहपुर विधानसभा ने आर्थिक सहायता के रूप में 10 हजार रुपये दिए। मृतक के बड़े लड़के पटना साइंस कॉलेज के जंतु विज्ञान के पार्ट 3 के छात्र पिता की मृत्यु के बाद पढ़ाई के लिए पैसे की अभाव में चिंतित थे। उसे भी पढ़ाई के लिए सहयोग की हर संभव बात की। बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि केंद्र के राज्य एवं राज्य सरकार अविलंब मृतक के परिजन को 10-10 लाख रुपए मुआवजा दे। उन्होंने कहा कि आज तक प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा मृतक के परिजन का सुधि नहीं लेना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### अफीम की खेती के खिलाफ चला मोबाइल वैन जागरूकता अभियान

**अनगड़ा** : अनगड़ा थाना की पुलिस ने बुधवार को अनगड़ा थाना क्षेत्र के कई सुदूरवर्ती गांवों में अफीम की खेती के खिलाफ मोबाइल वैन जागरूकता अभियान चलाया। थाना प्रभारी हीरालाल साह के नेतृत्व में सताकी, अंबाझरिया, जोन्हा, गुड़ीडीह, बरवादाग, टाटी पंचायत के अनेक अफीम की खेती प्रभावित गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। लोगों से अफीम की खेती नही करने का आहवान किया गया। कहा गया कि थोड़े से लालच में हम अपनी जेनरेशन खराब कर रहे है। अफीम की खेती करना कानूनन अपराध है।

# पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याओं के निराकरण को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



एजेंसी

**अररिया** : अररिया जिला के पूर्व सैनिकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम अनिल कुमार से बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसी को भूमि विवाद , राजस्व विवाद, कई वीर नारियों को पेंशन से संबंधित समस्याएं, झूठे मुकदमे में फसने से संबंधित समस्याएं, लंबे समय से अनुश्रवण समिति की बैठक न होने के कारण विभिन्न तरह की उत्पन्न समस्याओं से डीएम को अवगत कराया गया।मांगों को लेकर पूर्व सैनिकों ने डीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर डीएम ने सभी पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया गया कि हर तरह की वैधानिक समस्याओं को त्वरित दूर किया जाएगा। उन्होंने समस्याओं के लिए फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से भी अवगत कराने को कहा। पूर्व सैनिकों ने बताया कि सदर डीएसपी अररिया से भी मुलाकात किया गया और जिला में सैनिक हेल्प डेस्क के गठन को लेकर चर्चा की गई। सेवारत सैनिक, पूर्व सैनिक वीर नारियों एवं सैनिक परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए इंस्पेक्टर मुकेश कुमार को नियुक्त करने की जानकारी दी गई। मौके पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के कैप्टन डीएन झा,प्रमंडलीय प्रभारी एवं अध्यक्ष खगेंद्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष सह कानूनी सलाहकार अधिवक्ता रणजीत कुमार सिंह, सचिव दयानंद रजक, कोषाध्यक्ष नंदन कुमार,मोहन मेहता,चंदन सहित दर्जनों पूर्व सैनिक उपस्थित थे।

## 14 मध्य विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023-24 बीत जाने के बावजूद छात्र-छात्राओं के बीच नहीं हुआ साइकिल का वितरण

**अनगड़ा** : अनगड़ा प्रखंड के 14 मध्य विद्यालयों में वित्तीय वर्ष 2023-24 बीत जाने के बावजूद अभी तक 279 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण नही किया गया है। इस मामले की जांच कर दोषी दोषी आपूर्तिकर्ता वेंडर व विभागीय अधिकारियों पर कारवाई के लिए बुधवार को उपायुक्त् रांची को ज्ञापन सौंपा गया। यह मामला मंगलवार को जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत की समीक्षा बैठक में अनगड़ा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा ने उठाया। राजेन्द्र शाही मुंडा ने बताया कि अभी तक उक्त् वित्तीय वर्ष की साइकिल की आपूर्ति ही प्रखंड में संबंधित आपूतिकर्ता वेंडर के द्वारा नही किया गया है। इस पूरे प्रकरण में साइकिल घोटाला की कवायद की जा रही है।

## भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन कार्य सम्पन्न



**नामकोम** : बुधवार को नामकोम स्थित समाधान केन्द्र में भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन का कार्य ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज के अध्यक्षता में किया गया। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा नियुक्त सत्यापन पदाधिकारी के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता ओम सिंह,सह प्रभारी पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार जी शामिल हुए। उनके द्वारा जिले में भाजपा नेताओं द्वारा सदस्यता अभियान के अवसर पर बनाये गये सक्रिय सदस्यों का जांच एवं सत्यापन किया गया ।ओम सिंह ने कहा कि मंडल गठन के लिए 50% बुथों में सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है। वहीं जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि पार्टी पदाधिकारी बनने के लिए सक्रिय सदस्य होना जरूरी है।मौके पर ओम सिंह जी , जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज एवं जैलेन्द्र कुमार के द्वारा सक्रिय सदस्य बने कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्यता रसीद भी निर्गत किए।

# भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना का रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह 22 को

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**पटना** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना की स्थापना 22 फरवरी 2001 को जल प्रबंधन अनुसंधान निदेशालय, पटना के केन्द्रीय बागवानी परीक्षण केन्द्र, रांची (भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर क्षेत्रीय स्टेशन) और केन्द्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान, पूसा (केन्द्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान, राजमुंदरी क्षेत्रीय स्टेशन) को मिला कर की गयी थी। यह संस्थान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण संस्थान है।

**संस्थान का अधिदेश**

**कृषि** उत्पादकता, आय और पर्यावरणीय स्थिरता बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का समेकित प्रबंधन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना विगत 25 वर्षों से पूर्वी भारत के सात राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और असम में किसानों की निरंतर सेवा करते हुए कृषि अनुसंधान एवं इनोवेशन में एक प्रमुख शक्ति के रूप में जाना जाता है। कृषि में बदलाव एवं किसानों के सशक्तिकरण में अपनी गौरवपूर्ण भूमिका के उपलक्ष्य में 22 फरवरी 2025 को यह संस्थान रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। इस संस्थान परिसर की आधारशिला तत्कालीन केन्द्रीय कृषि मंत्री नीतीश कुमार एवं सचिव, डेयर तथा महानिदेशक आई.सी.ए.आर. डॉ. राजेन्द्र सिंह परोदा द्वारा रखी गयी थी। इस संस्थान के अंतर्गत वर्तमान में पटना मुख्यालय के 04 प्रभागों के अतिरिक्त रांची में अवस्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र तथा बक्सर एवं रामगढ़ में स्थापित दो कृषि विज्ञान केन्द्र भी किसानों की निरन्तर सेवा कर रहे हैं ।

**परिवर्तनकारी रही है संस्थान की 25 वर्षों की यात्रा**

**प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं...**




- **विभिन्न** कृषि पारिस्थितिक क्षेत्र के लिए समेकित कृषि प्रणाली मॉडल का विकास, जिसमें उर्वरक के उपयोग को 20 से 30% तक कम करने और प्रति हेक्टेयर 1.7 से 2.0 लाख रुपये तक आय बढ़ाने की क्षमता है।
- धान-परती भूमि को हरा-भरा करने हेतु खरीफ में धान की अल्पावधि फसल के बाद परती हुए खेत में भूमिजल का संरक्षण सुनिश्चित करते हुए रबी में चना, मसूर, कुसुम अथवा सरसों की फसल उगा कर कुल धान-परती भूमि का क्षेत्रफल कम करने की तकनीक का विकास।
- धान-गेहूं फसल प्रणाली की फसल आवृत्ति को पर्यावरण-अनुकूल वृद्धि हेतु फसल अवशेष को खेत में रखते हुए शून्य जुताई कर बोये गये गेहूं की फसल के पश्चात नाइट्रोजन-वर्धक ग्रीष्मकालीन मूंग की अतिरिक्त फसल लेने की तकनीक का विकास।
- सब्जी-आधारित फसल प्रणाली में ऊंची क्यारियों, ड्रिप सिंचाई एवं पॉली मल्चिंग का उपयोग करते हुए मिट्टी के पोषक तत्वों तथा जल आदि संसाधनों के संरक्षण की तकनीक को विकसित कर जल उत्पादकता में वृद्धि एवं किसानों की सालाना आय में प्रति हेक्टेयर लगभग 02 से 03 लख रुपए की बढ़ोतरी हासिल की गयी।
- पूर्वी भारत एवं अन्य क्षेत्रों में लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि में बोई जा रही धान की 12 उच्च-उत्पादकता वाली जलवायु अनुकूल किस्मों, जैसे स्वर्ण श्रेया और स्वर्ण समृद्धि को जारी किया गया।
- विविध जलवायु परिस्थितियों के अनुकूल सब्जियों की उच्च उत्पादन-क्षमता वाली, पोषक तत्त्वों से परिपूर्ण 63 किस्में, चना की एक सुखाड़-सहिष्णु किस्म, मखाना की पहली किस्म स्वर्ण वैदेही और फलों की 06 किस्में विकसित की गयीं।
- सौर ऊर्जा आधारित प्रोद्योगिकियों जैसे सौर धान थ्रेशर, सौर कीट जाल और सौर सिंचाई पम्प साइजिंग टूल सॉफ्टवेयर का इनोवेशन किया गया।
- ह्यपूर्णिया गाय एवं ह्यमैथिली बत्तख की देसी नस्लों का पंजीकरण किया गया तथा पशुधन की 06 नस्लों की पहचान की गयी है।
- बिहार एवं झारखण पशुधन के लिए उपयुक्त पशु आहार के रूप में ह्लस्वर्ण मिनह्व नामक खनिज मिश्रण का विकास किया गया।
- इस संस्थान के बक्सर एवं रामगढ़ में अवस्थित दोनों कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा किसानों के सशक्तीकरण हेतु उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण तथा नियमित परामर्श उपलब्ध कराया जाता है।
- अत्याधुनिक क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, फिलीपींस; अंतर्राष्ट्रीय मक्का एवं गेहूं अनुसंधान केन्द्र, मेक्सिको और अंतर्राष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान, श्रीलंका जैसे वैश्विक संस्थानों के साथ निरंतर सहयोग बनाये रखना।
- परिषद के सबसे प्रतिष्ठित मानद विश्वविद्यालय के रूप में प्रसिद्ध भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली द्वारा वर्ष 2023 में शैक्षणिक हब का शुभारम्भ किया गया तथा कृषि में स्नातक, परास्नातक तथा पी.एचडी. की पढ़ाई शुरू की गयी।
- संस्थान द्वारा कोयला-खदान प्रभावित क्षेत्रों में भूमि पुनरुद्धार हेतु वृक्षारोपण आधारित कृषिवानिकी मॉडलों का विकास किया गया।
- इस संस्थान ने बिहार सरकार द्वारा वित्तपोषित जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यक्रम के माध्यम से गया और बक्सर जिलों के किसानों को फसलों की जलवायु-अनुकूल किस्में तथा उन्नत प्रोद्योगिकियां उपलब्ध करायीं।
- निरन्तर आय और कृषि स्थिरता के लिए सहभागी अनुसंधान अनुप्रयोगह्व कार्यक्रम के माध्यम से इस संस्थान द्वारा कमजोर वर्ग के लगभग 12,000 किसानों के सशक्तिकरण हेतु वांछित सहायता प्रदान करते हुए उन किसानों की आय में लगभग 20% से 25% की वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है।
- संस्थान के रांची केन्द्र द्वारा परिशुद्ध कृषि तथा स्वदेशी फसल संरक्षण हेतु वांछित परिवारंकारी योजनाओं के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 17.68 करोड रुपये का वित्तपोषण हासिल किया गया और अंतरजाति ग्राफ्टिंग, जैविक फल प्रणाली, कटहल मूल्य संवर्धन जैसे अनेक इनोवेशन के जरिये किसानों का सशक्तीकरण सुनिश्चित किया गया।

भविष्य को देखते हुए, इस संस्थान का उद्देश्य स्मार्ट तकनीकों, सटीक उपकरणों और डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य भविष्य की जलवायु चुनौतियों का समाधान करना, युवाओं को कृषि की ओर आकर्षित करना और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। पूर्वी क्षेत्र के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना की 25 वर्षों की यात्रा कृषि और किसानों को सशक्त बनाने के प्रति इसके अटूट समर्पण को दशार्ती है। जैसे-जैसे संस्थान नवाचार और सहयोग में आगे बढ़ रहा है, यह पूर्वी भारत में कृषि प्रगति का एक अहम स्तम्भ बना हुआ है, जो विकसित भारत की दिशा में एक स्थिर और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित कर रहा है।

## एक झलक

### हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0

**रांची :** हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज अपडेटेड ओबीडी2बी कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 को लॉन्च किया, जो आधुनिक स्टाइलिंग, नवीनतम तकनीक और बेहतर सुरक्षा फीचर्स के साथ आती है। नई 2025 हॉंडा हॉर्नेट 2.0 की कीमत रु. 1,56,953 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में एचएमएसआई रेड विंग और बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध है।अपडेटेड हॉर्नेट 2.0 को पेश करते हुए, हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ₹अगस्त 2020 में पहली बार पेश किए जाने के बाद से ही हॉर्नेट 2.0 इस सेगमेंट में गेम-चेंजर रही है। वर्षों से, हमने इस मोटरसाइकिल को लगातार अपडेट किया है और स्पेशल MotoGP एडिशन मॉडल भी लॉन्च किए, जिन्हें हमारे ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। नयी OBD2B कंप्लायंट हॉर्नेट 2.0 के साथ, हम इस विरासत को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं, जो अधिक रिफाइंड राइडिंग अनुभव, अत्याधुनिक तकनीक और उन्नत सुरक्षा फीचर्स प्रदान करती है।

### रियलमी ने बहुप्रतीक्षित रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी किया लॉन्च

**रांची :** रियलमी, जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है, उसने गर्व से रियलमी P3 सीरीज 5G पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी P3 प्रो 5G और रियलमी P3x 5G के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूजर्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी P3 प्रो 5G और रियलमी P3x 5G की परफॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिजाइन को भी आकर्षक बनाया गया है, जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, हमें रियलमी P3 प्रो 5G और रियलमी P3x 5G पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है, ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूजर-केंद्रित डिजाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

### कैट को महाकुम्भ 2025 में तीन लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान

**नयी दिल्ली :** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) ने महाकुंभ 2025 में 3 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का अनुमान जताया है। तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे अनुमानित रूप से 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के जरिए बड़े व्यापार के होने का अनुमान है।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से पहले घंटे के कारोबार में ही शेयर बाजार ने निचले स्तर से रिकवरी करके मजबूत स्थिति बना ली, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इसकी चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। स्टॉक मार्केट में आई गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण निवेशकों ने आज 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा कमा लिया। दिनभर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, एनर्जी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर आईटी, फार्मास्यूटिकल, टेक और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारों का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.41 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद छोटे और मंझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 401.66 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 398.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.35 करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,074 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,810 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,147 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 117 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,609 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,005 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 604 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 13 शेयर बढ़त के साथ और 17 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

## भारत और नेपाल ने विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नये समझौते कर साझेदारी सुदृढ़ की

**नयी दिल्ली :** भारत और नेपाल के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण सहयोग के तहत, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नेपाल विज्ञान तथा प्रविधि प्रज्ञा प्रतिष्ठान (एनएएसटी) ने मंगलवार को यहां सीएसआईआर-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल) में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। सीएसआईआर की महानिदेशक और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) की सचिव डॉ. एन. कलैसेलवी और एनएएसटी के कुलपति प्रो. डॉ. दिलीप सुब्बा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए और दस्तावेज आदान-प्रदान किए। इस समझौते से द्विपक्षीय वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग बढ़ाने का व्यापक तंत्र स्थापित हुआ है। सीएसआईआर और एनएएसटी के बीच लंबे समय से सहयोग है। यह 1994 में आरंभ हुआ था, जब सीएसआईआर और तत्कालीन रोनास्ट अब एनएएसटी के बीच परस्पर हित के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए 1997 और 2002 में दो कार्यकारी योजनाओं पर हस्ताक्षर हुए। इसके अंतर्गत कई संयुक्त कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये, जो समझौते की निर्धारित अवधि से आगे भी जारी रहे। दोनों देशों के बीच नये समझौते का उद्देश्य सहयोग को फिर से सक्रिय और विस्तारित करना तथा दोनों देशों के संस्थानों के बीच वैज्ञानिक सहभागिता बढ़ाना है। वर्ष 2025 के समझौता ज्ञापन के तहत साझेदारी को विभिन्न सहयोगी गतिविधियों द्वारा क्रियान्वित किया जायेगा।

## जियो ने पेश किया 'जियोटेल ओएस' : भारत का नया स्मार्ट टीवी ऑपरेटिंग सिस्टम

- तेज परफॉर्मेंस और स्मार्ट कंटेंट का अनुभव देगा 'जियोटेल ओएस'




**मुम्बई :** जियो ने भारत के स्मार्ट टीवी उपभोक्ताओं के लिए 'जियोटेल ओएस' पेश किया है। यह नया ऑपरेटिंग सिस्टम तेज, स्मार्ट और उपयोग में आसान है, जिसे भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रख कर विकसित किया गया है। भारत में लगभग 3.5 करोड़ कनेक्टेड टीवी घर हैं, लेकिन कई उपभोक्ताओं को सीमित कस्टमाइजेशन, उच्च गुणवत्तावाले क्षेत्रीय कंटेंट की कमी और सुचारु अनुभव की समस्या का सामना करना पड़ता है। जियोटेल ओएस इन सभी चुनौतियों का समाधान लेकर आया है। इस ओएस में एआई-आधारित सिफारिशें मिलेंगी, जिससे उपभोक्ता अपनी पसंद का कंटेंट जल्दी और आसानी से ढूंढ सकेंगे। उपभोक्ता टीवी चैनल्स, क्लाउड गेम्स और ओटीटी एप्स का आनंद एक ही जगह पर ले सकेंगे। साथ ही, इसे समय-समय पर नये अपडेट्स मिलते रहेंगे, जिससे यह हमेशा नये एप्स और टेक्नोलॉजी के साथ अपग्रेड रहेगा। 21 फरवरी 2025 से यह ओएस थॉमसन, कोडक, बीपीएल और जेवीसी ब्रांड के स्मार्ट टीवी में उपलब्ध होगा। आनेवाले समय में और भी ब्रांड इससे जुड़ेंगे।

## सैंडविच जेनरेशन के 60% लोगों को भविष्य की फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंता

**रांची :** भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की जिंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60% उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि, चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लू, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफी नहीं है। सामान्य तौर पर 35 से 54 साल की उम्र के लोगों को सैंडविच जेनरेशन कहा जाता है, जिनके कंधों पर दो पीढ़ियों-यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने की जिम्मेदारी होती है। जीवन बीमा कंपनी ने ouGov के साथ मिल कर देश के 12 शहरों में इस जेनरेशन के 4,005 लोगों का एक सर्वे किया, ताकि उनके नजरिये, उनकी धारणा और वित्तीय तैयारी के स्तर को समझा जा सके।

## यूएई में ऑनलाइन बिकेगा कैम्पा, 'नून मिनट्स' 15 मिनट में करेगा डिलीवरी




**दुबई, यूएई/बेंगलुरू :** रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का ब्रांड कैम्पा अब यूएई के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'नून मिनट्स' पर भी उपलब्ध होगा। यूएई के ग्राहकों को कैम्पा की डिलीवरी 15 मिनट से भी कम समय में मिलेगी। कम्पनी का दावा है कि यह रणनीतिक सहयोग ह्यनून मिनट्सह्य के पेय पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। एक दिन पहले ही यानी मंगलवार को कम्पनी ने कैम्पा को यूएई के बाजारों में उतारने की घोषणा की थी। अली काफिल-हुसैन, चीफ ऑफ स्टाफ, नून ने कहा कि, नून मिनट्स ग्राहकों को उनके पसंदीदा उत्पाद तुरंत पहुंचता है। कैम्पा हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। हम इस पेय को यूएई में लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह साझेदारी एक मील का पत्थर साबित होगी क्योंकि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक लोग तेजी से कैम्पा का आनंद उठा सकें। हमारा मिशन है - ग्राहकों तक कहीं अधिक तेजी से बेहतरीन उत्पाद पहुंचाना।

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा कि, ₹हम नून मिनट्स के साथ कैम्पा की विशेष साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। हम यूएई में अपनी उपस्थिति बढ़ाते जा रहे हैं और ई-कॉमर्स अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने की हमारी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इनोवेशन और मजबूत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मशहूर नून, यूएई में उपभोक्ताओं तक कैम्पा की रेंज को आसानी से पहुंचाने के लिए एक आदर्श भागीदार है।

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कैम्पा कोला, कैम्पा लेमन और कैम्पा ऑरेंज उपलब्ध होंगे। यह विशेष रूप से नून मिनट्स के नून सुपरऐप के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराये जायेंगे। पूरे यूएई में 15 मिनट या उससे कम समय में ऑर्डर डिलीवर होंगे।

## एसआईपी: कोटक म्यूचुअल फंड निवेश के एक प्रभावी विकल्प के रूप में एसआईपी को दे रहा है बढ़ावा




**रांची :** कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल ईयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कोटक म्यूचुअल फंड की स्कीम के बेहतर प्रदर्शन और फोकस्ड प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी (केंद्रित उत्पाद रणनीति) ने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में इसके फुटप्रिंट का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी के सभी एसेट क्लास में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 25 जनवरी, 2025 तक, कोटक म्यूचुअल फंड के पास 45 लाख से अधिक एसआईपी फोलियो हैं, जिनके माध्यम से निवेशक नियमित रूप से इसकी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश कर रहे हैं। कोटक फ्लेक्सी कैप फंड, कोटक ब्लूचिप फंड, कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे प्रोडक्ट कोटक म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच बेहद पॉपुलर हो चुके हैं।

## दीक्षा धामी ने जयपुर में हुई शूटिंग को लेकर अनुभव किया साझा



**मुंबई :** जीवन में आने वाला बदलाव भी हमें कई बार नए अनुभव और जीवन से जुड़ी अनमोल सीख दे जाता है। शो 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' में चैना की मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री दीक्षा धामी के साथ हुआ। दरअसल, जब जयपुर में इस शो की शूटिंग चल रही थी, उस दौरान दीक्षा ने वहां कई खूबसूरत अनुभव लिए। राजस्थान की खूबसूरत संस्कृति के बीच के ये अनुभव न सिर्फ खास थे, बल्कि इससे उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में सीखने का भी अवसर मिला। दीक्षा धामी ने कहा, जयपुर के आसपास के गांवों में शूटिंग करना हमारे लिए अद्भुत अनुभव था। वहां के पारम्परिक खेत, किले और खूबसूरत संस्कृति ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया। शूटिंग के आखिरी दिन हमने जयपुर के रंगीन बाजारों की सैर की और वहां की खूबसूरत ज्वेलरी और कपड़े खरीदे, जिसने इस यात्रा को और भी खास बना दिया।

# रांची में जीरो एमिशन ट्रकों पर वर्कशॉप, हरित परिवहन को मिलेगा बढ़ावा




**रांची :** स्मार्ट फ्रेट सेंटर इंडिया (एसएफसी) ने रांची में जीरो एमिशन ट्रकों (जेडईटी) पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया। यह वर्कशॉप भारत में मध्यम और भारी ट्रकों (एमएचडीटी) में जेडईटी को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा थी। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सहयोग से हुई इस चर्चा में परिवहन जगत के प्रमुख विशेषज्ञों ने जेडईटी अपनाने में आ रही चुनौतियों, संभावनाओं और आवश्यक कदमों पर अपने विचार रखे। यह वर्कशॉप नीति आयोग के ई-फास्ट पहल के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य देशभर में जेडईटी को लेकर जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े तकनीकी व संचालन पहलुओं पर चर्चा करना है। इस दौरान वैश्विक परिवहन प्रणाली में हो रहे बदलाव, भारत सरकार की ई-ट्रक पहल, शहरों में जेडईटी अपनाने के मौके और इनके संचालन से जुड़े जोखिमों पर मंथन हुआ। एसएफसी ने बोधि को नॉलेज पार्टनर के रूप में शामिल कर झारखंड में हरित लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाया। इस वर्कशॉप में एक विशेष राउंडटेबल चर्चा आयोजित की गई, जिसका संचालन श्री शरत सिंह (ग्रामीण विकास सलाहकार, रांची, जीआईजेड इंडिया) ने किया। इस चर्चा में प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें श्री नितीश कुमार (आईएफएस, डीएफओ, रामगढ़, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड), रविंद्र कुमार (जेएएस, डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर, नगर निगम, रांची), अतिलेश गौतम (इलेक्ट्रिकल एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सह एसडीए प्रभारी, जेरेडा, रांची), श्री मुन्ना झा (बिहार एवं झारखंड के क्लाइमेट एक्शन प्रमुख, एएसएआर) और डॉ. शशिधर झा (डायरेक्टर, रिसर्च एंड नॉलेज प्रोडक्ट्स, बोधि) शामिल रहे। चर्चा के दौरान विशेषज्ञों ने जेडईटी को अपनाने में आ रही चुनौतियों, समाधान और दीर्घकालिक पर्यावरणीय एवं आर्थिक लाभों को लेकर अपने विचार साझा किए। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के निदेशक, सुशांत गौरव (आईएएस) ने अपने भाषण के दौरान कहा, झारखंड सतत विकास की दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रतिबद्ध है, और शून्य-उत्सर्जन ट्रकों जैसी पहल इसमें अहम् भूमिका निभायेगी। हमारा राज्य खनिज संपदा से समृद्ध है, जिसमें 18 दुर्लभ खनिज तत्व शामिल हैं, जो हमें स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में एक महत्वपूर्ण स्थिति में रखते हैं। हम अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देकर एक बेहतर भविष्य के अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## पेज एक के शेष

**वायु सेना के राफेल फाइटर जेट हवा में ही ईंधन भरने की तकनीक से होंगे लैस...**

जेट विमानों को हवा में ईंधन भरने में सक्षम हो जायेगी।
रक्षा सूत्रों ने बताया कि नौसेना के लिए इस सौदे से भारतीय वायुसेना को अपने राफेल बेड़े के सॉफ्टवेयर को उन्नत करने और संचालन में सहायता के लिए बहुत सारे जमीनी उपकरण मिलेंगे। सरकार से सरकार के बीच होने वाले इस सौदे के तहत नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर राफेल मरीन जेट मिलेंगे और 4.5 प्लस जनरेशन राफेल को अपने डेक से संचालित करने के लिए वाहक पर बहुत सारे उपकरण लगाने की आवश्यकता होगी। नौसेना वर्तमान में मिग-29के का संचालन करती है, जिसे निकट भविष्य में केवल आईएनएस विक्रमादित्य से संचालित किया जाना है।

**रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री, आज लेंगी शपथ...**

रेखा गुप्ता दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा गुप्ता दक्षिण दिल्ली नगर निगम की मेयर भी रह चुकी हैं।
रेखा गुप्ता की पढ़ाई की बात करें, तो उन्होंने एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की है। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के जुलाना उपमंडल के नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। वह बचपन में ही पिता के साथ दिल्ली आ गयीं। छात्र जीवन में एबीवीपी से राजनीति में एंट्री की। वह दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की सचिव रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता के पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर थे। इसी नौकरी के दौरान उनके पिता परिवार को लेकर दिल्ली शिफ्ट हो गये। दिल्ली विधानसभा का चुनाव रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार वंदना कुमारी को हरा कर जीता है। रेखा गुप्ता को कुल 68,200 वोट मिले थे, जबकि आआपा की वंदना कुमारी 38,605 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रही थीं। यहां से कांग्रेस के प्रवीण कुमार जैन 4892 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर थे।

**'सोल' लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन कल...**

दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करेंगे और नेतृत्व से सम्बन्धित पहलुओं पर चर्चा करेंगे।
यह कॉन्क्लेव सहयोग एवं वैचारिक नेतृत्व के एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा, जिससे युवा दर्शकों को प्रेरित करने के लिए विफलताओं और सफलताओं ; दोनों से सीखने में मदद मिलेगी।

**गिरिडीह में सड़क हादसे में बैक प्रबंधक समेत छह की मौत...**

पुलिस के अनुसार, स्कॉर्पियो में सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा बैक मेनेजर केनरा बैक इसरी बाजार शांखा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह) और गुलाब कुमार (इसरी बाजार) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो सकी है। बाइक सवार मृतकों में मधुबन थाना क्षेत्र के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व. लाटो मियां) शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और मृतकों के परिजनों को सूचना भेजी गयी है।

**भारत अब कई क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है : डॉ. जितेन्द्र...**

के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया, उसने इसरो को चंद्र अन्वेषण में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। नासा सहित दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियां अब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से भारत के निष्कर्षों की प्रतीक्षा कर रही हैं, जो एक बहुत महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है और यह अंतरिक्ष अनुसंधान में देश के बढ़ते प्रभुत्व को रेखांकित करता है।
जैव प्रौद्योगिकी और जैव अर्थव्यवस्था में भारत की अग्रणी भूमिका की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत डीएनए आधारित कोविड-19 वैक्सीन विकसित करनेवाला पहला देश बन गया है और यह वैक्सीन अनुसंधान और विकास में देश की अग्रणी भूमिका को दर्शाता है। इसके अलावा भारत ने सर्वाइकल कैंसर के लिए पहला हर्पीसवायरस वैक्सीन पेश किया है, जो निवारक स्वास्थ्य सेवा में अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर आज लगभग 140 बिलियन डॉलर हो गयी है और आनेवाले वर्षों में इसके 250 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बायोटेक स्टार्टअप की संख्या 2014 में केवल 50 थी और यह अब बढ़ कर लगभग 9,000 हो गयी है, जो भारत को बायोटेक नवाचार के लिए एक वैश्विक केन्द्र बनाता है। जैव-विनिर्माण में भारत अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तीसरे स्थान पर और वैश्विक स्तर पर 12वें स्थान पर है और इस क्षेत्र में इसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है।
डॉ. सिंह ने कहा कि इसरो और जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने अंतरिक्ष जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं, जो दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों को बनाए रखने के लिए अंतरिक्ष में पौधे उगाने पर ध्यान केन्द्रित करता है। अंतरिक्ष चिकित्सा और ग्रहतीत वातावरण में मानव शरीर विज्ञान का अध्ययन अनुसंधान का एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र बन रहा है और भारत अब केवल उनका अनुसरण करने के बजाय वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम, जिसे कभी संदेह की दृष्टि से देखा जाता था, अब अपने शांतिपूर्ण और संधारणीय महत्त्वाकांक्षाओं के लिए पहचाना जाता है। देश ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसका उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को 50 प्रतिशत तक कम करना है, यह एक ऐसी प्रतिबद्धता है, जो वैश्विक जलवायु रणनीतियों को प्रभावित कर रही है। विश्व ने अब भारत की परमाणु नीति को स्वीकार कर लिया है, जिसकी परिकल्पना होमी भाभा ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए की थी, जो उत्तरदायी ऊर्जा विकास के लिए एक मॉडल है। उन्होंने कहा कि भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को वैश्विक मान्यता मिल रही है और अब हमारा देश वैज्ञानिक प्रकाशनों के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर है। अनुमान है कि 2030 तक भारत संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ कर वैज्ञानिक अनुसंधान में दुनिया का शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा, 'घड़ी 360 डिग्री घूम चुकी है। पहले हम दूसरों से सीखते थे, अब दुनिया हमारी तरफ देख रही है। ज्ञान का आदान-प्रदान दोनों ओर से हो रहा है।'

**झारखंड का 23 साल से फरार नक्सली कमांडर गिरफ्तार...**

कमांडर नियुक्त किया गया। उन्होंने 12 सशस्त्र नक्सलवादियों का नेतृत्व किया। वह कई हिंसक गतिविधियों में शामिल है, जिनमें सुरक्षा बलों पर हमले, जबरन वसूली और सरकारी सम्पत्ति की तोड़फोड़ शामिल है।
पुलिस अधीक्षक चिंता ने बताया कि झारखंड पुलिस के रिकार्ड के अनुसार उसके खिलाफ सात गम्भीर अपराध दर्ज हैं। झारखंड के हजारीबाग जिले के पुलिस अधीक्षक ने तुलसी की शिनाख्त कर ली है। कुमार चिंता ने बताया कि पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए तुलसी मुम्बई गया था और फिर वहां से यवतमाल जिले में आ गया था। इसके बाद तुलसी अपनी पहचान छिपाने के लिए यवतमाल के लकड़गंज इलाके में आया था। इसके बाद तुलसी ने एक मृत व्यक्ति के आधार कार्ड पर अपनी तस्वीर लगा कर पहचान पत्र बना लिया। इसी आधार पर तुलसी ने अपना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल किया था। इसके बाद तुलसी ने यवतमाल में दूसरी शादी भी की थी, जबकि उसका परिवार झारखंड में था।

**कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को खड़गे ने चेताया, कहा...**

संगठन के प्रति वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हैं। संगठन को राज्य मुख्यालय से बूथ तक जल्द से जल्द मजबूती से खड़ा करना होगा। इस काम के लिए खुद बूथ तक जाना होगा, मेहनत करनी होगी और कार्यकर्ताओं से सम्पर्क साधना होगा। अगर आप खुद निचले स्तर पर बूथ, मंडल और ब्लॉक स्तर पर जायेंगे, जिला और राज्य स्तर पर जायेंगे, तो वहां नये लोगों को जोड़ पायेंगे। भरोसेमंद और विचारों से मजबूत लोगों को अपने साथ ला पायेंगे। पार्टी के आनुषंगिक संगठनों को इसमें भागीदार बनाना होगा। श्रमिक संगठन इंटक की चर्चा करते हुए खड़गे ने कहा कि वे हमारे अहम हिस्सा हैं, उन्हें भी संगठन निर्माण में भागीदार बनाइए। ऐसे लोग, जो पार्टी के लिए बहुत कारगर हो सकते हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिला, तो उन्हें आप आगे ला सकते हैं।
उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस के आदर्शों के प्रति संकल्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाना चाहिए, जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह हमारे साथ खड़े रहें। इन दिनों पार्टी का 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। यह अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, नुक्कड़ सभा जैसी गतिविधियां चलायी जा सकती हैं लेकिन ऐसे हर कार्यक्रम का लक्ष्य संगठन का सशक्तीकरण होना चाहिए। खड़गे ने लोकसभा में राहुल गांधी के उस सवाल का जिक्र किया, जिसमें राहुल ने चुनावों में मतदाता सूचियों में हेरफेर का मुद्दा उठाया था। इसी तरह मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन समिति से सीजेआई को बाहर करने की चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को मोदी सरकार रोकने में विफल साबित हुई है। अमेरिका द्वारा अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ठीक तरीके से विरोध दर्ज नहीं करा सकी। आर्थिक मामलों में भी अमेरिका हम पर गहरी चोट कर रहा है। हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। अमेरिका हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहा है, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। यह साफ-साफ हिन्दुस्तान और हिन्दुस्तान के लोगों का अपमान है। खड़गे ने जोर देकर कहा कि देश में जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए अगले 05 साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आन्दोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।

**03 लाख करोड़ रुपये का व्यापार, आस्था से अर्थव्यवस्था तक का अद्भुत संगम...**

रुपये के व्यापार की सम्भावना थी, लेकिन देशभर में इस आयोजन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह के कारण अब 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है, जिससे कुल व्यापार 03 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की सम्भावना है।
महाकुम्भ 2025 के दौरान कई व्यापारिक क्षेत्रों में बड़ा आर्थिक उछाल देखने को मिला। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं...

**150 किमी तक हुआ प्रभाव**

**महाकुम्भ** के कारण केवल प्रयागराज ही नहीं, बल्कि 150 किमी के दायरे में स्थित शहरों और कस्बों में भी व्यापार में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा, अयोध्या, वाराणसी और अन्य धार्मिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जिससे वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है।

**यूपी सरकार का बुनियादी ढांचे पर 7500 करोड़ का निवेश**

**महाकुम्भ** को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के सड़क, फ्लाईओवर और अंडरपास के निर्माण एवं सुधार पर 7500 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। इस राशि में से 1500 करोड़ रुपये विशेष रूप से महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए आवंटित किये गये थे। इससे न केवल प्रयागराज में, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी यातायात और नागरिक सुविधाओं में सुधार हुआ है।

## एक झलक

### आपको शुरू नहीं करनी थी जंग : ट्रंप

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन पर निशाना साधा है। उन्होंने युद्ध के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराकर कहा कि कीव पहले समझौता कर सकता था। राष्ट्रपति ट्रंप का यह बयान रियाद में युद्ध को समाप्त करने के लिए हुई अमेरिका-रूस वार्ता के बाद आया। हालांकि इसमें कीव को शामिल नहीं किया गया था, इसकी यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने निंदा भी की। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि उनके देश को रूस के साथ जंग खत्म करने के लिए होने वाली वार्ता में आमंत्रित नहीं किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की की प्रतिक्रिया पर निराशा दिखाकर ट्रंप ने कहा, मैंने सुना है कि वे सीट न मिलने से परेशान हैं, हालांकि उनके पास तीन साल और उससे भी पहले से सीट है।

### ट्रंप को अपने कर्मचारियों पर भरोसा नहीं

**वाशिंगटन** : अमेरिका की ट्रंप सरकार शुरूआत से ही एक्शन मोड में है। अवैध प्रवासियों से लेकर ड्रग तस्करी और टैरिफ के मुद्दे पर ट्रंप प्रशासन काफी सख्त दिख रहा है। इस बीच अब खबर है कि गोपनीय फाइलों को लीक होने से बचाने के लिए ट्रंप सरकार पॉलीग्राफ टेस्ट का सहारा लेने जा रही है। इसके लिए अमेरिकी गृह मंत्रालय ने कर्मचारियों को चेतावनी देकर कहा है कि सरकारी गोपनीय दस्तावेजों को लीक होने से बचाने के लिए पॉलीग्राफ टेस्ट की मदद ली जाएगी। ट्रंप सरकार में गृहमंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि कर्मचारियों को हर कीमत पर पॉलीग्राफ टेस्ट से गुजरना पड़ेगा। गृह मंत्रालय की असिस्टेंट सेक्रेटरी ट्रिसिया मैकलॉफलिन ने इस योजना की पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी एजेंसी है।

### आतंकवाद पर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा

**म्यूनिख** : भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को लताड़ा है। इस बैठक की अध्यक्षता चीन कर रहा था, लेकिन बैठक में भारतीय राजनयिक ने कहा कि भारत लंबे समय से पाकिस्तान में सक्रिय जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों की हरकतों से पीड़ित है। इसके बाद भी जब पाकिस्तान कहता है कि वह दहशतगर्दों से निपटने की कोशिश कर रहा है तो यह बड़ी विडंबना है। बैठक में चीन भारत की बातों को चुपचाप सुनता रहा।

### किशिदा पर हमले के दोषी शख्स को 10 साल की सजा

**टोक्यो** : जापान के पूर्व प्रधानमंत्री फोमियो किशिदा पर हमले के दोषी शख्स को 10 साल की सजा सुनाई गई है। वाकायामा जिला अदालत ने सजा का ऐलान किया। हमलावर का नाम रयूजी किमुरा (25) है।

दरअसल 15 अप्रैल 2023 को वाकायामा शहर में एक चुनावी रैली के दौरान किशिदा पर एक स्मोक बम फेंका था। इस हमले में किशिदा बच गए थे, लेकिन 2 अन्य लोग घायल हुए थे। किमुरा को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार किया था। उसके बैग से एक चाकू भी बरामद किया गया था। फरवरी की शुरूआत में मुकदमे की सुनवाई के दौरान, किमुरा ने हत्या की कोशिश के आरोप से इंकार किया था। आरोपी ने दावा किया कि उसका इरादा किशिदा को मारने का नहीं था।

### पोप फ्रांसिस के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया

**वेटिकन सिटी** : कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस (88) के दोनों फेफड़ों में गंभीर निमोनिया हुआ है, इसकारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वेटिकन के अधिकारियों ने बताया कि वे पिछले एक हफ्ते से फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे हैं और उन्हें शुक्रवार को रोम के एक अस्पताल में भर्ती किया गया। सूत्रों के मुताबिक, पोप फ्रांसिस को तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल ले जाया गया था।

# भारत-मलेशिया रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय जुड़ाव और उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ायेंगे

- साइबर सुरक्षा और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने पर भी हुई चर्चा



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को कुआलालंपुर में 13वीं रक्षा सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता की। मलेशिया की ओर से रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी एवं व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित जुड़ाव के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर खुशी जताई। इसके साथ ही रक्षा

उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संबंधों में मौजूदा सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। दोनों पक्ष गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए

संयुक्त समूह बनाने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने पर प्रतिबद्धता जताई, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने अगस्त, 2024 में उनकी भारत यात्रा के दौरान कल्पना की थी। बैठक में भारत और मलेशिया ने रणनीतिक

मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से तैयार शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए दो उप-समितियों के बीच परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। यह फोरम लड़ाकू विमान सुखोई-30 के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग करेगा। रक्षा सचिव सिंह ने भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमता, विशेष रूप से मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम-प्लस) की अध्यक्षता संभालने पर मलेशिया को बधाई देते हुए इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। रक्षा सचिव ने मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र की उभरती गतिशीलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है।

# प्रयागराज के किसी भी गुनहगार को बख्शा नहीं जायेगा : योगी

**बजट सत्र**

- जिन्होंने रात में चुन-चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं
- यूपी विधान सभा में गूंजा कुम्भ का मुद्दा, विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने किया पलटवार



एजेंसी

**लखनऊ** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सदन में कुंभ पर चर्चा कराए जाने की मांग प्रस्ताव पर बालते हुए कहा कि सनातन के आयोजन को भव्यता से करना क्या कोई अपराध है, अगर है तो इसको हमारी सरकार कर रही है, आगे भी करेगी। योगी ने कहा कि सदन को आश्वस्त करता हूं कि अगर प्रयागराज कुंभ का जो भी गुनहगार होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा, वह कोई भी हो, कितना भी बड़ा क्यों न हो। मुख्यमंत्री ने कुछ पंक्तियां पढ़कर विपक्ष पर हमला बोला-बड़ा हसीन है, इनकी जबां का जादू..लगा के आग, बहारों की बात करते हैं,जिन्होंने रात में चुन चुन कर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं... नेता सदन ने कहा कि जिस समय यह चर्चा चल रही है, उस समय संगम में 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। जब आस्था के खिलाफ अनर्गल प्रलाप करते हैं तो यह 56 करोड़ की आस्था के खिलाफ है। यह किसी सरकार का आयोजन नहीं है, सरकार पीछे से सहयोग कर रही है। हमारी सनातन के प्रति श्रद्धा का भाव है। अफवाहों को दरकिनार करते हुए आम जनमानस ने सफलता की ऊंचाई पर पहुंचाया है। बुधवार को दोपहर तक 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। हमारी सम्वेदनाएं उन सभी श्रद्धालुओं के साथ है जो 29 तारीख की भगदड़ में शिकार हुए या अन्य सड़क दुर्घटनाओं में हताहत हुए। सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने झूठी अफवाहें फैलाने के लिए विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि काहिरा का वीडियो महाकुंभ के साथ जोड़ा गया। नेपाल झारखंड की अन्य घटनाओं के वीडियो महाकुम्भ का बताया गया। योगी ने कहा कि ये लोग महाकुम्भ का विरोध पहले दिन से कर रहे थे। पिछले सत्र में हम चर्चा करवाने को तैयार थे, लेकिन इन्होंने चर्चा में भाग नहीं लिया, भाग खड़े हुए। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पहले बयान दिया कि इतना पैसा और इतना विस्तार देने की क्या जरूरत है ? सपा के सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करता है। यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे। इनका बयान है जो सरकार स्नान के आंकड़े बता रही है, मरने वालों का आंकड़ा भी बता दें ?

उन्होंने कहा कि आपका दुष्प्रचार हमको बुरा नहीं लगता, क्योंकि हमको पता है कि आपकी सोच है, संक्रमित व्यक्ति का कोई उपचार नहीं होता, वो अपने आप ही कुढ़ता रहेगा। महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास से, विरोध से और अंततः स्वीकृति से।

### सनातन के आयोजन को भव्यता से करना क्या कोई अपराध है ?

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि इनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव को महाकुंभ फालतू दिखाई देता है। इनकी एक सहयोगी आकर कहती हैं कि महाकुंभ मृत्यु कुम्भ है। इनकी एक नेत्री जया बच्चन का बयान कि शवों को गंगा में बहा दिया गया। इससे पानी प्रदूषित हो गया है। ये बयान सपा के सहयोगी आरजेडी टीएमसी और अन्य लोगो के हैं। मुख्यमंत्री ने सवाल के लहजे में कहा कि सनातन के आयोजन को भव्यता से करना क्या कोई अपराध है, अगर है तो इसको हमारी सरकार कर रही है, आगे भी करेगी।

# भारत और मिस्र स्पेशल फोर्सेज ने अभ्यास के दौरान किया सायक्लोन -3 का कठिन प्रशिक्षण



एजेंसी

**बीकानेर** : भारत-मिस्र स्पेशल फोर्सेज अभ्यास सायक्लोन का तीसरा संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा है। यह 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास 23 फरवरी को समाप्त होगा। डिफेंस पीआरओ कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार यह उच्च-तीव्रता वाला अभ्यास भारत और मिस्र के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है, जो सैन्य सहयोग को मजबूत करता है और दोनों देशों की विशिष्ट बलों के बीच पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाता है।


₹कंटिजेंट्स ट्रेन हार्डर₹ पर केंद्रित अभ्यास में, दोनों देशों की सेनाएँ कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही हैं, जिसका उद्देश्य जॉइंट ऑपरेशन क्षमताओं को मजबूत करना है। इस अभ्यास का प्रमुख लक्ष्य पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाना, सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना और स्पेशल फोर्सेज के अभियानों में युद्धकला, तकनीकों और प्रक्रियाओं (टीटीपीज) की आपसी समझ को बढ़ाना है। इस अभ्यास में क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) ड्रिल, सर्वाइवल तकनीक, कॉम्बैट मेडिकल स्किल्स और डिमोलिशन ट्रेनिंग का जॉइंट प्रशिक्षण दिया गया। इन उच्च तीव्रता वाले अभ्यासों का उद्देश्य सैनिकों की क्षमता को बढ़ाना था, ताकि वे रेगिस्तानी और अर्ध-रेगिस्तानी इलाकों में जटिल परिस्थितियों में प्रभावी तरीके से प्रतिक्रिया कर सकें।

डिफेंस के मुताबिक प्रशिक्षण सत्रों में तेजी, सहनशक्ति और सटीकता पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि दोनों दल वास्तविक युद्ध स्थितियों में एकजुट होकर बिना किसी रुकावट के काम कर सकें। क्लोज क्वार्टर बैटल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण यह है कि यह सैनिकों की क्षमता को बढ़ाता है, ताकि वे सीमित और शहरी वातावरण में कम रिएक्शन समय में दुश्मनों से निपट सकें।

### हिमाचल में बर्फबारी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश में मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। अगले छह दिनों तक राज्य में खराब मौसम रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 20 फरवरी के लिए भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही अंधड़ और बिजली चमकने की चेतावनी भी दी गई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के पूवानुर्मान के अनुसार शिमला, चंबा, कुल्लू, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में बर्फबारी होने की आशंका है। इसके अलावा अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भी बर्फबारी देखने को मिल सकती है।

## संघ के सह क्षेत्र संघचालक रामकुमार का निधन, सरसंघचालक ने किया शोक व्यक्त



एजेंसी

**लखनऊ** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व सह क्षेत्र संघचालक रामकुमार वर्मा(82) के निधन पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने गहन शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भूतपूर्व सह क्षेत्र संघचालक रामकुमार वर्मा मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर के महमूदाबाद कस्बा अंतर्गत पोखरा कला गांव के निवासी रहे।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने अपने शोक संदेश में कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व सह क्षेत्र संघचालक रामकुमार के निधन का समाचार पाकर अतीव दुःख हुआ। एक श्रेष्ठ एवं समर्पित स्वयंसेवक की जीवन यात्रा का अन्त हो गया। रामकुमार सभी कार्यकताओं के लिए अभिभावक ही थे। उनका प्रेरणादायी व्यक्तित्व, कार्य के प्रति असीम लगन, परिश्रम की पराकाष्ठा सदैव स्मृति में रहेंगी। वे पूर्वी उत्तर प्रदेश के संघ कार्य के एक महत्वपूर्ण कड़ी रहे।

# एमपी सरकार की दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि



- केन्द्रीय गृह मंत्री शाह की उपस्थिति में मप्र दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य 25 फरवरी को होगा सहकारिता अनुबंध

एजेंसी

**भोपाल** : केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आगामी 25 फरवरी को एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी। यह जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक बयान में कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंत्रि-परिषद द्वारा एम.पी. स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य होने वाले सहकारिता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दे दी गयी है। अब यह अनुबंध निस्पादत किया जा रहा है। इस अनुबंध की अवधि पांच वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी।

### पंजाब पुलिस ने दस किलो हेरोइन समेत एक तस्कर दबोचा

**चंडीगढ़** : काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने एक नशा तस्कर को 10 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर सीमा पार से संचालित हो रहे नशा तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान हरमनदीप सिंह के रूप में हुई है, जो अमृतसर के गांव घुम्मनपुरा का निवासी है। उसके पास से हेरोइन बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उसकी मोटरसाइकिल (पी बी 02 ई डबल्यू 5675), जिस पर वह सवार था, को भी जब्त कर लिया है।

# अनन्या ने अपने दोस्त के साथ शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई** : अनन्या पांडे ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिनमें वह अपने डॉग्स के साथ मस्ती करती नजर आईं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या ने कैप्शन में पपी लव लिखा और साथ ही लाल दिल वाला इमोजी भी जोड़ा। वेलेंटाइन डे के मौके पर जहां हर कोई अपने खास लोगों के साथ समय बिता रहा था, वहीं अभिनेत्री अनन्या पांडे ने यह दिन अपने प्यारे पालतू जानवरों के साथ मनाया। अभिनेत्री की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलिब्रिटीज और फैंस ने प्यार लुटाया। उनकी सबसे करीबी दोस्त सुहाना खान ने पोस्ट पर कमेंट किया, जबकि उनकी मां भावना पांडे ने भी कई इमोजी के जरिए अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके अलावा, फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स फेम महीप कपूर ने भी पोस्ट पर प्यार जताया। अनन्या अक्सर अपने पालतू जानवरों के साथ तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं। इससे पहले भी उन्होंने अपने एक डॉग की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था, दोस्तों, मेरे बेबी जान को नमस्ते कहो, यह सबसे प्यारा छोटा लड़का है और मैं इसे बहुत प्यार करती हूं। अगर अनन्या के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अनन्या जल्द ही अक्षय कुमार और आर. माधवन के साथ निर्देशक करण सिंह त्यागी की आगामी फिल्म में नजर आएंगी। यह फिल्म मशहूर वकील सी. शंकरन नायर के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने 1920 के दशक में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ी थी।



# केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल राष्ट्र को किया समर्पित



- 'उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित अंतदेर्शीय जलमार्गों से भारत में लॉजिस्टिक्स विकास से 'विकसित भारत' की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृष्टि को साकार रूप मिलेगा
- 'जोगीघोपा में नया टर्मिनल पूर्वी भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए गेम चेंजर साबित होगा। यह भारत, भूटान और बांग्लादेश के बीच त्रिपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देगा।
- जोगीघोपा टर्मिनल का निर्माण 82 करोड़ से अधिक की लागत से किया गया। कार्गो हैंडलिंग के लिए इलेक्ट्रिक लेवल लफिंग क्रेन के साथ आरसीसी जेटी से सुसज्जित।

एजेंसी

**जोगीघोपा** : केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने आज यहां जोगीघोपा में अंतदेर्शीय जलमार्ग टर्मिनल (आईडब्ल्यूटी) राष्ट्र को समर्पित किया। इस टर्मिनल का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2021 में किया था। भूटान में गलेफू से केवल 91 किलोमीटर, बांग्लादेश सीमा से 108 किलोमीटर और गोवाहाटी से 147 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह टर्मिनल रणनीतिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यह बांग्लादेश और भूटान के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में भी महत्व रखता है। जोगीघोपा टर्मिनल भारत एवं बांग्लादेश के बीच पीआईडब्ल्यूटीएंडटी के तहत घोषित बंदरगाहों में से एक है। वर्ष 2027 तक, इस टर्मिनल से लगभग 1.1 मिलियन टन प्रति वर्ष कार्गो हैंडलिंग का अनुमान है। इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने कहा, 'आज जबकि हम जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल को राष्ट्र को समर्पित कर रहे हैं, यह दिन देश के जलमार्ग परिवहन की दृष्टि से ऐतिहासिक महत्व रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील नेतृत्व में, जलमार्ग परिवहन में बड़े पैमाने पर बदलाव आ रहा है जो कि भारत के लॉजिस्टिक्स विकास को बढ़ावा देते हुए मोदी जी की विकसित भारत की दृष्टि को साकार कर रहा है। जोगीघोपा में आईडब्ल्यूटी टर्मिनल इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी में व्यापक रूप से बदलाव लाने के साथ-साथ भूटान और बांग्लादेश के साथ हमारे त्रिपक्षीय संबंधों को भी मजबूती देगा। इसकी रणनीतिक स्थिति के चलते यह इस क्षेत्र में आर्थिक तेजी लाएगा जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'पहले पड़ोसी' की नीति के अनुरूप है। भारतरणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अनेक परियोजनाओं तथा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार समेत अन्य पड़ोसी देशों के साथ समझौतों के जरिए बेहतर क्षेत्रीय व्यापार और निर्बाध परिवहन कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते हुए अपने आपको महत्वपूर्ण जलमार्ग गेटवे के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत के इन प्रयासों से दक्षिण एशिया के विकास और एकीकरण में योगदान के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक परिदृश्य की सस्टेनेबिलिटी को भी बढ़ावा मिलेगा। लगभग 82 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित जोगीघोपा आईडब्ल्यूटी टर्मिनल में एक आरसीसी जेटी और कार्गो हैंडलिंग के लिए इलेक्ट्रिक लेवल लफिंग (ईएलएल) क्रेन का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, इस टर्मिनल में एक प्रशासनिक इमारत, कस्टम्स कार्यालय की इमारत, इमीग्रेशन कार्यालय, ट्रक पार्किंग क्षेत्र, पावर बैक अप के साथ 1100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में भंडारण की सुविधा भी है।